वर्ष- 13 अंक - 236
लखनऊ, बुधवार 29 अप्रैल, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

देरी से गैस सिलेंडर मिलने पर महिलाओं का फूटा गुस्सा 10

को-ऑपरेटिव संघ चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत 03

-: सर्राफा बाजार :-

गोल्ड 24 कैरेट = 1,51,080/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,38,500/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,13,350/10 ग्राम
चांदी = 2,60,000/किग्रा

संक्षिप्त समाचार

राजा रघुवंशी हत्याकांड की आरोपित सोनम को मिली जमानत

शिलांग। मेघालय की राजधानी शिलांग की एक अदालत ने राजा रघुवंशी हत्याकांड में अहम फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपित सोनम रघुवंशी को जमानत दे दी है। वह अपने पति की हत्या के आरोप में पिछले कई महीनों से शिलांग जेल में थी। सोनम को चौथी जमानत याचिका पर यह राहत मिली। इससे पहले उसकी तीन याचिकाएं अदालत की ओर से खारिज कर दी गई थीं। पीड़ित के भाई विपिन रघुवंशी ने इस निर्णय की पुष्टि की है। सरकारी अधिवक्ता केसी गौतम ने इस बात की पुष्टि की कि सोनम को गिरफ्तार करने में प्रावधानों के अनुसार कार्य नहीं करने के कारण सोनम को जमानत मिली है।

अनिल अंबानी समूह की 3,034 करोड़ की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) की कंपनियों के खिलाफ जारी धनशोधन जांच के अंतर्गत 3,034.90 करोड़ रुपये की नई संपत्तियां जब्त की हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि ईडी ने मेसर्स रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड बैंक धोखाधड़ी मामले में पीएमएलए, 2002 के तहत 3,034.90 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी के मुताबिक कुर्क की गई संपत्तियों में मुंबई का एक फ्लैट, खंडाला का फार्महाउस, सानंद की जमीन, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के 7.71 करोड़ शेयर शामिल हैं। इस तरह रिलायंस अनिल अंबानी समूह से जुड़े मामलों में अब तक 19,344 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है।

लगातार दूसरे वर्ष तमिलनाडु ने दर्ज की डबल-डिजिट आर्थिक वृद्धि

चेन्नई। तमिलनाडु ने लगातार दूसरे वर्ष दो अंकों की आर्थिक वृद्धि दर हासिल कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राज्य के उद्योग मंत्री टी. आर. बी. राजा ने इस सफलता पर खुशी जताते हुए कहा कि यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि योजनाबद्ध विकास, मजबूत प्रशासनिक नेतृत्व और सतत औद्योगिक विस्तार का परिणाम है। केंद्रीय सांख्यिकी और योजना कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में तमिलनाडु ने 10.83 प्रतिशत की वास्तविक आर्थिक विकास दर दर्ज की है, जबकि देश की कुल राष्ट्रीय औसत आर्थिक विकास दर 7.4 प्रतिशत रही। इस प्रकार तमिलनाडु की विकास दर राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक है। इससे पहले वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य ने 11.19 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की थी, जो यह दर्शाती है कि राज्य लगातार मजबूत आर्थिक प्रदर्शन कर रहा है।

उत्तराखंड के चार धामों में भक्तों की भारी भीड़, श्रद्धालुओं की संख्या 3.57 लाख पार

देहरादून। उत्तराखंड में 19 अप्रैल से शुरू हुई चार धाम यात्रा के बाद से लगभग तीन लाख तीर्थयात्रियों ने चारों गढ़वाल हिमालयी धामों गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ के दर्शन किए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सोमवार शाम सात बजे तक चारों गढ़वाल हिमालयी धामों गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ और बदरीनाथ में कुल 3,57,007 तीर्थयात्री दर्शन के लिए आ चुके हैं। इस वर्ष 19 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट खुलने के साथ ही चार धाम यात्रा शुरू हुई थी।

महिला आरक्षण लागू करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा : मोदी

वाराणसी, समृद्धि न्यूज।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश को विकसित बनाने का क्रम अनवरत चल रहा है। उसका सबसे मजबूत स्तंभ भारत की नारी है। आज सभी माताओं, बहनों से एक महायज्ञ की शुरुआत के लिए आशीर्वाद लेने आया हूं।

यह लक्ष्य लोकसभा और विधान सभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करना है। हमने प्रयास किया लेकिन सपा और कांग्रेस जैसे दलों ने यह नहीं होने दिया। हम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए। आरक्षण लागू हो, इसमें मैं कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा।

▸ प्रधानमंत्री ने वाराणसी में नारी वंदन सम्मेलन को किया संबोधित-वाराणसी के लिए 6330 करोड़ की 163 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को बाबा विश्वनाथ की पावन नगरी वाराणसी में छह हजार 330 करोड़ की लागत वाली 163 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के बाद नारी वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी दो अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा रवाना किया। यह ट्रेनें बनारस से पुणे एवं अयोध्या से मुंबई के लिए चलेंगी। उन्होंने बनास डेयरी के तीन लाख 21 हजार 813 दुग्ध उत्पादकों को बोनस राशि का भी उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बनारस लोकोमोटिव वर्क्स ग्राउंड पर नारी वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी काशी माता श्रृंगार गौरी, अन्नपूर्णा, विशालाक्षी, माता संकटा और मां गंगा की दिव्य धरती है। प्रधानमंत्री मोदी ने भोजपुरी में माताओं, बहनों को प्रणाम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश को विकसित बनाने का क्रम अनवरत चल रहा है। उसका सबसे मजबूत स्तंभ भारत की नारी है। आज सभी माताओं, बहनों से एक महायज्ञ की शुरुआत के लिए आशीर्वाद लेने आया हूं। यह लक्ष्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करना है। प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण के मुद्दे पर कांग्रेस, सपा और टीएमसी समेत अन्य विपक्षी दलों को महिला विरोधी करार दिया।

उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण लागू करने का हमने प्रयास किया लेकिन सपा और कांग्रेस अन्य विपक्षी दलों ने यह नहीं होने दिया। हम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाए। आरक्षण लागू हो, इसमें कोई कोर कसर नहीं छोड़ूंगा। प्रधानमंत्री मोदी ने काशी में हुए विकास कार्यों को भी गिनाते हुए कहा कि इन कार्यों से यहां के लोगों को सबसे अधिक लाभ हो रहा है। हमारी काशी अविनाशी है। यह निरंतर चलने वाला शहर है। इसी तरह विकास का पहिया भी लगातार गतिमान है।

पीएम ने सिग्नेचर ब्रिज व सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का किया शिलान्यास



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई विकास कार्यों के साथ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और सिग्नेचर ब्रिज का भी शिलान्यास किया। गंगा नदी पर बनने वाला भारत का सबसे चौड़े और आधुनिक डबल-डेकर सिग्नेचर ब्रिज होगा। पांच सौ बेड वाला यह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पर 315 करोड़ की लागत आएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को वाराणसी में बनारस रेल इंजन कारखाना परिसर में आयोजित एक महिला सम्मेलन के दौरान कई विकास कार्यों के साथ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल और सिग्नेचर ब्रिज का शिलान्यास किया। इसी के साथ, संसदीय क्षेत्र वाराणसी में जनता के लिए अच्छे स्वास्थ्य सुविधा वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की मांग को प्रधानमंत्री मोदी ने पूरा कर दिया। पांच सौ बेड वाला यह सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पर 315 करोड़ की लागत आएगी। प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी में गंगा नदी पर बनने वाले भारत के सबसे चौड़े और आधुनिक डबल-डेकर सिग्नेचर ब्रिज का शिलान्यास किया। यह सिग्नेचर ब्रिज लगभग 25 सौ से 26 सौ करोड़ की लागत से तैयार होगा। वाराणसी में सिग्नेचर ब्रिज बनने के बाद राजघाट से पड़ाव को जोड़ने वाले पुराने मालवीय पुल पर से दबाव समाप्त होगा। सिग्नेचर ब्रिज को वाराणसी के नमो घाट से पड़ाव तक बनाया जाएगा। जिससे वाराणसी को जिला चंदौली और बिहार राज्य को जोड़ने में आसानी होगी। सिग्नेचर ब्रिज की खासियत है कि यह ब्रिज 1,074 मीटर लम्बा एक विशालकाय डबल-डेकर ब्रिज होगा। सिग्नेचर ब्रिज में ऊपरी हिस्से पर छह-लेन की सड़क और नीचे चार रेलवे ट्रैक होंगे। ब्रिज के एक छोर पर बजते हुए डमरू की आकृति दिखाई देगी। इस ब्रिज के बनने के बाद वाणिज्य कार्यों के लिए यातायात की सुविधा भी सुलभ हो जाएगी।

केंद्र सरकार सिक्किम में अवसंरचना सुविधाओं के विकास को दे रही है पूरी प्राथमिकता : पीएम

गंगटोक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिक्किम में स्वच्छता और सौंदर्य तथा राज्य के लोगों की सौम्यता की प्रशंसा करते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार राज्य में अवसंरचना सुविधाओं के विकास को पूरी प्राथमिकता दे रही है। श्री मोदी राज्य के 50 स्थापना दिवस समारोह के समापन के अवसर पर पूर्वाह्न यहां आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, एक सबसे अच्छी बात मुझे पूरे रास्ते भर दिखाई वह थी, सिक्किम की सड़कों की स्वच्छता... दूर-दूर तक कोई गंदगी नहीं.. वायु में भी स्वच्छता, सड़कों पर भी स्वच्छता.. सिक्किम के आप लोग प्रकृति के पक्के संरक्षक हैं.. आप सिक्किम के सच्चे दूत हैं। पीएम ने कहा कि हम सिक्किम के संपर्क सुविधाओं और यहां अवसंरचना पर सबसे ज्यादा ध्यान दे रहे हैं।

पुलिस में इसी वर्ष एक लाख नई भर्ती : योगी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को युवाओं को बड़ी खुशखबरी दी। उन्होंने युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि योग्य, क्षमतावान, स्वतः स्फूर्त भाव के साथ नौजवान यूपी पुलिस बल का हिस्सा बनना चाहता है और इसके लिए भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड युवाओं को अच्छा अवसर उपलब्ध कराएगा। उप्र पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड इस वर्ष एक लाख नई भर्ती करने जा रहा है। पिछले तीन दिन में यूपी होमगार्ड में 41 हजार भर्ती के लिए परीक्षा हुई। सिविल पुलिस, एसआई, होमगार्ड आदि की भर्ती प्रक्रिया तेजी से बढ़ी है।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालक प्रधान परिचालक यांत्रिक को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में नियुक्ति पत्र वितरित किए। सीएम ने सफल अभ्यर्थियों से कहा कि सभी चाहते थे कि ईमानदारी से भर्ती हो। डबल इंजन सरकार ने ऐसा माहौल बनाया है कि भर्ती निष्पक्ष व ईमानदारी से हुई।

▸ पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालकों, प्रधान परिचालकों यांत्रिक को मिले नियुक्ति पत्र

अब आपका भी दायित्व है कि साफ नीयत, ईमानदारी, पारदर्शिता के साथ यूपी पुलिस के माध्यम से सेवा देकर राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। हर भारतीय नागरिक जब अपने क्षेत्र में ईमानदारी से कर्तव्यों का निर्वहन करेगा, तब पीएम मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगी। किसी व्यक्ति, जाति, मत-मजहब का अहंकार या व्यक्तिगत इच्छा, राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकती।

यदि क्षमता है तो आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता

सीएम योगी ने कहा कि जिस निष्पक्षता से पुलिस भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई, वह 9 वर्ष पहले संभव नहीं थी। पहले प्रक्रिया ही सकुशल संपन्न नहीं होती थी। लेनदेन, नियुक्ति में भेदभाव होता था, परंतु अब पूरी प्रक्रिया में किसी को सिफारिश व पैसा नहीं देना पड़ता है। सिर्फ योग्यता, क्षमता व आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया संपन्न होती है। प्रदेश में ऐसा वातावरण तैयार किया गया है कि यदि क्षमता है तो आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। अब आपको भी शुद्ध नीयत के साथ कार्य करना है। कभी बीमारू राज्य रहा उत्तर प्रदेश सामूहिक प्रयास की बदौलत अब भारत के विकास में योगदान दे रहा है। सीएम योगी ने कहा कि परसों ही प्रदेश के 112 केंद्रों पर पुलिस के 60 हजार आरक्षियों की दीक्षांत परेड हुई, एक साथ 60 हजार आरक्षी उत्तर प्रदेश पुलिस बल का हिस्सा बने, जो फील्ड में मुस्तैदी से ड्यूटी करेंगे। 9 वर्ष में उत्तर प्रदेश पुलिस में 2.20 लाख से अधिक कार्मिकों की भर्ती संपन्न हुई है, जबकि देश के कई राज्यों में पुलिस की कुल इतनी स्ट्रेंथ भी नहीं है। सीएम ने नवचयनितों से कहा कि आपको देश की सबसे बड़ी सिविल पुलिस का हिस्सा बनने और दूरसंचार शाखा के जरिए 25 करोड़ की आबादी की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। 9 वर्ष पहले संकट था कि कहां ट्रेनिंग होगी, लेकिन अब इस दृष्टि से जगह की कमी नहीं रही। 2017 के पहले एक बार में 3 हजार पुलिस कार्मिकों की ही ट्रेनिंग करा सकते थे, लेकिन 2025 में एक साथ 60,244 पुलिस आरक्षियों की ट्रेनिंग यूपी के सेंटरों में हुई। इसके जरिए यूपी पुलिस ने दिखाया कि नीयत साफ़ नीति स्पष्ट और कार्य करने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो परिणाम लाया जा सकता है।

बंगाल में मतदान आज, कानून-व्यवस्था समेत कई मुद्दों पर जनता करेगी फैसला

एजेंसी, नई दिल्ली।

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान से पहले राज्य में कानून-व्यवस्था, कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या का मामला, तथा उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में कथित उत्पीड़न और दमन के मुद्दे फिर से चुनावी बहस के केंद्र में आ गए हैं। बुधवार को इन मुद्दों पर जनता अपना फैसला सुनाएगी।

विपक्षी दल लगातार इन घटनाओं को उठाकर तृणमूल कांग्रेस के 15 वर्षों के शासनकाल में हिंसा, डराने-धमकाने और महिलाओं के खिलाफअपराधों के आरोप लगा रहे हैं। राज्य की 294 विधानसभा सीटों में से 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान हो चुका है, जबकि शेष सीटों पर दूसरे चरण में बुधवार को वोट डाले जाएंगे। कोलकाता की सभी 11 विधानसभा सीटों पर बुधवार को मतदान होगा। इनमें काशीपुर बेलगछिया सीट भी शामिल है, जहां आरजी कर मेडिकल कॉलेज स्थित है। इसके अलावा संदेशखाली सीट पर भी मतदान होगा। काशीपुर बेलगछिया सीट लंबे समय से तृणमूल कांग्रेस का गढ़ रही है। 2021 विधानसभा चुनाव में तृणमूल उम्मीदवार ने भाजपा प्रत्याशी को 35 हजार से अधिक वोटों से हराया था। वहीं, संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस ने 2016 में वाम दलों का लंबा कब्जा खत्म किया था और 2021 में करीब 39,700 वोटों के अंतर से सीट बरकरार रखी थी। जनवरी 2024 में संदेशखाली उस समय सुर्खियों में आया था, जब राशन घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमला हुआ था। इस मामले में तृणमूल नेता शेख शाहजहां का नाम सामने आया था। बाद में उन्हें फरवरी 2024 के अंत में गिरफ्तार किया गया। इसके बाद इलाके में महिलाओं ने यौन शोषण और दुर्व्यवहार के आरोप लगाए, जिससे मामला और गरमा गया। विपक्ष ने इस पूरे मामले में राज्य सरकार पर आरोपियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया और जांच राज्य से बाहर कराने की मांग की थी। 2024 लोकसभा चुनाव में बशीरहाट सीट पर तृणमूल उम्मीदवार जीता था, लेकिन संदेशखाली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार को करीब 47.64 प्रतिशत वोट मिले थे और तृणमूल को केवल लगभग 8,400 वोटों की बढ़त मिली थी। उधर, कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में अगस्त 2024 में 32 वर्षीय इंटर्न डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। मामले की जांच हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई को सौंपी गई थी। पीड़िता की मां अब भाजपा उम्मीदवार के रूप में पनिहाटी विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं।

अराघची ने पुतिन से की मुलाकात



एजेंसी, मॉस्को।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मुलाकात की और एकजुटता दिखाने और कूटनीति समर्थन देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

श्री अराघची ने सोमवार को सेंट पीटर्सबर्ग में श्री पुतिन से यह मुलाकात की। उन्होंने एक्स पर कहा, इस इलाके में बड़े उतार-चढ़ाव के बीच रूस के साथ उच्चतम स्तर पर बातचीत करके खुशी हो रही है। हाल की घटनाओं ने हमारी रणनीतिक साझेदारी की गहराई और मजबूती को दिखाया है। जैसे-जैसे हमारा रिश्ता बढ़ रहा है, हम एकजुटता के लिए शुक्रगुजार हैं और कूटनीति के लिए रूस के समर्थन का स्वागत करते हैं। उन्होंने श्री पुतिन और रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ अपनी तस्वीरें भी साझा की।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की एयरोड्रोम सुरक्षा योजना को बीसीएएस की मंजूरी

एजेंसी, नई दिल्ली।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से अपनी सुरक्षा योजना के लिए मंजूरी मिल गई है, जो उड़ान संचालन शुरू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अब एयरपोर्ट प्रशासन उड़ान सेवाएं शुरू करने की तारीख तय करने के लिए विमानन कंपनियों और अन्य भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब हमारा ध्यान यह सुनिश्चित करने पर है कि सभी प्रणालियां, प्रक्रियाएं एवं कर्मचारी सुरक्षित, कुशल और सुचारु संचालन के लिए पूरी तरह तैयार हों। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर जिले के जेवर में विकसित हो रही एक नई परियोजना है। इस एयरपोर्ट को क्षेत्रीय संपर्क और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 मार्च को इस एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। इसका परिचालन शुरू होने के बाद दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर यात्रियों का दबाव कम होने और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए प्रमुख विमानन केंद्र के रूप में उभरने की उम्मीद है।

मेदांता पहुंचे अखिलेश यादव, जाना भाजपा विधायक अनुपमा जायसवाल का हाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को मेदांता अस्पताल पहुंचकर भाजपा नेता व पूर्व मंत्री अनुपमा जायसवाल के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों से इलाज की स्थिति के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

अखिलेश यादव के इस कदम को राजनीतिक शिष्टाचार के तौर पर देखा जा रहा है, जिसमें उन्होंने राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर उनका हालचाल जाना। गौरतलब है कि यूपी के बहराइच जिले में नारी शक्ति वंदन

कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट के बाहर शनिवार को दोपहर विपक्षी पार्टी का पुतला फूंकते समय भड़की लौ की चपेट में आने से सदर भारतीय पार्टी विधायक अनुपमा जायसवाल झुलस गईं थीं। जानकारी के मुताबिक विधायक का चेहरा झुलसा है। हादसा होते ही अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने अपने वाहन से विधायक अनुपमा जायसवाल को अस्पताल पहुंचाया था।

शंभू रेलवे ट्रैक बम धमाके में चार गिरफ्तार, हथियार व गोला बारूद बरामद

एजेंसी, चंडीगढ़। पंजाब के शंभू में बीती रात रेलवे ट्रैक पर हुए बम धमाका मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। इसके साथ ही सीमा पार पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी (आईएसआई) के इशारे पर पंजाब में संचालित आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया गया है। डीआईजी ने बताया कि मानसा निवासी परदीप सिंह खालसा, जिला मानसा के बप्पियाना निवासी कुलविंदर सिंह बग्गा, पंजवड़ जिला तरनतारन निवासी सतनाम सिंह सत्ता तथा जिला तरनतारन निवासी गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी को गिरफ्तार किया गया है। इनसे प्रारंभिक पूछताछ में यह भी सामने आया है कि 27 अप्रैल की रात करीब 8:55 बजे इनके साथियों ने शंभू-अंबाला रेलवे मार्ग पर बम विस्फोट कर रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाया। इस संबंध में थाना जीआरपी पटियाला में मामला दर्ज किया गया था।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या का दोषी अब करेगा वकालत

एजेंसी, चेन्नई।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों में से एक ए जी पेरारिवलन ने अपना नाम तमिलनाडु और पुडुचेरी बार एसोसिएशन में एक वकील के रूप में पंजीकृत कराया है।

पेरारिवलन को इस मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी लेकिन उसे 2022 में रिहा कर दिया गया था। पेरारिवलन (54) का वकील के तौर पर पंजीकरण 27 अप्रैल को हुआ। वह मद्रास हाईकोर्ट में वकील के तौर पर काम करेगा और कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। पेरारिवलन को सोमवार को औपचारिक रूप से बार एसोसिएशन में शामिल किया गया। मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी समारोह में उपस्थित थे। तमिलनाडु और पुडुचेरी बार काउंसिल के अध्यक्ष पीएस अमलराज और उपाध्यक्ष एस प्रभाकरण भी समारोह में शामिल हुए। वकील सी के चंद्रशेखर ने पंजीकरण प्रस्ताव पेश किया, जबकि पंजीकरण समिति के अध्यक्ष के बालू ने शपथ दिलाई। उच्चतम न्यायालय ने 18 मई, 2022 को अनुच्छेद 142 के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश दिया था। उसने राजीव गांधी हत्याकांड में 31 वर्ष जेल में बिताए थे।

सलाह | श्रमिकों की सुरक्षा के लिए तत्काल निवारक व राहत उपाय अपनाने का आग्रह

केंद्र ने श्रमिकों की लू से सुरक्षा के लिए राष्ट्रव्यापी परामर्श किया जारी

एजेंसी, नई दिल्ली। भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को परामर्श जारी करते हुए कर्मियों और श्रमिकों की सुरक्षा के लिए तत्काल निवारक तथा राहत उपाय अपनाने का आग्रह किया है।

मंत्रालय ने मुख्य सचिवों और प्रशासकों को भेजे पत्र में कहा है कि विशेष रूप से बाहरी और श्रम-प्रधान क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समन्वित और बहु-आयामी रणनीति अपनाई जाए।

राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया गया है कि वे नियोक्ताओं, ठेकेदारों, उद्योगों और निर्माण कंपनियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें। इनमें काम के घंटों का पुनर्निर्धारण, पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना तथा कार्यस्थलों और विश्राम स्थलों को ठंडा रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करना शामिल है।

परामर्श में यह भी कहा गया है कि निर्माण स्थलों सहित विभिन्न कार्यस्थलों पर आपातकालीन आइस पैक और गर्मी से बचाव की सामग्री उपलब्ध कराई जाए। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर श्रमिकों के स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए।

कारखानों और खदानों के प्रबंधन को अत्यधिक गर्मी के दौरान कार्य की गति धीमी करने, आवश्यक होने पर दो श्रमिकों की टीम तैनात करने, विश्राम की व्यवस्था करने और कार्यस्थलों को हवादार तथा ठंडा रखने की सलाह दी गई है। मंत्रालय ने निर्माण श्रमिकों, ईंट भट्ठों में काम करने वाले मजदूरों, दिहाड़ी और अस्थायी श्रमिकों पर विशेष ध्यान देने को कहा है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाने, पोस्टर-बैनर लगाने और लू से बचाव संबंधी संदेश प्रसारित करने पर जोर दिया गया है। राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षण बोर्ड के प्रशिक्षण महानिदेशालय को लू से बचाव और प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने को कहा गया है, जिसमें लू के कारण, लक्षण, बचाव के उपाय, सुरक्षित कार्य पद्धतियां और प्राथमिक उपचार शामिल होंगे। कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) और श्रम कल्याण महानिदेशालय के तहत अस्पतालों और औषधालयों को लू से संबंधित मामलों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने तथा ओआरएस और अन्य आवश्यक सामग्री का पर्याप्त भंडार रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य श्रम आयुक्त और खान सुरक्षा महानिदेशालय जैसी एजेंसियों को सुरक्षा मानकों के अनुपालन की निगरानी करने को कहा गया है। वहीं, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन और राष्ट्रीय कैरियर सेवा को अपने शिविरों के दौरान भी श्रमिकों के लिए ठंडे और हवादार कार्यस्थल तथा पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय ने सभी संबंधित संगठनों से इस संबंध में की गई कार्रवाई पर पाक्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है, ताकि समीक्षा और निगरानी की जा सके।

मंत्रालय ने दोहराया कि ग्रीष्म ऋतु के दौरान श्रमिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए समय पर कदम उठाना और कड़ी निगरानी अत्यंत आवश्यक है।

पिता की गोद बनी नवजात के जीवन की ढाल

- 25 दिन की कंगारू मदर केयर से स्वस्थ हुआ नवजात
- कम वजन शिशुओं को चाहिए विशेष देखभाल

बहराइच समृद्धि न्यूज़। बलहा ब्लॉक के मथुरा गांव में एक पिता ने अपने नवजात बेटे को बचाने के लिए परंपरागत सोच से आगे बढ़कर मिसाल पेश की। पेशे से राजगीर मिस्त्री राजेश ने 25 दिनों तक रोज़ 8-10 घंटे बच्चे को सीने से लगाकर कंगारू मदर केयर (केएमसी) दी–और वही गोद उसके जीवन की ढाल बन गई। सीएचसी नानपारा में बीते 30 सितंबर को मात्र 2000 ग्राम वजन के साथ जन्मे शिशु को सांस की समस्या के कारण एसएनसीयू रेफर किया गया, लेकिन परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। चार दिनों में करीब 42 हजार रुपये खर्च हुए, फिर भी अपेक्षित सुधार नहीं हुआ और वजन घटकर 1900 ग्राम रह गया। घर लौटने पर आशा कार्यकर्ता कमला देवी ने गृह भ्रमण के दौरान परिवार को केएमसी अपनाने की सलाह दी। मां सुनीता को कान दर्द और बुखार होने के कारण पिता राजेश ने यह जिम्मेदारी संभाली और 25 दिनों तक रोज़ 8-10 घंटे बच्चे को सीने से लगाए रखा। इसका असर यह हुआ कि शिशु का वजन 1900 ग्राम से बढ़कर 2900 ग्राम हो गया। राजेश कहते हैं यह बिना खर्च का आसान और प्रभावी तरीका है, जिसमें सिर्फ समय और लगन की जरूरत होती है। सुनीता बताती हैं कि शुरुआत में उन्हें भरोसा नहीं था, लेकिन सुधार देखकर उनका विश्वास बढ़ा और अब वे अन्य महिलाओं को भी इसके फायदे बता रही हैं।

कम वजन एक गंभीर चुनौती

एसएनसीयू इंचार्ज डॉ. अली के अनुसार प्रदेश में हर 1000 में से करीब 43 नवजात जीवित नहीं रह पाते, जिनका प्रमुख कारण समय से पहले जन्म और जन्म के समय 2500 ग्राम से कम वजन है। हर साल बड़ी संख्या में ऐसे शिशु जन्म लेते हैं, जिनकी लंबे समय तक अस्पताल में देखभाल संभव नहीं हो पाती। ऐसे में कंगारू मदर केयर एक सशक्त और सरल उपाय बनकर उभरा है जो 90 प्रतिशत तक शिशुओं की स्थिति सुधारने, स्तनपान बढ़ाने और वजन वृद्धि में बेहद प्रभावी है।

हजारों शिशुओं को मिला जीवन का नया मौका

सीएमओ डॉ. संजय कुमार के अनुसार, जनपद में केएमसी को बढ़ावा देने के लिए सभी सीएचसी में एक-एक बेड आरक्षित किया गया है और सीमित स्टाफ के बावजूद इसे सक्रिय रखने के प्रयास जारी हैं।

ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

बहराइच समृद्धि न्यूज़। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर में स्थित इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर अवर अभि. संदीप कुमार जायसवाल तथा निर्वाचन कार्यालय से प्रधान सहायक शैलेन्द्र सिंह व वरिष्ठ सहायक योगेश गंगवार मौजूद रहे।

सीएचसी विशेश्वरगंज में 19 किशोरियों को लगा एचपीवी का टीका

सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में अहम कदम

बहराइच समृद्धि न्यूज़

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर) से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर जागरूकता और टीकाकरण अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज सीएचसी विशेश्वरगंज में एक विशेष पहल करते हुए 19 किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) का जीवनरक्षक टीका लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग के इस कदम को क्षेत्र की किशोरियों और महिलाओं के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक बड़ी और सकारात्मक पहल माना जा रहा है। आज चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत टीकाकरण के साथ-साथ अस्पताल परिसर में मौजूद महिलाओं और उनके अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, कारण और इसके बचाव के प्रति विस्तार से जागरूक किया गया। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने और क्षेत्र में जागरूकता फैलाने में बीपीएम ममता मिश्रा व बीसीपीएम धर्मेंद्र मिश्रा की विशेष भूमिका रही। उनके साथ-साथ चिकित्सकों, एएनएम, स्टाफ नर्स और आशा कार्यकर्ताओं ने भी लोगों को इस टीकाकरण अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीएचसी विशेश्वरगंज के अधीक्षक डॉ. कुणाल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन समय रहते एचपीवी का टीका लगवाने से इस बीमारी को काफी हद तक रोका जा सकता है। डॉ. मिश्रा ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों के बेहतर और स्वस्थ भविष्य के लिए आगे आएं और किसी भी तरह की भ्रांतियों से दूर रहकर उन्हें यह टीका अवश्य लगवाएं।

स्थानीय ग्रामीणों और लाभार्थियों के अभिभावकों ने सीएचसी अधीक्षक और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की है।

शावक संग तेंदुआ दिखने से इलाके में दहशत

बहराइच समृद्धि न्यूज़। खैरीघाट थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव में मंगलवार सुबह करीब नौ बजे हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने एक शावक के साथ तेंदुआ देखे जाने की सूचना दी। इस खबर के फैलते ही इलाके में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत हरकत में आई। डिप्टी रेंजर अमित कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और तत्काल तलाशी अभियान शुरू कर दिया। टीम तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए जाल और अन्य उपकरण लगा रही है। वन दरोगा बृजेश कुमार वर्मा ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा बताए गए स्थान पर पूरे इलाके में सघन सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

जिले में वर्दी पर दाग: एंटी करप्शन टीम ने दरोगा को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा

- लेन-देन होते ही टीम ने धर दबोचा, कम्प्यूटर दुकान पर हो रही थी लेन-देन

मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़। जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने एक दरोगा को कथित तौर पर रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इस कार्रवाई ने एक बार फिर कानून व्यवस्था संभालने वाली वर्दी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, दौलतपुर निवासी कृष्ण गुप्ता से लेन-देन के दौरान दरोगा सुरेश चंद गिरी को जाल बिछाकर पकड़ा गया। बताया जा रहा है कि दरोगा रानू कंप्यूटर की दुकान पर मौजूद था, जहां एंटी करप्शन टीम पहले से निगरानी में थी। जैसे ही लेन-देन हुआ, टीम ने तत्काल दबिश देकर उसे मौके पर ही धर दबोचा। इस घटना ने स्थानीय पुलिस तंत्र की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार किया है। आम जनता जहां न्याय और सुरक्षा की उम्मीद लेकर थाने पहुंचती है, वहीं इस तरह के मामले व्यवस्था की साख को गहरा आघात पहुंचाते हैं। थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने मामले की जानकारी मिलने की पुष्टि करते हुए कहा कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। हालांकि, आधिकारिक तौर पर विस्तृत बयान और आगे की कानूनी कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। यह घटना साफ तौर पर दर्शाती है कि भ्रष्टाचार की जड़ें अभी भी व्यवस्था में मौजूद हैं, लेकिन साथ ही एंटी करप्शन टीम की सक्रियता यह संदेश भी देती है कि अब ऐसे मामलों में ढिलाई नहीं बरती जाएगी। आने वाले दिनों में इस मामले में और खुलासे होने की संभावना है।

खबरें एक नजर में

औचक निरीक्षण में सख्त दिखीं आयुक्त: खराब वेंटिलेटर तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय बाबू ईश्वर शरण अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने सबसे पहले इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी तथा वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था की जांच की। इस दौरान उन्होंने मरीजों के बेड पर बिछी चादरों की स्थिति देखी और निर्देश दिया कि सभी मरीजों को स्वच्छ एवं नियमित रूप से बदली जाने वाली चादरें उपलब्ध कराई जाएं। अस्पताल में सभी वार्डों में लगे कूलरों को क्रियाशील करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई को और बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने वेंटिलेटर मशीनों की स्थिति भी देखी। कुछ वेंटिलेटर खराब पाए जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) को निर्देश दिया कि खराब पड़े सभी वेंटिलेटर मशीनों व अन्य चिकित्सा उपकरणों को तत्काल ठीक कराया जाए तथा ढ्ढष्ट को युद्धस्तर पर पूर्ण रूप से क्रियाशील किया जाए, ताकि गंभीर मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके अलावा उन्होंने मरीजों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज और उनके तीमारदारों को मूलभूत सुविधाएं आसानी से मिलनी चाहिए। आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट कहा कि मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि व्यवस्थाओं में सुधार लाते हुए मरीजों के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

घर से लाखों के जेवर, नकदी चोरी

परिवार भतीजी की शादी में गया था, लौटने पर चला पता

बहराइच समृद्धि न्यूज़। दरगाह थाना क्षेत्र स्थित बख्शीपुरा इलाके में एक घर से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी चोरी हो गई। घटना उस समय हुई जब घर का मालिक परिवार सहित अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने गया हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राज कुमार तिवारी, जो बख्शीपुरा मोहल्ले के निवासी हैं, का परिवार अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने के लिए चिलवरिया गया हुआ था। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात और 21 हजार रुपये नकद सहित लाखों की संपत्ति चुरा ली। अगले दिन सुबह जब परिवार वापस लौटा, तो उन्हें घर का ताला टूटा हुआ मिला और चोरी की घटना का पता चला।

जाम में फंसे बच्चों को अध्यापकों ने यातायात व्यवस्था स्वयं संभालकर पहुंचाया स्कूल

- बच्चे नहीं पहुंचे स्कूल तो प्रधानाचार्य के संग संभाली यातायात व्यवस्था
- नानपारा में जाम से अक्सर क्लास हो जाती है लेट

बहराइच समृद्धि न्यूज़। नानपारा में मंगलवार सुबह 7 बजे से 9 बजे तक 500 मीटर तक का जाम लगा रहा। इस दौरान स्कूल पहुंचने वाले बच्चे करीब 2 घंटे तक जाम में फंसे रहे। जब स्कूली बच्चे क्लास में नहीं पहुंचे तो स्कूल के प्रधानाचार्य शिक्षकों के साथ सड़क पर उतर आए। उन्होंने शिक्षकों के साथ खुद यातायात व्यवस्था संभाली। इसके बाद करीब 2 घंटे बाद बच्चे स्कूल में पहुंचे और क्लास शुरु की गई। इस मामले में प्रधानाचार्य ने पुलिस से शिकायक की और जाम की समस्या से अवगत कराया। उन्होंने प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है।नानपारा में काली कुंडा मंदिर के पास श्री शंकर इंटर कॉलेज और राम नारायण मद्धेशिया सरस्वती शिशु मंदिर आमने सामने हैं। श्री शंकर इंटर कॉलेज में क्लासेज सुबह 7 बजे से शुरू हो जाती है। रोजाना की तरह मंगलवार को स्कूल के सामने वाले सड़क पर जाम लगा रहा। सुबह 9 बजे तक स्कूल पहुंचने वाले बच्चे जाम में ही फंसी रहे। 2 घंटे तक कई बच्चे क्लॉस में नहीं पहुंचे। प्रधानाचार्य अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव करीब दर्जन भर शिक्षकों के साथ सड़क पर उतर आए। उन्होंने सड़क पर लगे जाम को हटाया और बच्चों को स्कूल तक पहुंचाया।

बच्चे पर मगरमच्छ का हमला, ग्रामीणों ने बचाया

बहराइच समृद्धि न्यूज़

बौंडी इलाके में घाघरा नदी किनारे खेल रहे एक बच्चे पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। ग्रामीणों के शोर मचाने और हस्तक्षेप के बाद मगरमच्छ बच्चे को छोड़कर नदी में लौट गया, जिससे उसकी जान बच गई। घायल बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना बौंडी के कायमपुर गांव में हुई। कायमपुर निवासी 12 वर्षीय शिव प्रसाद अपने दोस्तों के साथ घाघरा नदी के किनारे खेल रहा था। तभी अचानक नदी से बाहर आए एक मगरमच्छ ने उस पर हमला कर दिया और उसका पैर पकड़ लिया। शिव प्रसाद के दोस्तों ने तुरंत शोर मचाना शुरू कर दिया। बच्चों का शोर सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को लाठी-डंडों के साथ आता देख मगरमच्छ बच्चे को छोड़कर वापस नदी में चला गया। इस त्वरित कार्रवाई से बच्चे की जान बच गई। इस हमले में शिव प्रसाद का एक पैर बुरी तरह घायल हो गया। परिजनों ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार, बच्चे की हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

अप्रैल के अंत में भीषण गर्मी का कहर 41 डिग्री पार पहुंचा तापमान

समृद्धि न्यूज़

उतरौला (बलरामपुर)। जनपद सहित पूरे क्षेत्र में अप्रैल के अंतिम दिनों में ही गर्मी ने विकराल रूप धारण कर लिया है। बढ़ते तापमान और तेज गर्म हवाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। मंगलवार को दोपहर के समय तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जिससे पूरा इलाका मानो आग की भट्ठी में तब्दील हो गया। लू के तेज थपेड़ों के कारण लोगों का घरों से बाहर निकलना कठिन हो गया है। भीषण गर्मी का असर शहर की गतिविधियों पर साफ नजर आया। प्रमुख बाजारों, चौराहों और सड़कों पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। आम दिनों में भीड़-भाड़ से गुलजार रहने वाले बाजार सूने दिखाई दिए। जो लोग जरूरी कार्य से बाहर निकले, वे मुंह को कपड़े या गमछे से ढककर ही निकले। चिलचिलाती धूप में कुछ मिनट खड़े रहना भी मुश्किल साबित हो रहा था।

जनपद में यदि बिना किसी कारण के विद्युत आपूर्ति की कटौती की गई तो होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में विद्युत आपूर्ति, रखरखाव एवं सुधार कार्यों की प्रगति का आकलन करना। समीक्षा के दौरान विद्युत सर्किल क्षेत्र मनकापुर की अत्यंत खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने एक्सईएन विद्युत मनकापुर कमर फारुख को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और कार्यों में तेजी लाने की सख्त हिदायत दी। जिलाधिकारी ने बैठक में स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक खंडवार हाईटेंशन तारों की स्थिति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जाए। इसमें यह भी शामिल हो कि कितने लोगों को नोटिस जारी किए गए, कितने स्थानों पर हाईटेंशन तार हटाए गए, तथा वर्तमान में कितने स्थानों पर तार हटाने का कार्य प्रगति पर है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि से संबंधित कार्यों की जानकारी भी मांगी और निर्देश दिए कि जहां भी आवश्यकता हो, वहां शीघ्रता से क्षमता बढ़ाई जाए।बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जनपद के कितने मजरों में विद्युत आपूर्ति कार्य कराया जा रहा है, इसकी अद्यतन रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। साथ ही विद्युत विभाग के सभी एसडीओ को अपने-अपने सबस्टेशन पर ही निवास करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि बिना किसी उचित कारण के विद्युत आपूर्ति में कटौती किए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आम जनता को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अतिरिक्त, जनपद में प्रथम चरण के अंतर्गत 206 परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे विद्युत तारों को चिन्हित कर हटाने के निर्देश दिए गए थे। विद्युत विभाग द्वारा अब तक 102 विद्यालयों से तार हटाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जबकि शेष विद्यालयों में कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी ने शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने और निर्धारित समयसीमा में लक्ष्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया, ताकि जनपद में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुचारू बनाया जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, एक्सईएन

विद्युत सुशील यादव, एक्सईएएन गोण्डा शहर राम मोहन पाण्डेय, एक्सईएएन विद्युत करनैलगंज, एक्सईएएन विद्युत नवाबगंज, एक्सईएएन विद्युत मनकापुर, परियोजना निदेशक डीआरडीए सुशील कुमार पाण्डेय, एबीएसए मुख्यालय राम खेलावन सिंह सहित समस्त एबीएसए, एसडीओ विद्युत व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पनवापुर अग्निकांड के बाद किसानों को मिली राहत विधायक ने सौंपे सहायता चेक

समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)। जनपद के ग्राम पनवापुर में हाल ही में हुए अग्निकांड से प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए कृषि उत्पादन मंडी समिति के तत्वावधान में मुख्यमंत्री खेत-खलिहान दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत 11 किसानों को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए गए। यह चेक क्षेत्रीय विधायक राम प्रताप वर्मा द्वारा अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पीड़ित किसानों को प्रदान किए गए। ज्ञात हो कि ग्राम पनवापुर में अचानक लगी आग से 11 किसानों की गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई थी, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ा। इस घटना के बाद प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा तत्काल स्थिति का संज्ञान लेते हुए राहत उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी क्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक राम प्रताप वर्मा ने पीड़ित किसानों भानमती, मो. तकी खान, मो. हकी खान, बब्बू, शब्बू, विटटन सहित अन्य प्रभावित कृषकों को सहायता राशि के चेक सौंपे।

कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा

पत्रांक-53/एन0पी0के0/निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-28/04/2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये है। नगर पंचायत, कुलपहाड़ द्वारा निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित है। ठेकेदार अपने सीलबन्द टेण्डर कार्यालय की निविदा पेटी में दिनांक-05.05.2026 को अपरान्ह-02:00 बजे तक डाल सकते है। उक्त प्राप्त समस्त निविदायें अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक-06.05.2026 को पूर्वान्ह-11:00 बजे खोली जायेंगी।

पंजीकृत ठेकेदार पंजीयन प्रमाण-पत्र/रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति सहित लिखित आवेदन के साथ स्वंय उपस्थित होकर निविदा प्रपत्र दिनांक-04.05.2026 को अपरान्ह 02:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत, कुलपहाड़ में निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त कर सकते है। अन्य नियमों व शर्तों की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कार्य का विवरण

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आगणन की धनराशि (लाख रु0 में)	अर्नेस्ट मनी 10 प्रतिशत	निविदा मूल्य +18% GST			कार्य की अवधि
				निविदा मूल्य	जी.एस.टी. टैक्स 18%	योग	
1	2	3	4	5	6	7	8
1	प्रकाश मास्टर साहब के दरवाजे से रामू के मकान तक नाली निर्माण कार्य।	1.14	11400.00	100.00	18.00	118.00	1 माह
2	ईदगाह रोड से मनोज चौबे के प्लाट तक इण्टर लॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य।	2.17	21700.00	200.00	36.00	236.00	1 माह
3	राहुल अग्रवाल के मकान से एन0एच0 रोड तक इण्टर लॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य।	3.41	34100.00	300.00	54.00	354.00	1 माह
4	राकेश अरजरिया के मकान से राजकुमार के मकान तक इण्टर लॉकिंग व नाली का निर्माण कार्य।	3.60	36000.00	400.00	72.00	472.00	1 माह
5	ईदगाह रोड से कुंजीलाल कुशवाहा के प्लाट तक इण्टर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य।	4.90	49000.00	500.00	90.00	590.00	1 माह

(प्रवेन्द्र कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद-महोबा

(वैभव अरजरिया)
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद-महोबा

को-ऑपरेटिव संघ चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश को-ऑपरेटिव संघ के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। संघ के सभापति, उपसभापति समेत सभी संचालक पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने इस जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने नव निर्वाचित सभापति चौधरी शिवेन्द्र सिंह और उपसभापति ब्रज किशोर गुप्ता सहित सभी संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संघ विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के नए मानक स्थापित करेगा। उन्होंने रामनिवास यादव, बालेन्द्र प्रताप सिंह, धनंजय कुमार सिंह, शिवदत्त नारायण सिंह, अभय सिंह, हरिओम मिश्रा, सुरेश गंगवार, जयवीर सिंह सिरोही, दिवाकर मिश्रा, शारदा चौधरी, आकांक्षा सोनकर और ऊर्षा मौर्या को भी जीत की बधाई दी।

प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने नव निर्वाचित सभापति चौधरी शिवेन्द्र सिंह व उपसभापति ब्रज किशोर गुप्ता सहित सभी संचालकों को दी शुभकामनाएं

पंकज चौधरी ने कहा कि सभी पदों पर निर्विरोध चयन इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की सहकारिता व्यवस्था में भाजपा के प्रति व्यापक विश्वास है। उन्होंने इसे समावेशी विकास के प्रति जनता की आस्था का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र किसानों, छोटे व्यापारियों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सहकारिता को सशक्त करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। वहीं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सहकारी संस्थाओं को पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुख बनाया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने विश्वास जताया कि नई टीम सहकारिता व्यवस्था को और मजबूत करेगी तथा किसानों और आमजन के हितों को प्राथमिकता देगी। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने इसे कार्यकर्ताओं की मेहनत और संगठन की मजबूती का परिणाम बताते हुए कहा कि भाजपा ने हमेशा सहकारिता को जनसेवा का प्रभावी माध्यम माना है। उन्होंने उम्मीद जताई कि नव निर्वाचित पदाधिकारी पारदर्शिता, दक्षता और जनकल्याण के नए मानक स्थापित करेंगे।

इप्सेफ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक 30 मई को, 25 राज्यों के पदाधिकारी लेंगे भाग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

इप्सेफके राष्ट्रीय अध्यक्ष वी.पी.मिश्र एवं महासचिव प्रेमचन्द्र ने यह जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्र सरकार एवं राज्यों की सरकारों द्वारा देश भर के कर्मचारियों की मांगों पर आश्वासन के बाद भी टाल-मटोल की नीति अपनाई जा रही है। जिसमें कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त हो गया है।

बैठक में संगठन की चर्चा के बाद भावी आन्दोलन का निर्णय लिया जा सकता है।वी.पी. मिश्र ने बताया कि विगत दिनों केन्द्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से दो बार वार्ता हुई। कैबिनेट सेक्रेटरी भारत सरकार टी.वी. सोमनाथम से भी दिल्ली में मुलाकात एवं बातचीत हुई थी, परन्तु अभी कोई खास प्रगति नहीं दिखाई दे रही है। इप्सेफ की इस बैठक में देश भर के कार्मिकों के लिए 8वें वेतन आयोग की संस्तुतियां शीघ्र प्रदान करके उसे 01 जनवरी 2026 से कर्मचारियों, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 01 जनवरी 2026 से लागू की जाय। इस बीच अन्तरिम राहत दी जाय। ओपीएस/एनपीएस कर्मचारियों को स्वीकार नहीं है। इसलिए पुरानी पेंशन लागू की जाय।

आउटसोर्स, ठेका, संविदा कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा, नियमितिकरण, न्यूनतम वेतन देने पर नीति बनायी जाय। जिससे उनका शोषण रोका जा सके। प्राथमिक शिक्षकों की टीईटी परीक्षा पास करने में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों को छूट दी जाय। इस नियमावली में संशोधन किया जाय।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाय। निःशुल्क इलाज की व्यवस्था में सुधार किया जाय। अस्पतालों में इलाज के लिए धक्के खाने पड़ रहे है। दवायें भी नहीं मिल पाती है। इन मांगों पर विस्तार से कार्यक्रम तय होगे। अतुल मिश्र उपमहासचिव, एसबी सिंह, विष्णु भाई पटेल ने प्रधानमंत्री एवं कैबिनेट सचिव से इप्सेफ की मांगों पर प्राथमिकता के हल कराने का आग्रह किया है।

खबरें एक नजर में

स्कूटी शोरूम में लगी आग, नौ गाड़ियां जलीं, फायर बिग्रेड ने पाया काबू

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी के गुडंबा थाना क्षेत्र स्थित कुर्सी रोड पर एक स्कूटी शोरूम में आग लग गई। आग बहुमंजिला बिल्डिंग के लोअर ग्राउंड फ्लोर पर स्थित रविन्द्र इलेक्ट्रिक मोटर्स के शोरूम में लगी थी। हादसे में 9 स्कूटी जल गई, जबकि 14 स्कूटी और एक बाइक को बचा लिया गया। रात में एक दुकानदार ने शोरूम से धुआं निकलता देखा। उसने फायर विभाग को रात 1.22 बजे सूचना दी। इंदिरानगर फायर स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची। फायरकर्मियों ने हौजरील के जरिए पानी डालकर करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिस बिल्डिंग में आग लगी, उसके अपर ग्राउंड फ्लोर पर सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया की शाखा है। ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते हैं। फायर टीम ने समय रहते बैंक और रिहायशी हिस्से को आग की चपेट में आने से बचा लिया। आग लगने के बाद बिल्डिंग में धुआं भर गया था। फायरकर्मियों ने दरवाजे खोलकर वेंटिलेशन के जरिए धुआं बाहर निकाला। बिल्डिंग में रहने वाले लोग आग लगते ही सुरक्षित बाहर निकल आए थे। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर विभाग के अनुसार समय रहते आग बुझा लिए जाने से बड़ा हादसा टल गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

राज्य स्तरीय योग ओलम्पियाड 2026 शुरू, जुबिली इंटर कॉलेज में प्रतियोगिता का आगाज

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी में ऐतिहासिक राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में मंगलवार से राज्य स्तरीय योग ओलम्पियाड प्रतियोगिता 2026 की शुरुआत हो गई। प्रदेश भर के सभी 18 मंडलों से चयनित छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। परिसर में सुबह से ही उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस मौके पर जेडी लखनऊ मंडल डॉ प्रदीप कुमार, डीडीआर लखनऊ मंडल रेखा दिवाकर, सह निरीक्षक (आंग्ल) मनीषा द्विवेदी, कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ आशुतोष कुमार सिंह और मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने योग को जीवनशैली का अहम हिस्सा बताते हुए छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में छात्र-छात्राएं अलग-अलग योगासन, संतुलन और लचीलेपन का प्रदर्शन कर रहे हैं। निर्णायक मंडल प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन तकनीक, संतुलन और प्रस्तुति के आधार पर कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षिका पूजा गुप्ता द्वारा किया जा रहा है, जो पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित तरीके से आगे बढ़ा रही हैं। आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता के समापन के बाद प्रेस रिलीज जारी कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर शिक्षा विभाग और प्रतिभागियों में खासा उत्साह है। उम्मीद जताई जा रही है कि यह प्रतियोगिता न सिर्फप्रतिभाओं को मंच देगी, बल्कि योग के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रो. सुरेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि पर प्रतिमा का अनावरण

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में मंगलवार को प्रख्यात शिक्षाविद प्रो. सुरेन्द्र सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर एक स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया और उनकी आवक्ष प्रतिमा का अनावरण भी हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षक, शोधार्थी और छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने प्रो. सुरेन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि विभाग ने एक स्वस्थ शैक्षणिक परंपरा शुरू की है, जहां गुरुओं की स्मृतियों को सहेजा जा रहा है ताकि नई पीढ़ी उनके योगदान से प्रेरणा ले सके। कुलपति ने समाज कार्य के मूल्यों जैसे सेवा, समर्पण और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने घोषणा की कि विश्वविद्यालय हर साल 28 अप्रैल को श्समाज कार्य सेवा दिवसश् के रूप में मनाएगा। मुख्य वक्ता के तौर पर आमंत्रित सेवानिवृत्त प्रोफेसर प्रो. राज कुमार सिंह ने स्मृति व्याख्यान दिया। उन्होंने प्रो. सुरेन्द्र सिंह के जीवन और उनके अकादमिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. सिंह ने समाज कार्य को केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक विचारधारा के रूप में स्थापित किया था। रिटायर प्रोफेसर ए.एन. सिंह ने प्रो. सुरेन्द्र सिंह के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्रो. सिंह बेहद सरल, अनुशासित और समय के पाबंद व्यक्ति थे। उन्होंने वर्तमान पीढ़ी से उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज कार्य में शोध की परंपरा को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। प्रो. सुरेन्द्र सिंह के पुत्र प्रो. आर.बी. सिंह ने बताया कि भले ही वे समाज कार्य के विद्यार्थी नहीं रहे, लेकिन उन्हें अपने पिता के साथ लंबे समय तक काम करने का अनुभव मिला। उनकी पुत्री प्रो. ज्योत्सना सिंह ने विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिमा स्थापना और स्मृति व्याख्यान के माध्यम से उनके पिता की स्मृति को जीवित रखा गया है, जिससे आने वाली पीढ़ियां प्रेरित होंगी।समाज कार्य विभागाध्यक्ष प्रो. राकेश द्विवेदी ने कहा कि प्रो. सुरेन्द्र सिंह उनके जीवन की प्रेरणा रहे हैं।

भीगी पलकों व लब्बैक की सदाओं के बीच रब के घर चले खुशनसीब

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

आज लखनऊ का चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा महज एक एयरपोर्ट नहीं, बल्कि जज्बात और अकीदत का वह समंदर नजर आ रहा था जहाँ हर लहर एक दुआ बनकर अर्श की ओर उठ रही थी।

हज और उमरा यात्रियों की पहली पसंद सऊदी अरेबिया एयरलाइंस की दो उड़ानों ने आजमीने-हज के मुकद्दस सफर का आगाज किया, जिसमें पहली फ्लाइट सुबह और दूसरी फ्लाइट रात को जेद्दा के लिए रवाना हुई। फिज़ाओं में बिछड़ने की कशिश और महबूब के दर पर पहुँचने की बेपनाह खुशी एक साथ घुली हुई थी। आज हज-2026 के उन मुकद्दस मुसाफिरों की रवानगी थी, जिन्हें अल्लाह ने अपने काबे की जियारत के लिए चुना है। अल्लाह के मेहमानों के इस अजीम सफर को मुकम्मल करने की जिम्मेदारी निजी हज टूर ऑपरेटर्स के मोतबर नामों

हिना ट्रैवल सर्विस, रियाज टूर एंड ट्रैवल और शान एंटरप्राइजेज ने संयुक्त रूप से उठाई। रियाज टूर एंड ट्रैवल के सीईओ रियाज अहमद और चीफ ऑपरेशन्स (हज व उमरा) उमैर नजम शाह खुद इमाम-ए-काफिला बनकर हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। उनकी नम आँखें और मुस्तैदी गवाह थी कि उनके लिए यह महज एक कारोबार नहीं, बल्कि आखिरत की कमाई और खिदमत-ए-खल्क का जरिया है। हवाई अड्डे के टर्मिनल पर मंजर ऐसा था कि मंजरकशी करते हुए कलम भी कांप जाए। विदाई की उन आखरी घड़ियों में जब एक बूढ़ी माँ ने अपने बेटे के माथे को चूमा और कांपती आवाज में कहा, मेरे हक में दुआ करना, तो वहाँ मौजूद हर शख्स की पलकें भीग गईं। कहीं कोई छोटा बच्चा अपने दादा का हाथ थामे रो रहा था, तो कहीं कोई जवान बेटा अपने जईफ बाप के हाथ चूमकर जार-ओ-कतार रोते हुए दुआओं की दरख्वास्त कर रहा था। अपनों से दूर होने की टीस तो थी, लेकिन काबे की चौखट चूमने का वो रूहानी नूर जायरीन के चेहरों पर साफ झलक रहा था, जो हर गम पर भारी था। इस रुला देने वाली रवानगी के बीच रियाज अहमद ने हाथ उठाकर तमाम जायरीन के लिए दुआ की ऐ अल्लाह! इन मुसाफिरों के सफर को आसान कर, इनकी इबादतों को अपनी बारगाह में मकबूल कर और जब ये तेरे घर के सामने खड़े हों, तो इनकी झोलियाँ मुरादों से भर देना। परवरदिगार ! उमैर नजम शाह और मेरी इस नाचीज खिदमत को अपनी बारगाह में कबूल फरमाना और सबको हज-ए-मबरूर की सआदत अता करना।रियाज अहमद ने बताया कि आजमीने-हज का आखरी जत्था 7 मई को रवाना होगा। इस आखरी काफिले के साथ वह स्वयं और उनकी टीम के सदस्य भी जाएंगे ताकि मक्का मुकर्रमा की सरजमीन पर वह खुद अपने हाथों से हाजियों की खिदमत कर सकें। उन्होंने तसल्ली दी कि उनकी एक टीम पहले से ही मक्का मुकर्रमा में मेहमानों की अगवानी के लिए पलकें बिछाए खड़ी है। जैसे ही जायरीन का काफिला टर्मिनल के अंदर दाखिल हुआ और आखरी बार पलटकर अपनों की तरफ देखा, तो अल्लाह हाफिज की पुकार और सिसकियों ने माहौल को रूहानी सुकून से भर दिया। यह बिछड़ना नहीं था, यह तो उस पाक दर की ओर पहला कदम था जहाँ पहुँचने की हसरत में इंसान उम्र गुजार देता है।

सरकारी भूमि पर अवैध प्लाटिंग को नगर निगम ने कराया खाली

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में प्रॉपर्टी डीलर सरकारी जमीन पर कब्जा कर प्लाटिंग कर रहे थे। मामले में नगर निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया है।

लगातार मिल रही शिकायत पर नगर निगम ने यह एक्शन लिया है। हसनपुर खेवली और बरावन कला गांव में हुई कार्रवाई में कुल 5.26 करोड़ रुपए की जमीन को नगर निगम ने खाली कराया है। नगर आयुक्त गौरव कुमार का कहना है कि लगातार अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। हसनपुर खेवली गांव के गाटा संख्या 710, जिसका कुल एरिया 0.607 हेक्टेयर है। यह जमीन ऊसर है। इसपर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा था। प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा अस्थाई बाउंड्री वॉल बनाकर तथा पौधरोपण कर जमीन को कब्जा किया गया था। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की सहायता से इन अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

इस कार्रवाई में कुल 0.253 हेक्टेयर जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। बरावन कला गांव के गाटा संख्या 1395, जिसका कुल क्षेत्रफल 0.089 हेक्टेयर है, राजस्व अभिलेखों में रास्ता के रूप में दर्ज है। इस महत्वपूर्ण सार्वजनिक जमीन पर कुछ व्यक्तियों एवं स्थानीय लोगों द्वारा अस्थाई बाउंड्री वॉल बनाकर और पौधरोपण कर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था। अभियान के तहत कुल 0.089 हेक्टेयर बेशकीमती सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया, जिसकी वर्तमान बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ 26 लाख रुपए आंकी गई है।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ता सड़कों पर

उपभोक्ता परिषद ने ऊर्जा मंत्री व प्रबंधन से पूछे छह सवाल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में बढ़ते असंतोष पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। परिषद के अनुसार प्रदेश के लगभग सभी जनपदों में उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर शंकित हैं और कई स्थानों पर सब-स्टेशनों का घेराव किया जा रहा है, जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति भी प्रभावित हो रही है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं केंद्र की सर्वोच्च सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री वह पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से जनहित में पांच महत्वपूर्ण सवालों के जवाब सार्वजनिक करने की मांग की है, ताकि प्रदेश की जनता के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

परिषद द्वारा उठाए गए प्रमुख सवालों के रूप में पूछा है कि केंद्र सरकार द्वारा स्मार्ट प्रीपेड मीटर परियोजना की स्वीकृत लागत 18,885 करोड़ थी, जबकि टेंडर 27,342 करोड़ में अवार्ड किया गया। लगभग 8,500 करोड़ की इस अतिरिक्त लागत से किसे लाभ हो रहा है? शहरी वह ग्रामीण क्षेत्रों के टेंडर लेने वाली निजी कंपनियों की परफॉर्मेंस बैंक गारंटी, जो पहले 10 प्रतिशत थी, उसे घटाकर मात्र 3 प्रतिशत क्यों किया गया? इससे किसका हित सध रहा है? क्या यह स्पष्ट किया जाएगा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर में उपयोग होने वाले कंपोनेंट्स, विशेषकर मीटर डाटा प्रबंधन और हेड एंड सिस्टम) सिस्टम में, बड़े पैमाने पर विदेशी (विशेषकर चीनी) कंपोनेंट्स का उपयोग क्यों किया जा रहा है, जबकि 100प्रतिशत भारतीय कंपोनेंट्स की अपेक्षा थी? इसकी जांच कौन करेगा? भारत सरकार द्वारा प्रतिशत चेक मीटर लगाने के निर्देश के बावजूद अब तक किसी भी बिजली कंपनी ने चेक मीटर और स्मार्ट मीटर के मिलान की रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की गई? न ही इसकी रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी गई। विद्युत अधिनियम 2003 एवं संबंधित अधिसूचनाओं के तहत उपभोक्ताओं को पोस्टपेड और प्रीपेड विकल्प चुनने का अधिकार है, तो उत्तर प्रदेश में यह विकल्प क्यों नहीं दिया गया? भारत सरकार के आदेश के तहत स्मार्ट प्रीपेड मीटर का खर्च उपभोक्ताओं से नहीं वसूला जाएगा इसके बावजूद भी ऊर्जा मंत्री द्वारा विधानसभा में दिए गए बयान के बिल्कुल विपरीत बिजली दर में उपभोक्ताओं से इसकी वसूली क्यों प्रस्तावित की गई। परिषद ने एक अतिरिक्त महत्वपूर्ण मुद्दा उठाते हुए कहा कि कंज्यूमर राइट्स रूल 2020 के अनुसार उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए, लेकिन प्रदेश में आज भी रोस्टर व्यवस्था लागू है, जो उपभोक्ता अधिकारों के विपरीत है। परिषद ने मांग की है कि ऊर्जा मंत्री वह पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन इन सभी सवालों का स्पष्ट और सार्वजनिक जवाब दें, ताकि उपभोक्ताओं की शंकाओं का समाधान हो सके और प्रदेश में व्याप्त असंतोष को दूर किया जा सके।

जीरो टॉलरेंस अधिकारियों के खिलाफ भी होना चाहिए : अखिलेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पर्यवेक्षक के रूप में तैनात उत्तर प्रदेश पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी का कथित अश्लील वीडियो प्रसारित होने से आदित्यनाथ सरकार की छवि बुरी तरह धूमिल हुई है।

अधिकारी का नाम लिए बिना यादव ने कहा कि इस वीडियो ने भाजपा सरकार के नारी सम्मान और नारी वंदन के दावों का खोखलापन उजागर कर दिया है। यादव ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, बंगाल चुनाव के दौरान ऑब्जर्वर बने उत्तर प्रदेश के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का जो अभद्र वीडियो सरेआम देखा जा रहा है, उससे उत्तर प्रदेश सरकार के शासन-प्रशासन की छवि बेहद क्षतिग्रस्त हुई है। साथ ही भाजपा सरकार के तथाकथित महिला सम्मान

आईपीएस अजयपाल शर्मा के पीछे पड़े अखिलेश, सीएम से जोड़ा कनेक्शन, कहा- कार्रवाई हो

व नारी वंदन के दावों की पोल भी महिलाओं के सामने पूरी तरह खुल गई है। उन्होंने कहा, भाजपा शासन-प्रशासन में ऐसे व्यक्ति व अधिकारी अपवाद नहीं है। नारी को लगता है कि जिनके हाथ में महिला सुरक्षा की बागडोर है अगर वो ऐसे हैं, तो हमारी सुरक्षा कैसे होगी। आज भाजपा से जुड़ी हर नारी शर्मिंदा है क्योंकि बहन-बेटियां तो उनके घरों में भी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, देखते हैं इनका निलंबन-बर्खास्तगी कितनी जल्दी होती है। इसका सीधा संबंध मुख्यमंत्री जी की छवि से जुड़ा है। इस अधिकारी के खिलाफ जैसी कार्रवाई होगी वो तय करेगी कि मुख्यमंत्री जी का इस मामले में खुद का रुख कैसा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, वैसे इतना सब कुछ उजागर होने के बाद तो मुख्यमंत्री जी भी मन मारकर ही सही, अनुशासनात्मक-दंडात्मक कार्रवाई करने के लिए बाध्य हो जाएंगे और अपने इस विशेष कृपा प्राप्त को बचाने के लिए ये नहीं कहेंगे कि ये वीडियो एआई जेनरेटेड है। सपा प्रमुख ने कहा, जीरो टॉलरेंस (कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति) सिर्फ अपराधियों के खिलाफ नहीं, ऐसे अधिकारियों के खिलाफ भी होना चाहिए। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के लिए प्रचार सोमवार को समाप्त हो गया। सीमा पार घुसपैठ, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर प्रतिद्वंद्वी दलों के बीच तीखी जुबानी जंग देखने को मिली।

वाराणसी को क्योटो नहीं बनाया जा सकता तो कम से कम इसे कुत्ता मुक्त तो बना दें

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मंगलवार को अपने एक्स हैंडल पर बीएचयू अस्पताल (सर सुंदरलाल अस्पताल) की तस्वीरें साझा कीं, जिनमें अस्पताल के अंदर कुत्तों को देखा जा सकता है। अखिलेश यादव ने कहा, अगर आप इसे क्योटो नहीं बना सके तो कुकुरमुक्त (कुत्ता-मुक्त) ही कर दीजिए। कम से कम प्रधान संसदीय क्षेत्र के प्रधान अस्पताल को तो सुधरवा दीजिए। यादव परोक्ष रूप से 2014 में हस्ताक्षरित उस समझौते का जिक्र कर रहे थे, जिसके तहत जापानी शहर क्योटो के अनुभव का उपयोग करते हुए वाराणसी का विकास किया जाना था।

राजधानी में भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का उद्घघाटन, योग गुरु राम देव भी हुए शामिल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी लखनऊ में मंगलवार को भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रांतीय कार्यालय का उद्घघाटन हुआ। इस दौरान योग गुरु रामदेव, शिक्षाविद अवध ओझा समेत कई दिग्गज पहुंचे। इस दौरान योग गुरु राम देव ने अपने संबोधन में कहा कि इस पहल से गुलामी शिक्षा से मुक्ति मिलेगी।केवल भारत ही नहीं दुनिया भर में इसका प्रभाव पड़ेगा। इस दौरान बाबा रामदेव ने कहा कि महिलाओं को 33: आरक्षण नहीं दिया, तो वो 50: आरक्षण लेंगी। इस दौरान माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि जैसे डॉक्टर के पास जाते ही परिवार के सदस्य को हम उसे समर्पित करते हुए सिर्फ बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते है, वैसे ही गुरु के समक्ष भी बच्चों को समर्पित करते हुए मन में कोई संशय नहीं रखना चाहिए। संत की लीलाओं को कोई जान नहीं सकता, और ये भी एक लीला हैं। भारतीय शिक्षा बोर्ड को संतों की लीला की तरह मानकर इसे अपनाए। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश शासन की तरफसे उन्हें पूरा सहयोग मिलेगा।

राजधानी में 4 डिग्री गिरा तापमान, पूरवा हवा से गर्मी में आई थोड़ी कमी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से मंगलवार को थोड़ी राहत मिली है। तेज पूरवा (पूर्वी) हवा चलने से तापमान में गिरावट हुई है। इससे लोगों को राहत मिली है। दोपहर एक बजे तापमान 39 डिग्री के दर्ज किया गया है। वहीं, शाम को धूल भरी आंधी चल सकती है। मौसम वैज्ञानिक का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास दर्ज होने की संभावना है। दिन में अधिकतर समय मौसम साफ बना रहेगा। रविवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 43 डिग्री था। न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री था। इसकी तुलना में लखनऊ में करीब 4 डिग्री तक अधिकतम तापमान कमी आई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री रहा है। यह सामान्य से 0.8 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 24.8 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.7 डिग्री अधिक रहा। अधिकतम आर्द्रता 67 फीसदी रहा। न्यूनतम आर्द्रता 31 फीसदी रही।

तैयारी — टिशू कल्चर से बेहतर गुणवत्ता के बीज उत्पादन पर फोकस

उत्तर प्रदेश सरकार गन्ना अनुसंधान को देगी रफ्तार

लखनऊ समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार प्रदेश के गन्ना किसानों की आय कई गुना बढ़ाने एवं गन्ना उत्पादन को बढ़ाने के लिए लगातार नवाचार और तकनीकी सुधारों पर जोर दे रही है। इसी के तहत योगी सरकार ने गन्ना अनुसंधान को नया आयाम देते हुए टिशू कल्चर तकनीक के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले बीज उत्पादन की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। इस पहल से न केवल गन्ना किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि प्रदेश में चीनी उत्पादन और उत्पादकता को भी मजबूती मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ शुगर केन रिसर्च शाहजहांपुर और बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड, हैदरगढ़, बाराबंकी के बीच एमओयू साइन किया गया है।

एमओयू का मुख्य उद्देश्य टिशू कल्चर तकनीक के जरिए गुणवत्तापूर्ण गन्ना बीज का उत्पादन बढ़ाना, किसानों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना और गन्ना उत्पादन प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना है। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस ने बताया कि एमओयू के तहत प्रदेश में टिशू कल्चर आधारित बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसमें किसानों, मिल कर्मियों और तकनीकी कर्मचारियों को टिशू कल्चर लैब और ग्रीन हाउस संचालन, प्लांटलेट तैयार करने, हार्डनिंग और खेत में रोपाई जैसी

प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान टिशू कल्चर से जुड़े रसायनों, उपकरणों और विभिन्न तकनीकी पहलुओं पर जोर रहेगा। गन्ना आयुक्त ने बताया कि पारंपरिक विधियों की तुलना में टिशू कल्चर तकनीक से बीज उत्पादन अधिक तेज, शुद्ध और प्रभावी होता है। जहां पारंपरिक तरीके से एक एकड़ में सीमित मात्रा में बीज तैयार हो पाता है, वहीं टिशू कल्चर तकनीक के माध्यम से कम समय में बड़ी मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाले बीज तैयार किए जा सकते हैं। इससे नई उन्नत किस्मों का तेजी से विस्तार संभव होगा और किसानों को बेहतर उत्पादन के अवसर मिलेंगे।

एमओयू के तहत यूपीएससीआर और बीसीएमएल मिलकर गन्ने की उन्नत किस्मों के विकास और उनके विस्तार पर काम करेंगे। इसके साथ ही दोनों संस्थाएं मिलकर किसानों को 'हैंड्स-ऑन' प्रशिक्षण भी देंगी, जिससे वे इस तकनीक को आसानी से समझ सकें और अपने खेतों में लागू कर सकें।

प्रशिक्षण के लिए विशेष मॉड्यूल तैयार किए गए हैं, जिनमें टिशू कल्चर की मूलभूत जानकारी से लेकर फील्ड ट्रांसफर तक की पूरी प्रक्रिया शामिल है। गन्ना किसानों को टिशू कल्चर प्लांटलेट्स को ग्रीन हाउस में हार्डनिंग के बाद खेतों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया भी सिखाई जाएगी। साथ ही, किसानों को भूमि तैयारी, सिंचाई, उर्वरक प्रबंधन और पौध संरक्षण से संबंधित आधुनिक तरीकों की जानकारी दी जाएगी, ताकि फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में सुधार हो सके।

पुलिस ने एक घंटे में खोया बैग किया बरामद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

काकोरी पुलिस ने अपनी मुस्तैदी का परिचय देते हुए पांच दिन पहले टैक्सी में छूटे एक बैग को महज एक घंटे के भीतर खोजकर पीड़ित को सुरक्षित वापस सौंप दिया। इस बैग में लगभग डेढ़ लाख रुपए मूल्य का सोना और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद थे। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित की उम्मीदें फिर से जाग उठीं।

जानकारी के अनुसार, तारा का पुरवा, थाना बीबीडी क्षेत्र निवासी लवकुश मौर्या 23 अप्रैल को किसी काम से काकोरी आए थे।

वापसी के दौरान उन्होंने टैक्सी चालक को मोबाइल फोन से किराया दिया, लेकिन जल्दबाजी में अपना बैग टैक्सी में ही भूल गए। कुछ दूर जाने के बाद जब उन्हें बैग छूटने का एहसास हुआ, तो उन्होंने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। लगातार प्रयासों के बाद भी सफलता न मिलने पर पीड़ित ने पांच दिन बाद काकोरी थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश चंद्र रा

खबरें एक नजर में

शादी के दबाव में युवती ने पकड़ा बिजली का तार, मौत, आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज

सिंधौली, शाहजहांपुर। दूसरे समुदाय के युवक द्वारा शादी का दबाव बनाए जाने से परेशान युवती ने बिजली का तार पकड़ लिया। जिससे झुलसी युवती की उपचार के दौरान मेडिकल कालेज में मृत्यु हो गयी। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। क्षेत्र के एक गाँव निवासी युवती का मोबाइल नम्बर किसी तरह पिछले कुछ माह पूर्व मूड़ा हारिस के रहने वाले शान मोहम्मद को मिल गया। जिसके बाद उक्त युवक लगातार फोन कर युवती से अश्लील बातें करता हुआ शादी करने का दबाव बनाने लगा। युवती द्वारा अक्सर अपने दिव्यांग पिता से उक्त मामले की शिकायत की जाती रही। लोकलाज के कारण पिता ने उक्त बात को गोपनीय रखा। रविवार को भी आरोपित ने युवती को फोन कर धमकी दी। जिससे आजिज होकर उसने बिजली कनेक्शन के नंगे तार पकड़ लिए और झुलसकर बेहोश हो गयी। पड़ोसियों की मदद से स्वजन ने युवती को उपचार हेतु ले जाकर राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहाँ सोमवार की सुबह उनकी मृत्यु हो गयी। मृतका के पिता ने तहरीर देकर आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी पंजीकृत करायी है। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह ने बताया कि शव को पीएम हेतु भेजकर पिता की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध जबरन शादी का दबाव बनाने की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। शीघ्र गिरफ्तारी की जाएगी।

शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी

सिंधौली, शाहजहांपुर। सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव रखिया बुजुर्ग निवासी महिपाल सिंह पुत्र छेदा लाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसके ही गांव के पंकज तिवारी पुत्र बैकुंठ नाथ ने कुछ लोगों के साथ मिलकर बीते 1 मार्च 2026 को रात्रि में उसके खेत की मेड़ पर लगे शीशम के पेड़ को उखाड़ कर फेंक दिया, जिसकी शिकायत उसने 21 मार्च 2026 को थाने में जाकर की थी। इससे पंकज तिवारी खुन्नस मानने लगा और राजनामे का दबाव बनाने लगा। बीते 17 अप्रैल 2026 को जब वह अपने खेत पर काम कर रहा था तभी गांव के पंकज तिवारी व मुकेश तिवारी दोनों लोग आए और कहने लगे कि समझौता कर लो नहीं तो अंजाम बुरा होगा तथा गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए इससे उसको डर बना हुआ है कि कहीं कोईअप्रिय घटना ना घटित हो जाए उसने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव रखिया खुर्द थाना सिधौली जनपद शाहजहांपुर के पंकज तिवारी पुत्र बैकुंठ नाथ व मुकेश तिवारी पुत्र सच्चिदानंद व कुछ नाम पता अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

अर्चना वाल्मीकि बनीं प्रदेश अध्यक्ष

शाहजहांपुर। रामनगर के सीतामढी में भगवान वाल्मीकि धर्म समाज का आयोजन गया जो सीतामढी वाल्मीकि धर्मराज का तीर्थ स्थल है वहां पर पूरे देश के विभिन्न जिलों के लोग सम्मिलित हुए, उसमें शाहजहांपुर की महिला कांग्रेस से जिला अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि को भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ब्रज प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी भीम अनार्य ने अर्चना वाल्मीकि को प्रदेश अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई दी तथा समाज के तमाम लोगों में बधाई बधाइयां दी। मुख्य संचालक वीरेश भीम अनार्य ने अर्चना वाल्मीकि को नियुक्ति पत्र देकर आशा की है कि वह वाल्मीकि अति दलित समाज गरीब वर्गों के हितों के लिए एवं समाज की प्रगति के लिए कार्य करेगी और गरीब वंचितों को उनके हक अधिकार दिलाने का प्रयास करेगी। महिला कांग्रेस से जिला अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने कहा कि भारतीय वाल्मीकि समाज ने जो मुझे प्रदेश अध्यक्ष का जिम्मेदारी सौंपी है वह पूरी कोशिश करेगी कि भारतीय वाल्मीकि तरह समाज का विस्तार किया जाए तथा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जो उन्होंने उन पर विश्वास जताया है उसे पूरी तरह से खरी उतरने की कोशिश करेंगी। जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने भी अर्चना वाल्मीकि के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर उन्हें बधाई दी है। उन्होंने आशा जताई है कि नवनियुक्त भावाधस प्रदेश अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि समाज के हक लिए आवाज उठाएंगी और उन्हें उनका हक दिलाएंगी।

महिला कल्याण विभाग द्वारा दहेज प्रतिषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शाहजहांपुर। ब्लॉक पुवायां के ग्राम पंचायत उमरसड़ा में जागरूकता कार्यक्रम व विधवा पेंशन सत्यापन के अंतर्गत डीएम, सीडीओ व व जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के निर्देशानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित द्वारा उपस्थिति महिलाओं को फोल्डर एवं पैंपलेंट देकर कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं को सुरक्षा, अधिकारों, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता एवं सरकारी योजनाओं निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना ,स्पॉन्सरशिप योजना, घरेलू हिंसा, के प्रति जागरूक किया गया। रश्मि देवी द्वारा हेल्पलाईन नंबर्स यथा महिला हेल्पलाइन 181,एंबुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्प लाइन 1930, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 तथा अधिनियमों यथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम, बाल विवाह, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। योजनाओ का प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, ग्राम प्रधान, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि देवी, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक आदि स्टाफ व महिलाएं मौजूद रहे।

कोर्ट के आदेश पर दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज

जैतीपुर-शाहजहांपुर। थाने में विकासखंड क्षेत्र के गांव कंकलिया धर्मपुर निवासी कुलदीप कुमार ने न्यायालय के आदेश पर एक रिपोर्ट पंजीकृत कराई। बताया कि उनके पिता मोरपाल 1 फरवरी को सुबह 5.15 बजे अपनी मोटरसाइकिल से बेला डाडी मेला जा रहे थे। जब वह नवादा मोड़ से आगे दातागंज की ओर जैतीपुर थाना क्षेत्र की सीमा में पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक रोडवेज बस के अज्ञात चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल इलाज के लिए बरेली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार अभी भी जारी है। बताया कि उनके पीछे दूसरी मोटरसाइकिल से आ रहे कंकलिया गांव के अमर पाल ने यह पूरी घटना अपनी आंखों से देखी। मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने भी इस दुर्घटना को देखा। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने जानकारी दी कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और घटना की जांच की जा रही है।

डीएम ने कार्मिकों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता जानी

- डीएम ने संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में जनगणना प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंच कर जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों से संवाद कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिलाधिकारी ने प्रशिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रशिक्षण को अधिक से अधिक व्यवहारिक एवं विस्तृत बनाया जाए, ताकि सभी कार्मिक विषय-वस्तु को भली-भांति समझ सकें एवं फील्ड में प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। डीएम ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों से जानकारी ली उन्हें प्रशिक्षण प्राप्त करने किसी प्रकार की समस्या तो नहीं। साथ ही उन्होंने भोजन, पानी आदि आवश्यक व्यवस्थाओं के विषय में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी कार्मिक से कहा को जनगणना संबंधित प्रशिक्षण को गहनता से प्राप्त करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बरदाश्त नहीं की जाएगी। एडीएम वित्त अरविंद कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

सत्यभारती स्कूल में हृदयांश हेड बॉय व शशि हेडगर्ल चुनी गईं

कांट, शाहजहांपुर। कुरिया एवं रामनगर गांव के सत्य भारती स्कूल में बच्चों ने चुनाव प्रक्रिया के तहत अपने अपने उम्मीदवारों को वोटिंग की। कुरिया कलाँ गांव के सत्यभारती स्कूल में हृदयांश हेड बॉय व शशि हेडगर्ल चुनी गई। वहीं सत्यभारती स्कूल रामनगर की प्रिया हेड गर्ल एवं प्रिंस हेड बॉय बने। विद्यालय के बच्चों ने अपने आई कार्ड दिखाकर चुनिंदा उम्मीदवार को वोट देकर विजयी बनाने हेतु मतदान किया।उम्मीदवार विद्यार्थियों ने चुनाव हेतु 15 अप्रैल को अपना नामांकन करवाकर बच्चों से वोट मांगे और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की थी।चुनाव अधिकारी के रूप में क्लस्टर समन्वयक रज़ीउल्ला खान मौजूद रहे। भारतीय फाउंडेशन द्वारा संचालित दोनों विद्यालय बच्चों को निशुल्क शिक्षा देते हैं। मतदान कराने में रूपम वाजपेई, विमल सक्सेना, कौशलेंद्र मिश्र, फरहा नाज, अजय कुमार एव अंशू मिश्रा, निदानाज, पूनम आदि उपस्थित रहे।

दो पक्षों के बीच विवाद में 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सिंधौली, शाहजहांपुर। दो पक्षों के बीच हुए विवाद में पुलिस ने दोनों ओर से 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना में एक-दूसरे पर पत्थरबाजी और फायरिंग करने के आरोप लगाए गए हैं। गांव पनवाड़ी निवासी प्रभाकर शुक्ला ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 27 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे उनका भतीजा पवन कुमार घर से फाफड़ा लेकर जा रहा था। आरोप है कि बरमदेव स्थान के पास पहले से घात लगाए बैठे शुभम मिश्रा, शैलेंद्र, मुनेंद्र, अमित, पुनीत और दिनेश चंद मिश्रा सहित अन्य लोगों ने उसे घेर लिया। इसी दौरान शुभम मिश्रा ने जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिसमें पवन बाल-बाल बच गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। पवन को घर ले जाते समय आरोपियों ने पीछे से पत्थरबाजी भी की। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया गया। वहीं दूसरे पक्ष के मुनेंद्र मिश्रा ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसी दिन वह खेत से लौट रहे थे, तभी गांव के पवन शुक्ला, वरुण शुक्ला, अरुण शुक्ला, दयाशंकर शुक्ला, राजेश शुक्ला, ऋषि कुमार, मिंटू बाजपेई, रंजीत शुक्ला, आशीष शुक्ला समेत अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोप है कि लाठी-डंडों और तमंचों से हमला किया गया तथा पवन और वरुण ने फायरिंग भी की, जिससे वह बाल-बाल बच गए। बीच-बचाव करने आए उनके परिजनों के साथ भी मारपीट और गाली-गलौज की गई। कोतवाल रविंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर नामजद व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दो घायल

- शादी समारोह से वापस घर लौट रहे थे तीनों युवक

बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे तीन बाइक सवार युवकों को स्विफ्ट डिजायर कार ने टक्कर मार दी जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जिनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

बंडा के गांव आलमपुर पिपरिया निवासी रामसेवक का 20 वर्षीय पुत्र रजनीश वर्मा बाइक से अपने गांव के ही तीन साथियों सत्यपाल और राजाराम के साथ बंडा के गांव सिंगापुर पनई में बारात में शामिल होने गया था जहां से वापस आते समय देर रात पूरनपुर बंडा नेशनल हाईवे पर गांव महोलिया के पास उसकी बाइक में एक स्विफ्ट डिजायर कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसके अन्य दोनों साथियों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। इधर रजनीश की मौत की सूचना पाकर पहुंचे परिजनों में हाहाकार मच गया। उसकी उसकी मौत से मां विमला देवी, बहन श्वेता और भाई विपिन का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं रजनीश के परिजनों के अनुसार जिस स्विफ्ट कार ने रजनीश को टक्कर मारी है वह अपने पीछे कई लोगों को टक्कर मारते हुए तेज रफ्तार से गाड़ी भागते हुए ले जा रहा था जिसके बाद यह हादसा हो गया और कार भी खाई में जा गिरी।

ई-रिक्शा-बाइक टक्कर में चार घायल, दो रेफर

पुवायां, शाहजहांपुर। सड़क हादसे में चार लोग उस वक्त घायल हो गए जब गांव धारा ओवरब्रिज के पास ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर हो गई। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी भेजा गया। जहां दो घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के गांव सुनारा खुर्द निवासी कपिल शर्मा ईरिक्शा चलाते हैं। मंगलवार को कपिल ई-रिक्शा में पुवायां से गंगसरा सवारियां लेकर जा रहे थे। जैसे ही वह धारा ओवरब्रिज के पास पहुंचे तो सामने से आ रही गांव समुलिया निवासी रवि कुमार की बाइक और ईरिक्शा की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक कपिल शर्मा, बाइक चालक रवि कुमार और ई-रिक्शा में सवार गंगसरा निवासी सीमा देवी व रामकटोरी घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने सीमा देवी और रवि कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं, रामकटोरी और कपिल शर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

यूनिट हेड ने लिया गन्ना बुवाई, बीज की उपलब्धता, गुणवत्ता का जायजा

बंडा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल मकसूदापुर के ग्राम दलेलापुर ज़ोन में यूनिट हेड भुपेंद्र सिंह द्वारा एक व्यापक क्षेत्रीय दौरा किया गया, जिसमें उनके साथ उमेश प्रताप शुक्ला एवं शीतल वर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने गन्ने से संबंधित चल रही गतिविधियों की स्थिति की निरीक्षण करने हेतु तिहार ऐंजनपुर, कुशलापुर, दिहोना, बालेमऊ तिंदुआ नगरिया, सिसोरा सिसोरी, जमुनिया खानपुर एवं मुड़िया कुर्मियात सहित कई गाँवों का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान बसंतकालीन गन्ना बुवाई की प्रगति, बीज की उपलब्धता एवं गुणवत्ता, पेड़ी प्रबंधन तथा खेतों में सिंचाई की स्थिति का निरीक्षण किया गया। क्षेत्रीय अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ कि बुवाई कार्य प्रगति पर है । किसानों को सलाह दी गई कि वे समय पर खरपतवार नियंत्रण, निराई-गुड़ाई, संतुलित उर्वरकों का उपयोग तथा उचित सिंचाई प्रबंधन अपनाएँ, जिससे गन्ना फसल की वृद्धि एवं विकास बेहतर हो सके। निरीक्षण के दौरान कुछ खेतों में टॉप बोरर एवं अर्ली शूट बोरर का प्रकोप पाया गया। यूनिट हेड ने किसानों को खेतों में ही इसकी पहचान कराई तथा इसके प्रभावी नियंत्रण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी, ताकि फसल को होने वाले नुकसान को न्यूनतम किया जा सके और उत्पादन में वृद्धि हो सके। इसके अतिरिक्त, गन्ने की उपज बढ़ाने हेतु आवश्यक शस्य क्रियाओं, जैसे मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, खेत की उचित तैयारी, समय पर निराई-गुड़ाई, सिंचाई एवं संतुलित उर्वरकों का प्रयोग, हरी खाद एवं देशी खाद के उपयोगकृके बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही, एकीकृत कीट प्रबंधन पद्धतियों को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान गाँव में किसानों के साथ बैठक कर संवाद भी किया गया। जिसमें अनेक किसानों ने गन्ना बुवाई हेतु बीज की मांग रखी। युनिट हेड ने क्षेत्रीय गन्ना अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक गन्ना बुवाई करने हेतु बीज की व्यवस्था एवं उपलब्धतता सुनिश्चित करे, पेडी प्रबंधन, सिंचाई एवं जिन खेतो में अर्ली सूट बोरर एवं टॉप बोरर है या अन्य कीट का प्रकोप पाया जाये तुरंत किसान को उसके नियंत्रण के उपाय कराना सुनिश्चित करे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, विपक्ष का पुतला फूंका

सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संसद में महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। आरोप है कि महिला सम्मान से संबंधित बिल पारित न होने पर नाराज कार्यकर्ताओं ने सिंधौली कोतवाली के सामने हाईवे पर ÷ईडी गठबंधन÷ का पुतला फूंका और विरोध दर्ज कराया।

यह प्रदर्शन ब्लॉक प्रमुख पति मुनेश्वर दयाल सिंह और सौरभ सोमवंशी के नेतृत्व में किया गया। कार्यकर्ता ब्लॉक परिसर से एकत्र होकर नारेबाजी करते हुए कोतवाली गेट के सामने पहुंचे, जहां उन्होंने पुतला दहन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने महिला अधिकारों और सम्मान से जुड़े मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठाए और कहा कि महिलाओं के हित में जरूरी कानूनों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कार्यकर्ताओं का कहना था कि संसद में महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण बिल को पारित न करना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने इसे महिलाओं के साथ अन्याय बताते हुए सरकार से जल्द इस दिशा में ठोस कदम उठाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इस मौके पर मनीष गुप्ता, मुकेश दीक्षित, जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र पाल, सतेंद्र सक्सेना, सत्यपाल सिंह, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, अनिल वर्मा, प्रदीप अवस्थी, जीवेन्द्र गुप्ता, संजीत अवस्थी, आशीष मिश्रा, प्रदीप सिंह चौहान, नन्ही शर्मा, मोनी देवी, किरन और रिंकी वर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

आसमान से बरसती आग, खुले आसमान के नीचे पानी की जद्दोजहद

गंगा एक्सप्रेस-वे के शुभारंभ में ग्रामीणों को ले जाने के लिए ओसीएफ रामलीला मैदान में खड़ी हुई 250 बसें चालक-परिचालकों को नही मिला पीने तक को पानी, धूप में सिर छिपाने की भी नहीं मिली जगह

शाहजहांपुर। गंगा एक्सप्रेस-वे के शुभारंभ के लिए जनपद से लोगों को प्रधानमंत्री की सभा में ले जाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई हैं। लेकिन जो 250 बसें मुरादाबाद, बरेली व बदायूं से शाहजहांपुर पहुंची हैं, उनको ओसीएफ रामलीला मैदान में एक दिन पहले रोका गया हैं। वहां से उनको लोकल रूटों से गांवों के लिए भेजा जाना था। वहां से वह ग्रामीणों को लेकर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल जनपद हरदोई के तहसील बिलग्राम के श्यामपुर जाएंगे। लेकिन इन बसों के चालक-परिचालकों के लिए जमीनी स्तर पर जिम्मेदारों द्वारा पेयजल और गर्मी से बचने के लिए छाया के साथ सुलभ शौचालय की भी व्यवस्था नही की गई। जिससे चालक-परिचालकों को भीषण गर्मी में खुलेआसमान के नीचे रूकना पड़ा। 40 के पार तापमान में रोडवेज बस के कंडक्टर व ड्राइवर पीने के पानी के लिए जददोजहद करते नजर आए। उन्होंने जिम्मेदारों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि मात्र 225 रुपये उन लोगों को खाना पानी के लिए दिए गए हैं। इसमें क्या होने वाला है। पीनी के लिए न पानी न मोबाइल टायलेट व न सिर छिपाने के लिए कोई टेंट बगैरह उपलब्ध कराया गया। बता दें कि कल 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेस वे के लोकार्पण के लिए शाहजहांपुर से 250 रोडवेज बसों को लगाया गया है। यह बसे गांव गांव जाकर पब्लिक को एकत्रित कर कार्यक्रम स्थल ले जाएगी और वापस लाकर छोड़ेगी। यह बसें मुरादाबाद, बरेली व बदायूं से यहां आई है। साथ ही साथ 100 बसें शाहजहांपुर डिपो की कल ही हरदोई भेज दी गई है। इन बसों का चालक परिचालकों ने कहा कि तीन चार दिन लगेगे और यहां कुछ भी हम लोगों के लिए व्यवस्थाएं नही की गई है। पीने के पानी के लिए संकट विकराल है। कैसे हम लोग आगे का सफर तय करेगै। कोई भी परिवहन विभाग व प्रशासन का अधिकारी सुध नहीं लेने आया है। 225 रपये दिए गए हैं, क्या होगा। वही रोडवेज एआरएम का कहना है कि कोई दिक्कत नही है। पानी की बोतलें व बिस्किट बंटवाए गये है। सवाल यह है कि जब लोकार्पण ही करना है तो इतनी भीड़ की जरूरत क्या है। वो भी इतनी चिलचिलाती धूप में बेचारे ड्राइवर कंडक्टर तो परेशान होगे ही वही जो ग्रामीण बसों से जाएगें तो उनको भी दुश्वारियां होगी। सबसे ज्यादा दिक्कत लोकल चलने वाले यात्रियों को आनी शुरू हो गई है। क्योंकि बसों को हरदोई भेजा गया है।

> रोडवेज एआरएम अरूण कुमार ने बताया कि जनपद से 100 बसें जा रहीं है, चालक-परिचालक को 450 रुपए खाना-खर्चा के दिए जा रहे हैं। 500 बोतल पानी और बिस्कुट वितरित कराए है। यात्रियों को किसी तरह की कोई दिक्कत नही आने दी जाएगी, हमारे पास अभी 130 बसें अनुबंधित मिलाकर उपलब्ध हैं।

शुभारंभः गंगा किनारे वाला एक्सप्रेस-वे, गंगा एक्सप्रेस-वे पर आज से भरिए फर्राटे

- 36 हजार करोड़ की लागत से मेरठ टू प्रयागराज 594 किमी एक्सप्रेस वे बनकर तैयार
- प्रधानमंत्री ने शाहजहांपुर में 2021 में शिलान्यास, आज हरदोई में लोकार्पण

रामलड़ैते तिवारी

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर वासियों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस गंगा एक्सप्रेस वे की सौगात आज बुधवार को मिलने जा रही है। लोकार्पण हरदोई जनपद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। यह एक्सप्रेस-वे देश का सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस वे है। 12 जनपदों को जोड़ने वाला 594 किमी लंबा एक्सप्रेस वे मेरठ से प्रयागराज जाता है। खास बात यह है कि यह एक्सप्रेस वे शाहजहांपुर में 41 किमी में तीन तहसील तिलहर, सदर व जलालाबाद को जोड़ता है। यहां पर जहां रोड कनेक्टिविटी बेहतर होगी, वही औद्योगिक गलियारा बनने से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। यह एक्सप्रेसवे प्रदेश के 12 जिलों (मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज) को आपस में कनेक्ट कर देगा। इससे लोगों को कम समय में आने-जाने में काफी सहूलियत होगी। प्रयागराज से मेरठ की दूरी मात्र 6 घंटे में समेट देगा। 120 किमी/घंटा की रफ्तार, एयरस्ट्रिप, हाईटेक टोल और दुर्घटना रोकने वाली अलर्ट स्ट्रिप्स जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस यह प्रोजेक्ट यूपी की कनेक्टिविटी बदल देगा। बताते चले कि दिसंबर 2021 में प्रधानमंत्री ने शाहजहांपुर में शिलान्यास किया था। उद्घाटन के लिए हरदोई को रखा गया है। बिलग्राम तहसील क्षेत्र के मल्लावां कोतवाली में आने वाले श्यामपुर को चिह्नित किया गया है। शाहजहांपुर से भी अधिकारियों को ड्यूटी के लिए लगाया गया है। बता दें कि जनपद हरदोई में गंगा एक्सप्रेस वे की सबसे अधिक लंबाई है।

> गंगा एक्सप्रेस-वे की आज देश को सौगात प्रधानमंत्री देने जा रहे हैं। यह एक्सप्रेस वे शाहजहांपुर के लिए मील का पत्थर साबित होगा। यहां से हाईकोर्ट की दूरी कम होगी और यातायात सुगम होगा। लगभग 15 हजार लोग यहां से कार्यक्रम के लिए जा रहे हैं। इनके लिए ट्रासपोर्ट की व खाने पीने की व्यवस्था की गई है। किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।
> -केसी मिश्रा, जिलाध्यक्ष भाजपा

एक्सप्रेस-वे की रफ्तार देखने शाहजहांपुर से जाएगें 15 हजार लोग

वर्ष 2021 में शाहजहांपुर के रोजा रेलवे मैदान में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मेरठ से प्रयागराज को जाने वाले 594 किमी लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास किया गया था। अब उसके लोकार्पण की शुभ घड़ी आज आ गई है। जिसका शुभारंभ हरदोई की बिलग्राम तहसील के गांव श्यामपुर में प्रधानमंत्री करेगें। गंगा एक्सप्रेस वे देश का सबसे बड़ा ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे है। जिस पर 120 प्रति घंटे की रफ्तार से वाहन फर्राटे भरने शुरू कर देगें। मेरठ से प्रयागराज तक सफर मात्र 6 घंटे में पूरा किया जा सकेगा। अब इसकी रफ्तार देखने के लिए जनपद से भी 15 हजार लोग बसों द्वारा कार्यक्रम स्थल जा रहे हैं।इनके लिए 300 बसों की व्यवस्था कराई गई है। जोकि गांव गांव जाकर लोगों को बैठाकर मंगलवार को रवाना की गई। साथ ही 500 छोटी गाड़ियां भी लगाई गई है। जिससे कि किसी तरह की दिक्कतें वहां जाने के लिए लोगों को न उठानी पड़े।

खबरें एक नजर में

संदिग्ध परिस्थितियों में दूसरी पत्नी का शव फंदे पर लटका मिला, पति पर हत्या का आरोप

बंडा, शाहजहांपुर। बंडा कस्बे के गायत्री नगर मोहल्ले में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक 23 वर्षीय विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका के परिजनों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया है। बंडा के आलमपुर पिपरिया गांव निवासी नीटू ने दो शादियां की थीं। वह अपनी पहली पत्नी के साथ पैतृक गांव में रह रहा था, जबकि दूसरी पत्नी प्रियंका (23) को उसने बंडा के गायत्री नगर मोहल्ले में किराए का मकान लेकर रखा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार को किसी बात को लेकर पति और प्रियंका के बीच विवाद हुआ था। शाम करीब चार बजे प्रियंका का 12 वर्षीय भाई वीर सिंह जब घर पहुँचा, तो उसने अपनी बहन को रस्सी के सहारे कुंडे से लटका हुआ पाया। बच्चे के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया। मृतका की मां गुड्डी देवी और बहन रूबी ने प्रियंका के पति पर गला दबाकर हत्या करने और उसके बाद शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। खबर लिखे जाने तक परिजनों की ओर से पुलिस को कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आरोपों के आधार पर मामले की गहनता से जांच-पड़ताल कर रही है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

एएसपी ग्रामीण ने पुलिस बल के साथ बाजारों में किया रूट मार्च

जलालाबाद, शाहजहांपुर। जलालाबाद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दीक्षा भाँवरे ने भारी पुलिस बल के साथ थाना जलालाबाद क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान संदिग्धों की चेकिंग की गई और व्यापारियों व आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। बाजारों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सघन चेकिंग मंगलवार शाम को एएसपी ग्रामीण ने थाना जलालाबाद पुलिस के साथ कस्बे के मुख्य बाजारों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले संवेदनशील इलाकों में पैदल भ्रमण किया। अधिकारी ने स्वयं स्थलीय निरीक्षण करते हुए सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। पैदल गश्त के दौरान पुलिस टीम ने प्रमुख स्थलों पर रुककर स्थिति को देखा और असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने की हिदायत दी। पुलिस के इस सघन अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों के भीतर सुरक्षा की भावना को जगाना और अपराधियों में भय पैदा करना है। विभाग का कहना है कि जनपद में अपराध नियंत्रण और सुदृढ़ कानून-व्यवस्था के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। गश्त के दौरान ट्रैफिक नियमों का पालन करने और बाजारों में अतिक्रमण न करने की भी अपील की गई।

40 शिकायतों का मौके पर जाकर पुलिस ने कराया निस्तारण

शाहजहांपुर। जनशिकायतों के निस्तारण में तेजी व पारदर्शिता, निष्पक्षता हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत पुलिस द्वारा शिकायतकर्ताओं के मौके पर जा कर कुल 40 शिकायतों का निस्तारण किया गया। येएसपी सौरभ दीक्षित दीक्षित के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में जनपद में आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु चलाया जा रहा है विशेष अभियान । इस अभियान के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को नामित किया गया है। विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ता के मौके पर जाकर किया जा रहा है शिकायतों का निस्तारण। प्रत्येक क्षेत्राधिकारी अपने सर्किल के थाना क्षेत्र में कम से कम 01 स्थान व थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में कम से कम 02 स्थानों पर प्रतिदिन मौके पर निस्तारण करेंगे। चलाये गये विशेष अभियान के अन्तर्गत जनपद के समस्त थानों पर प्राप्त शिकायतों में से कुल 40 शिकायतों का किया गया मौके पर निस्तारण। विशेष अभियान के अन्तर्गत शिकायतकर्ता को अपनी शिकायत के निस्तारण हेतु नहीं होना पडेगा परेशान। शाहजहाँपुर पुलिस शिकायतकर्ता के घर मौके पर स्थलीय निरीक्षण कर करेगी शिकायत का समाधान व दोनों पक्षों का फीडबैक लेकर शिकायत के समाधान के सम्बंध में सन्तुष्ट किया जायेगा। शिकायतकर्ता को बार-बार थाने अथवा उच्चाधिकारियों के पास पुलिस ऑफिस आने की आवश्यकता नहीं पडेगी, उसकी शिकायत का निस्तारण और बेहतर तरीके से मौके पर हो पायेगा।

डीएम ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉप करने वाले 30 छात्र-छात्राओं को आवास पर बुलाकर किया सम्मानित

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को जिलाधिकारी आवास पर जनपद के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के टॉप करने वाले कुल 30 में छात्र छात्राओं हाईस्कूल के 18 एवं इंटरमीडिएट के 12 टॉपर्स के साथ संवाद कर उनके भविष्य, उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से उनके करियर लक्ष्य, पढ़ाई की रणनीति और भविष्य में क्या बनने की इच्छा है, इस पर बातचीत की। छात्रों ने भी अपनी तैयारी, चुनौतियों और विचार जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी तथा एसपी सिटी देवेंद्र कुमार के साथ साझा किए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए प्रेरित करते हुए उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहकर पाठ्यक्रम की गहन तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई के साथ साथ सामान्य ज्ञान, बेसिक जानकारी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी समान रूप से आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी एवं अंग्रेजी समाचार पत्र पढ़ने, अंग्रेजी भाषा सीखने और दैनिक जीवन में अंग्रेजी शब्दों के प्रयोग की आदत विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय विद्यार्थियों के लिए स्वर्णिम अवसरों का दौर है, इसलिए उन्हें अपने अध्ययन काल का अधिकतम सदुपयोग करना चाहिए। जिलाधिकारी ने बच्चों में पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि जनपद के 165 ग्रामों में पुस्तकालय स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध हो सकें। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जो विद्यार्थी को मेडिकल एवं इंजीनियरिंग जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बाहर जाना चाहते हैं, उनका समुचित असेसमेंट कराया जाए। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने सभी विद्यार्थियों को उपहार भेंट किए तथा उन्हें अपने आवास का भ्रमण भी कराया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश कुमार एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता उपस्थित रहे।

नगरायुक्त की अध्यक्षता में संभव जनसुनवाई आयोजित

जनहित शिकायतों को प्राथमिकता दें अधिकारी: सौम्या

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

नगर निगम में आने वाली शिकायतों को लंबित न रखा जाए, ससमय निस्तारण करते हुए जनहित शिकायतों को प्राथमिकता में रखें, अधिकारी और किसी तरह की दिक्कतें नागरिकों को न आए। उक्त दिशा निर्देश नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी ने संभव जनसुनवाई में अधीनस्थों को दिए।नगर आयुक्त की अध्यक्षता में सम्भवके अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। नगर आयुक्त ने जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 8 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर ही 1 समस्या का निस्तारण किया गया, शेष के निस्तारण हेतु त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, मुख्य अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य आदि मौजूद रहे।

पति की गलत आदतों से पत्नी परेशान

जैतीपुर-शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के कोटा खास मजरा गौटिया गांव की ममता ने अपने पति की गलत आदतों से परेशान होकर थाने में प्रार्थना पत्र देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। महिला ने पुलिस को बताया कि उसके तीन छोटे बच्चे हैं। उसका पति शराबी है और अपना अधिकांश समय बिलगरी गांव के एक व्यक्ति के घर पर बिताता है। और गेहूं बेचकर सारा पैसा भी उसी व्यक्ति को दे दिया है। जब विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई। आरोप लगाया कि उसकी सास भी इस मामले में कुछ नहीं कहती हैं। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया मामले की जांच की जा रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को किया जागरूक

सिंधौली, शाहजहांपुर। महिला पुलिस टीम द्वारा कस्बे में महिलाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला पुलिस कर्मी प्रीति यादव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या आपात स्थिति में वे तुरंत हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सकती हैं। उन्होंने विशेष रूप से 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन), 181 (महिला सहायता हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा) और 101 (फायर सेवा) के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन नंबरों पर कॉल कर महिलाएं अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं और त्वरित सहायता प्राप्त कर सकती हैं। इसके साथ ही प्रीति यादव ने सरकार द्वारा चलाई जा रही सामुदायिक विवाह योजना के बारे में भी महिलाओं को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी में सरकार सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी साझा की गई, जिससे महिलाएं उनका लाभ उठा सकें। इस अवसर पर प्रीति, शीतल सहित अन्य महिला पुलिसकर्मी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जागरूकता अभियान की सराहना की।

विधिना तेरे खेल निराले...

दादी का शव घर में रख पोते की बारात की हुई निकरौसी

मनोज प्रबल

तिलहर - शाहजहांपुर। पोते की बारात की निकरौसी के दौरान अचानक वयोवृद्ध दादी की सांसे थम जाने से स्थिति विकट हो गई। चूंकि शादी की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं सो दादी के शव को फ्रिजर बॉक्स में सहेज कर रखने के बाद बारात ने प्रस्थान किया। सुबह दुल्हन के घर आने के बाद दादी का अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के गांव रजाक पुर में कृष्ण कुमार गंगवार फौजी के मझले बेटे लव की सोमवार को बारात कटरा जाने के लिए निकरौसी रस्म की तैयारी चल रही थी। घर में रिश्तेदारों की चहल पहल थी। ढोलक की थाप पर मंगलगीत गाए जा रहे थे। इसी बीच अचानक लव की वयोवृद्ध दादी हरदेई 92 की अचानक सांसे थम गई। खुशी के मौके पर अचानक गम के बादल मंडराने लगे। गीतों की जगह कोहराम मच गया। बड़े बुजुर्गों की राय बनी कि अंतिम संस्कार करने के बाद विवाह नहीं हो सकता। लिहाजा शव को घर में रखे जाने के साथ वैवाहिक रस्में पूर्ण कर बाद में अंतिम संस्कार कर दिया जाए। लिहाजा तत्काल फ्रिजर बॉक्स मंगवाकर शव को उसमें सुरक्षित कर लिया गया। उधर बर पक्ष ने कन्या पक्ष से वार्ता कर मां के निधन से अवगत कराया। चूंकि दोनों पक्षों की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी थीं। सो ढोल बाजे के बिना ही गमगीन माहौल में बारात की निकरौसी हुई। और बारात गंतव्य ने प्रस्थान किया। रात्रि में समस्त वैवाहिक रस्में पूरी की गई। सुबह

दुल्हन की विदाई कर घर लाने के बाद बूढ़ी दादी के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

तमंचा से स्टंट करने का विरोध करने पर कुलदीप को मारी थी गोली

- 27 को सुबह कार में मिला था खून से लथपथ कुलदीप का शव
- चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

बुकिंग पर लाए कार चालक शाहजहांपुर के मोहल्ला दलेलगंज नई बस्ती निवासी कुलदीप राठौर की दोस्त ने ही गोली मारकर हत्या कर दी थी पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह गाड़ी के अंदर तमंचे से स्टंट कर रहे थे कुलदीप उसका विरोध कर रहा था ।इसी बात पर कुलदीप को गोली मारकर मौत का घाट उतार दिया। पुलिस ने हत्या करने वाले चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कुलदीप हत्याकांड में गिरफ्तार किए गये हत्यारोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि 26 अप्रैल को रात लगभग साढ़े नौ बजे शाहजहांपुर के ही मोहल्ला रोशनगंज के सचिन पुत्र राजेंद्र कुमार ने कुलदीप राठौर को फोन करके दोस्त अर्जुन के मामा की बेटी की शादी में जाने के लिए गाड़ी बुक करके ले जाने को कहा जिस पर कुलदीप राठौर गाड़ी लेकर पहुंच गया। गाड़ी में चार दोस्त सचिन पुत्र राजेंद्र निवासी मोहल्ला रोशनगंज, कौशल कुमार उर्फ नन्हे पुत्र शांति प्रसाद निवासी मोहल्ला बड़ी बिसरात हुसैनपुरा शाहजहांपुर, अमन पुत्र रविंद्र मौर्य निवासी शिव कॉलोनी हयातपुरा, अर्जुन पुत्र रामनरेश निवासी मोहल्ला हयातपुरा शाहजहांपुर गाड़ी में बैठकर पुवायां के गांव सादापुर में शादी समारोह में शामिल होने आए। इसी दौरान अर्जुन अपने साथ अवैध तमंचा लेकर आया था। जिससे गाड़ी के अंदर ही स्टंट कर रहे थे। कुलदीप ने इस बात का विरोध किया तो अर्जुन ने कुलदीप को गोली मारकर हत्या कर दी। जिसके बाद साक्ष्य मिटाने तथा मृतक कुलदीप की पहचान न हो सके इसलिए उसकी पर्स और मोबाइल लेकर मौके से भाग गए। रास्ते में शारदा नहर में मोबाइल एवं पर्स में फेंक दी। कोतवाल आरके रावत ने बताया कि मोबाइल डिटेल के आधार पर चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिन्होंने पूछताछ में घटना कबूल करते हुए सच-सच बताया। जिसके बाद पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया।

आईटीआई में अप्रेंटिसशिप मेला कल

रोजा, शाहजहांपुर। रोजा के आईटीआई में 30 अप्रैल को अप्रेंटिस मेले का आयोजन होगा। युवाओं को रोजगारपरक कौशल सीखने व व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। आईटीआई के प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने बताया कि अप्रेंटिसशिप मेला सोमवार को प्रातः दस बजे से शाम साढ़े तीन बजे तक आयोजित किया जाएगा। मेले में सरकारी व गैर सरकारी कंपनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी पोटर्ल पर अपना पंजीकरण कराकर मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। श्री कुमार ने बताया कि संस्थान पर भी एक निरूशुल्क पंजीकरण कांउन्टर खोला गया है। प्रशिक्षार्थी समस्त शैक्षिक अभिलेखों व एक फोटो के साथ पंजीकरण करा सकते हैं।

पत्नी के चरित्र पर संदेह में फावड़े से गर्दन काटकर की हत्या

- एसपी ग्रामीण ने किया घटना का मौका मुआयना, पति हिरासत में

मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के ग्राम भौंती में अधेड़ छत्रपाल वर्मा ने मंगलवार को दुपहरी में सोते समय अपनी 50 वर्षीय पत्नी सोमवती की फावड़े से गर्दन काटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला, सीओ अजय कुमार राय और एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने फोरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने गांव से दूर बाग में छिपे पत्नी के हत्यारे पति छत्रपाल को गिरफ्तार कर आला कत्ल फावड़ा बरामद कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने बताया कि आरोपी छत्रपाल अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। पति का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। उसे गांव के लोग पत्नी के चरित्र को लेकर हवा देते रहते थे। जिससे आए दिन पति पत्नी के बीच विवाद होता रहता था। मंगलवार दुपहर लगभग दो बजे मृतका सोमवती अपने घर की गैलरी में जमीन पर सो रही थी। तभी उसके पति छत्रपाल ने फावड़े से उसकी गर्दन काटकर हत्या कर दी। हत्या आरोपी पति पत्नी की हत्या करने के बाद फावड़े में लगे खून को साफ करके घर में ही रखकर भाग गया और गांव से बाहर बाग में जाकर छिप गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बाग में जाकर हत्यारोपी पति को हिरासत में लेकर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल (फावड़ा) घर से ही बरामद कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने बताया कि मृतका सोमवती के छेह बच्चे हैं। जिनमें दो पुत्र दीपांशु और अजीत व मंगेश,रुचि,शालिनी और ममता चार बेटियां हैं। इनमें बड़ी बेटी ममता की शादी हो चुकी है।

सोमवती को मौत घर में खींच लाई

मिर्जापुर। भौंती के ग्रामीणों ने बताया कि दुपहर में मृतका सोमवती गांव में ही एक शादी वाले घर में बुलवा करने गईं थी। वहां बुलवा वाले घर की महिलाएं सोमवती को बहुत रोकती रहीं। किंतु मौत तो मानो उसका इंतजार कर रही थी। महिलाओं के बहुत रोकने के बाद भी सोमवती अपने घर आ गईं और घर की गैलरी में ही जमीन पर फट्टा बिछाकर सो गईं। इसी बीच बाहर से आए पति छत्रपाल ने उसकी गर्दन पर वार करके सिर धड़ से अलग कर दिया।

संबंध विच्छेद

मैंने व मेरी पत्नी रागिनी देवी वर्मा ने अपने पुत्र वासु उर्फ अर्पित वर्मा, पुत्रवधू वैष्णवी वर्मा एवं पौत्री कृतिका वर्मा को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करके संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **विपिन कुमार वर्मा पुत्र गुरूप्रसाद वर्मा नि.मो. भाटनटोला, थाना-कोतवाली, शाहजहांपुर**

बेदखली सूचना

मैंने अपने पुत्र अमनदीप सिंह व बहू जसवीर कौर को गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। **दर्शन सिंह पुत्र गुरमेल सिंह नि.ग्रा. खखरा खुर्द, थाना-बंडा,तहसील-पुवायां, जनपद-शाहजहांपुर।**

तालाब की भूमि पर खड़े पेड़ों को लेकर विवाद

- प्रधान व लेखपाल पर रकम हड़पने का आरोप

खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र के ग्राम गुरघिया में तालाब की पट्टे की भूमि पर खड़े पेड़ों को लेकर विवाद सामने आया है। गांव निवासी हरिओम कश्यप ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम प्रधान और लेखपाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, हरिओम कश्यप का कहना है कि वह तालाब की भूमि का वैध पट्टाधारक है और समय-समय पर सरकारी लगान जमा करता रहा है। आर्थिक तंगी के कारण हाल में लगान जमा न कर पाने की स्थिति बनी। इस बीच उसने अपने द्वारा लगाए गए लगभग 40 पेड़ों को कटवाने के लिए एक ठेकेदार को बुलाया। आरोप है कि सूचना मिलने पर ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर पहुंचे और पेड़ कटान रुकवा दिया। बाद में ठेकेदार से सीधे संपर्क कर पेड़ों की कटाई करवा ली गई। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने विरोध किया, तो उसे प्रधान के घर बुलाकर लेखपाल की मौजूदगी में कानूनी कार्रवाई की धमकी दी गई और सादे कागज पर हस्ताक्षर करा लिए गए। हरिओम कश्यप का कहना है कि पेड़ों की कटाई से प्राप्त लगभग 25 हजार रुपये प्रधान और लेखपाल द्वारा आपस में बांट लिए गए। पीड़ित ने मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल प्रशासन की ओर से मामले की जांच की बात कही जा रही है।

> यदि लिखित रूप से शिकायत मिलती है तो जांच कर संबंधित पर कार्यवाही कराई जाएगी।
>
> -धर्मेंद्र प्रताप सिंह
> जिलाधिकारी, शाहजहांपुर

शाहजहांपुर में शिक्षकों का प्रदर्शन, भ्रष्टाचार के खिलाफ पुतला दहन

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

जनपद में बेसिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में मंगलवार को शिक्षकों का आक्रोश खुलकर सामने आया। भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रमुख शिक्षक संगठनों ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आवाहन पर में बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्रित हुए। इस दौरान शिक्षकों ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए जोरदार नारेबाजी की और मुख्य गेट पर भ्रष्टाचार का पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि विभाग में हो रही अनियमितताओं और शिक्षकों के साथ अन्याय को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके बाद शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र एडीएम न्यायिक को सौंपा। ज्ञापन में विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच कराने, दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने तथा निलंबित शिक्षकों को सवेतन बहाल करने एवं लम्बित विभागीय कार्यवाही को तत्काल समाप्त करने की मांग उठाई। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई और सभी निलंबित शिक्षकों को बहाल कर अन्य विभागीय कार्यवाही समाप्त नहीं की गई, तो आने वाले समय में और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुनीश मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सरताज अली, यूटा के जिलाध्यक्ष विनीत गंगवार, उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजकमल आर्य, उर्दू शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नफीस अहमद, पुवायां अध्यक्ष अश्विनी अवस्थी, सिंधौली अध्यक्ष नवेन्दु मिश्रा, सुनील मौर्या, अरविंद त्रिपाठी, आनंद बिहारी वाजपेई, महानगर अध्यक्ष इमरान सईद, कांट मंत्री उमेश चन्द्र सक्सेना, तिलहर मंत्री अशोक कुमार, बंडा मंत्री आदेश अवस्थी, राकेश रोशन, तहसील तिलहर प्रभारी पवन शुक्ला , विनोद सिंह राजेश सिंह, सचिन अवस्थी, शिवकुमार, सतेन्द्र सिंह, विशेष सिंह, रेनू शुक्ला, अनुराधा, अर्पणा त्रिपाठी, वंदना, गायत्री शुक्ला,रेखा रस्तोगी सहित जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से आए दर्जनों ने प्रतिभाग किया।

शिक्षा और उद्योग का संगम : अलीगढ़ के औद्योगिक पुनर्जागरण और आत्मनिर्भरता की नई इबारत

अलीगढ़ जनपद की पहचान सदैव से उसके ऐतिहासिक गौरव, उच्च शैक्षणिक विरासत और विश्व प्रसिद्ध तालों से रही है, लेकिन अब यह जनपद अपनी पारंपरिक पहचान को आधुनिक औद्योगिक आवश्यकताओं के साथ जोड़कर एक बड़े बदलाव की दहलीज पर खड़ा है। उत्तर प्रदेश सरकार की वर्तमान पहल, जो स्थानीय उद्योगों की मांग के अनुरूप आईटीआई और पॉलिटेक्निक संस्थानों के पाठ्यक्रमों को नया स्वरूप देने की दिशा में अग्रसर है, न केवल एक प्रशासनिक सुधार है बल्कि यह स्किल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे राष्ट्रीय संकल्पों को धरातल पर उतारने का एक सशक्त माध्यम भी है।

मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार प्रो. डीपी सिंह के हालिया अलीगढ़ दौरे ने इस विजन को और स्पष्ट कर दिया है कि अब समय पारंपरिक किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर कौशल आधारित व्यावहारिक शिक्षा को अपनाने का है। यह पहल एक जनपद, एक उत्पाद योजना को सीधे शिक्षा तंत्र से जोड़ती है, जिससे स्थानीय युवाओं को अपनी ही माटी में रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें। अलीगढ़ के संदर्भ में इसका औचित्य और भी गहरा हो जाता है क्योंकि यहाँ का ताला और हार्डवेयर उद्योग केवल एक व्यापार नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक विरासत है। यदि तकनीकी संस्थानों में ताला निर्माण, आधुनिक मशीनिंग और गुणवत्ता नियंत्रण जैसे विषयों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाता है, तो इससे शिक्षा और उद्योग के बीच की वह दूरी समाप्त हो जाएगी जो अक्सर स्नातक होने के बाद भी युवाओं को बेरोजगार बनाए रखती है। वर्तमान समसामयिक परिदृश्य में जब जेवर एयरपोर्ट और डिफेंस कॉरिडोर जैसे विशाल प्रोजेक्ट्स पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आर्थिक तस्वीर बदल रहे हैं, तब कुशल जनशक्ति की मांग भी तेजी से बढ़ी है। सीमेंट उद्योग और उभरते औद्योगिक क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए नए ट्रेड और कौशल आधारित पाठ्यक्रम यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थानीय प्रतिभाओं को बाहरी दुनिया में भटकने के बजाय स्थानीय स्तर पर ही सम्मानजनक आजीविका मिले।

यह रणनीतिक बदलाव छात्रों को न केवल नौकरी पाने के काबिल बनाएगा, बल्कि उनमें उद्यमिता का बीज भी बोएगा, जिससे वे छोटे-छोटे स्टार्टअप और कार्यशालाओं के माध्यम से स्वयं रोजगार दाता बन सकेंगे। इस योजना की सबसे बड़ी विशेषता शिक्षाविदों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के बीच समन्वय स्थापित करना है, ताकि समय-समय पर पाठ्यक्रमों को बाजार की मांग के अनुसार अपडेट किया जा सके। जेडी माध्यमिक मनोज गिरी जैसे अधिकारियों का इस पहल को समर्थन देना इस बात की पुष्टि करता है कि शासन और प्रशासन दोनों ही शिक्षा को विकास और समृद्धि का आधार बनाने के लिए कटिबद्ध हैं। समग्र रूप से देखा जाए तो अलीगढ़ की यह इंडस्ट्री-कनेक्ट शिक्षा प्रणाली पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकती है। यह पहल साबित करती है कि जब शिक्षा को स्थानीय जरूरतों और संभावनाओं के साथ जोड़ा जाता है, तो वह केवल डिग्री देने का माध्यम नहीं रह जाती, बल्कि समाज के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण की रीढ़ बन जाती है। शिक्षा, रोजगार और उद्योग की यह त्रिवेणी अलीगढ़ के युवाओं के भविष्य को संवारने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक नई गति और नई ऊंचाई प्रदान करने की क्षमता रखती है।

अयोध्या में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ईको-टूरिज्म का किया जा रहा है विकास

गिरीश्वर मिश्र

आज के बढ़ते औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण में बदलते चक्र से व्यक्ति अपने जीवनशैली में बदलाव लाकर बहुत से गंभीर बीमारियों से छुटकारा पा सकता है। भारतीय जीवनशैली में प्रकृति के साथ ताल-मेल बैठाकर जीने की कला को आदर्श माना गया है। इसी उद्देश्य को लेकर ईको-पर्यटन की अवधारणा सृजित की गई। जिसके अंतर्गत यह परिकल्पना विकसित की गई कि प्रकृति को हानि पहुंचाए बिना मानव एक आदर्श जीवन जी सकता है।

उत्तर प्रदेश में ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाएं सृजित की जा रही है, ताकि पर्यटक रमणीय एवं हरियाली से युक्त वातावरण में कुछ समय बिताकर अपनी दिनचर्या में बदलाव ला सकें। राज्य सरकार ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पर्यटकों के लिए उच्च स्तरीय पर्यटक सुविधाओं के सृजन के साथ पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए 16 परियोजनाएं शुरू की। सैलानियों एवं प्रकृति प्रेमियों के लिए लखनऊ से दुधवा राष्ट्रीय उद्यान के बीच 27 सितंबर, 2024 से वायुयान सेवा शुरू की गयी। जो पर्यटकों को कम समय में दुधवा पार्क की सैर करने के लिए में सहायक हो रही है। बड़ी संख्या में पर्यटक लखनऊ घूमने के बाद दुधवा की तरफ आकर्षित हो रहे है।

इसी प्रकार श्री राम नगरी अयोध्या में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ईको-टूरिज्म का विकास किया जा रहा है। अयोध्या में विश्वस्तरीय मंदिर संग्रहालय की स्थापना की जा रही है, ताकि अयोध्या आने वाले पर्यटक यहां की ऐतिहासिक धरोहरों तथा गौरवशाली इतिहास से रूबरू हो सकें। इसके अलावा अयोध्या शोध संस्थान का अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के रूप में उच्चीकरण किया जा रहा है। इस संस्था के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र, त्याग, बलिदान एवं मर्यादा को संरक्षित रखकर आगे वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके।

अब अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ साथ प्रकृति की हरियाली भी पर्यटको को आकर्षित कर रही है। शहर के कुमारगंज क्षेत्र में स्थित वनस्पति उद्यान को ईको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित करने के लिए परियोजना तैयार की गयी है। इस परियोजना पर लगभग 2.5 करोड़ रूपये की लागत आएगी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल की गयी है। यह विकास कार्य पर्यटन विभाग द्वारा कराया जाएगा।

मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उ0प्र0 सरकार धार्मिक, पर्यटन के साथ-साथ ईको-टूरिज्म को भी बढ़ावा दे रही है। अयोध्या भगवान श्रीराम की नगरी के रूप

में ही विख्यात नहीं है, बल्कि प्रकृति प्रेमियों और पर्यावरण अनुरागियों के लिए भी आकर्षक बनाने की दिशा में प्रयास किया जा रहा है। वनस्पति उद्यान को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि यहां आने वाले पर्यटक प्रकृति का आनंद लेते हुए विशिष्ट अनुभव प्राप्त कर सके। परियोजना के तहत उद्यान में मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण किया जाएगा, जो आगंतुको का स्वागत करेगा और औद्यानिक क्षेत्र विकसित कर विभिन्न प्रकार के पुष्पो, पौधों और ऐरोमेटिक वनस्पतियों का संग्रह किया जाएगा। यह परियोजना अयोध्या में पर्यटन को नई दिशा देने वाली साबित होगी। भगवान श्रीराम के मंदिर, सरयू नदी एवं अन्य धार्मिक स्थलो के साथ-साथ अब प्रकृति का यह खूबसूरत उद्यान भी पर्यटकों को लुभाएगा। इस उद्यान में बच्चों और प्रकृति प्रेमियों के लिए खास बटरफ्लाई गार्डन बनाई जाएगी जहां रंग-बिरंगी तितलियां पर्यटकों को मोहित करेगी। साथ ही कैफेटेरिया की व्यवस्था होगी, जहां पर्यटक पेय और हल्का भोजन ले सकेंगे। टिकट काउंटर भी स्थापित किया जाएगा ताकि प्रवेश व्यवस्था सुव्यवस्थित रहे। पर्यटकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वॉक-वे बनाएं जाएंगे जिन पर चलते हुए उद्यान की हरियाली का आनंद लिया जा सकता है। विभिन्न स्थानों पर विश्राम स्थल और गजेबीहट का निर्माण भी किया जाएगा जहां बैठकर पर्यटक आराम कर सकेंगे।

इन सुविधाओं से उद्यान न केवल देखने लायक बनेगा, बल्कि आगंतुकों, स्कूल के बच्चों, प्रकृति प्रेमियों और विदेशी पर्यटकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य भी सिद्ध होगा। ईको-टूरिज्म में रोजगार एवं आमदनी की अपार संभावनाएं है। इस उद्यान से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेगे और अयोध्या की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मा0 मुख्यमंत्री जी की पहल से अयोध्या नगर धीरे-धीरे धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय पर्यटन का केन्द्र बनता जा रहा है। वनस्पति उद्यान का विकास पूरा होने के बाद यहां सालभर पर्यटकों के आवागमन की संभावना है। यह परियोजना न केवल प्रकृति संरक्षण का प्रतीक है, बल्कि सतत पर्यटन के मामले में माडल के रूप में विकसित होगी।

इसी प्रकार प्रदेश के पक्षी अभ्यारण्यों, वाइल्डलाइफसेंक्चुरी, कतर्निया घाट एवं चूका बीच, पीलीभीत आदि स्थलों पर पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए आवागमन की सुविधाएं सृजित की जा रही है। मा0 मुख्यमंत्री योगी जी के मार्गदर्शन में 2017 के बाद उत्तर प्रदेश पर्यटन नया आकार ले रहा है। प्रत्येक जनपद में कोई न कोई पर्यटन विकास की परियोजनाएं संचालित की जा रही है। कानून व्यवस्था एवं कनेक्टिविटी बेहतर होने से उ0प्र0 में पर्यटकों का आवागमन लगातार बढ़ रहा है। धार्मिक सर्किट एवं बौद्धिष्ट सर्किट के अंतर्गत आने वाले पर्यटन स्थलों को नए सिरे से सजाया व संवारा जा रहा है। साथ-साथ ईको-पर्यटन की संभावनाओं को तलाश करते हुए सैलानियों के लिए हरियाली युक्त रमणीक वातावरण सृजित किया जा रहा है।

प्रदेश में ईको टूरिजम से अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

उत्तर प्रदेश मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम तथा श्री कृष्ण की लीला भूमि होने के साथ ही काशी, मथुरा, वृन्दावन, बरसाना, प्रयागराज, अयोध्या तथा कुशीनगर जैसे अतंरराष्ट्रीय स्थलों के लिए विश्व प्रसिद्ध हैं। इसके अलावा प्राकृतिक सम्पदा रमणीक स्थलों, नदियों-झरनों की भरमार है। उत्तर प्रदेश अब प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण के साथ पर्यटन विकास का नया अध्याय लिख रहा है। नदियों, झरनों, पहाड़ों, पक्षी विहारों और दुर्लभ वन्यजीवों से घिरा उत्तर प्रदेश ईको-टूरिज्म का उभरता केंन्द्र बन रहा है। राज्य सरकार ने ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ईको-टूरिज्म बोर्ड का गठन किया। इसके अन्तर्गत लगभग 27 विभागों को जोड़ कर विभिन्न गतिविधियाँ संचालन करने का निर्णय लिया। बोर्ड के गठन के बाद उत्तर प्रदेश के प्राकृतिक पर्यटन का नक्शा तेजी से बदल रहा है। तीन वर्षों में दर्जनों नए स्थल विकसित किये गये है। जहाँ पहले पर्यटक सिर्फ चुनिंदा गन्तव्यों तक सीमित रहते थे अब वह नए-नए स्थान सैलानियों की पसंद बन रहे है।

ईको-टूरिज्म को लोकप्रिय बनाने के लिए पर्यटन विभाग ने चार वर्षों में 245 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि व्यय की है। इस धनराशि से पर्यटकों को सुविधाएं विकसित की जा रही है। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे है। सुविधाओं के बढ़ने से पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सूर सरोवर, पक्षी बिहार, आगरा, रपड़ी टूरिज्म, फिरोजाबाद और हाथी नाला, बायोडायवर्सिटी पार्क सोनभद्र इसके कुछ प्रमुख उदाहरण है। इको पर्यटन का प्रचलन पूरी दुनियाँ में बढ़ रहा है। पर्यटक नए-नए स्थलों की तलाश में है।

पहले जहाँ पर्यटक केवल लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बहराइच, सोनभद्र और मिर्जापुर तक सीमित थे, वहीं अब रायबरेली, महाराजगंज, मुजफ्फरनगर, बलिया, कुशीनगर, ललितपुर, प्रयागराज बांदा, लखनऊ और सहारनपुर, गोरखपुर जैसे जिलों में भी जाकर प्राकृतिक दृश्यों का अवलोकन कर रहे है। इसको दृष्टिगत रखते हुए ईको पर्यटन की नई परियोजनाएं शुरू की गयी है। इससे पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। दुधवा टाईगर रिजर्व उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म का सबसे बड़ा आकर्षण बन कर उभरा है। इस रिजर्व में दुर्लभ वन्य जीव तथा दर्जनों पक्षी प्रजातियाँ पर्यटकों को आकर्षित करती है। इसी तरह पीलीभीत, अमानगढ़ और रानीपुर टाइगर रिजर्व पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनते जा रहे है। पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार ने प्रशिक्षित नेचर गाइड की एक श्रृंखला तैयार की है। ये गाईड पर्यटकों को विधिवत जानकारी सुलभ कराते है। स्थानीय युवाओं को गाईड, कैन्टीन, कर्मी, कुक और मैंटेनेंस कर्मी के रूप में प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ा गया है। थारूओं द्वारा तैयार किये गये व्यन्जन पर्यटकों को काफी पसंद आ रहे है। दुधवा क्षेत्र में ग्रामीणों को होम-स्टे बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि पर्यटक ग्रामीण जीवन, संस्कृति और खान-पान का आनन्द ले सके। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

दुधवा, कतर्नियाघाट और किशनपुर अभ्यारणों को जोड़ने वाली विस्टाडोम ट्रेन सेवा उत्तर प्रदेश ईको-टूरिजम की नई पहचान बन कर उभरी है। ईको टूरिजम बोर्ड युवाओं को प्रकृति संरक्षण और ईको टूरिजम के मुख्य धारा में ला रहा है। नवाबगंज, उन्नाव और लाख बहोसी, कन्नौज, पक्षी विहारों में विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इसके अलावा सोनभद्र जिले में स्थित सलखन जीवाश्म पार्क पूरे भारत के लिए एक आकर्षण का केन्द्र बनता जा रहा है। यहाँ पर बनी भू-आकृति लगभग 1.4 अरब पुरानी है। यह स्थल धरती पर जीवन की शुरूआती झलक दिखाता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के ईको टूरिज्म मॉडल की सबसे बड़ी ताकत यह है कि यह केवल पर्यटन ही नहीं, बल्कि समुदाय विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण को एक साथ जोड़ता है। उत्तर प्रदेश आज धार्मिक पर्यटन से प्राकृतिक पर्यटन की ओर तेजी से अग्रसर है। ईको टूरिज्म बोर्ड के प्रयासों से यह राज्य न केवल भारत का बल्कि विश्व का एक प्रमुख नेचर टूरिज्म डेस्टिनेशन बनने की ओर अग्रसर है। ईको पर्यटन एक उभरता हुआ क्षेत्र है, इसमें रोजगार की भी प्रचुर सम्भावनायें है। एक पर्यटक 06 लोगों को रोजगार मुहैया कराता है, इससे टूर ऑपरेटर, टैक्सी, गाइड, होटल-रेस्टोरेन्ट और स्थानीय बाजार को रोजगार मिलता है। पर्यटन विभाग पूरे प्रदेश में धार्मिक एवं आस्था से जुड़े स्थलों पर बुनियादी सुविधाएं सुलभ करा रही है। वर्ष 2016 के बाद उत्तर प्रदेश में आये बदलाव से पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पर्यटन अब प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी गतिशील बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वह दिन दूर नहीं जब पर्यटन विभाग प्रदेश को 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

विचार

बंगाल के रण में यूपी के सिंघम पर उठते सवाल

अजय कुमार

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 29 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान से ठीक पहले सूबे की सियासत में जबरदस्त उबाल आ गया है। इस बार विवाद के केंद्र में कोई राजनेता नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश कैडर के चर्चित आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा हैं, जिनकी तैनाती ने चुनाव आयोग से लेकर राजनीतिक गलियारों तक हलचल पैदा कर दी है। दक्षिण 24 परगना जिले में पुलिस पर्यवेक्षक (ऑब्जर्वर) के रूप में तैनात अजय पाल शर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल रहा है, जिसमें वह तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के उम्मीदवार जहांगीर खान के परिजनों और समर्थकों को सख्त लहजे में चेतावनी देते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद बंगाल से लेकर लखनऊ तक की राजनीति गर्मा गई है और चुनाव की निष्पक्षता पर सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। विवाद की शुरुआत तब हुई जब अजय पाल शर्मा को फाल्टा निर्वाचन क्षेत्र के संवेदनशील इलाकों के दौरे पर भेजा गया।

बताया जा रहा है कि उन्हें लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि टीएमसी उम्मीदवार जहांगीर खान के लोग मतदाताओं को धमका रहे हैं और डरा-धमकाकर वोट हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। जब शर्मा भारी सुरक्षा बल के साथ जहांगीर खान के आवास पर पहुंचे, तो वहां का नजारा देख वह भी हैरान रह गए। घर के बाहर पश्चिम बंगाल पुलिस के 14 जवान तैनात थे। नियमों के मुताबिक, जहांगीर को वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है जिसके तहत केवल 10 जवान तैनात होने चाहिए थे। अतिरिक्त चार जवानों की मौजूदगी पर शर्मा ने तत्काल स्थानीय पुलिस अधीक्षक से जवाब तलब किया। लेकिन बात सिर्फ जवानों की संख्या तक सीमित नहीं रही। वायरल वीडियो में शर्मा को यह कहते सुना जा सकता है कि जहांगीर को समझा देना, लोगों को धमकाना बंद कर दे, वरना अच्छे से उसकी खबर लेंगे। उनकी इस कड़क आवाज ने जहां एक तरफ कानून व्यवस्था के समर्थकों को उत्साहित किया, वहीं दूसरी तरफ विपक्षी दलों ने इसे सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करार दिया।

जहांगीर खान, जिन पर यह पूरा विवाद केंद्रित है, दक्षिण 24 परगना की फाल्टा सीट से टीएमसी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। 41 साल के जहांगीर की छवि क्षेत्र में एक प्रभावशाली नेता की है, लेकिन उनके विरोधियों, विशेषकर बीजेपी ने उन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बीजेपी का दावा है कि जहांगीर खान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के बेहद करीबी हैं और उन्हें अभिषेक का दाहिना हाथ कहा जाता है। आरोप तो यहां तक हैं कि वह इलाके में एक बड़ा सिंडिकेट नेटवर्क चलाते हैं जो जमीन हड़पने, तस्करी और संगठित अपराधों में शामिल है। हालांकि, आधिकारिक रिकॉर्ड में जहांगीर खान का दामन साफ दिखता है, उन पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है और उन्होंने अपनी संपत्ति करीब 2.1 करोड़ रुपये घोषित की है। बावजूद इसके, राजनीतिक हलकों में उन्हें भाईपो (भतीजा) के हितों की रक्षा करने वाला सिपाही माना जाता है।अजय पाल शर्मा की इस कार्रवाई पर समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

अखिलेश ने शर्मा को बीजेपी का टेस्ट किया हुआ एजेंट करार देते हुए सोशल मीडिया पर लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखा। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने रामपुर और संभल जैसे इलाकों में जो प्रयोग किए थे, अब उन्हीं अधिकारियों को बंगाल भेजकर मतदाताओं को डराने की कोशिश की जा रही है। अखिलेश यादव ने चेतावनी भरे अंदाज में कहा कि ये अधिकारी जो अनरजिस्टर्ड अंडरग्राउंड सदस्य की तरह काम कर रहे हैं, समय आने पर इनकी जांच होगी और इन्हें खोज निकाला जाएगा। टीएमसी ने भी अखिलेश के सुर में सुर मिलाते हुए शर्मा को मुठभेड़ विशेषज्ञ और ठोक दो संस्कृति का पोषक बताया। टीएमसी का तर्क है कि जिस अधिकारी पर खुद भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप लगे हों, उसे चुनाव आयोग ने निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए कैसे तैनात कर दिया? पार्टी ने जनवरी 2020 की उस घटना का भी जिक्र किया जब शर्मा का तबादला रामपुर से उन्नाव कर दिया गया था और उनके खिलाफ सतर्कता जांच की सिफारिश की गई थी।

दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी अजय पाल शर्मा के समर्थन में मजबूती से खड़ी है। बीजेपी नेताओं का कहना है कि बंगाल में दशकों से चुनावी हिंसा और धांधली का बोलबाला रहा है, जिसे रोकने के लिए शर्मा जैसे सिंघम छवि वाले अधिकारी की सख्त जरूरत थी। पार्टी का मानना है कि जहांगीर खान जैसे लोग, जो सालों से लोगों को वोट डालने से रोकते आए हैं, अब एक ईमानदार अधिकारी की सख्ती से घबरा रहे हैं। बीजेपी ने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में अभिषेक बनर्जी को फाल्टा से 89 प्रतिशत वोट इसीलिए मिले क्योंकि जहांगीर खान ने विपक्ष को बूथों तक फटकने नहीं दिया था।

अब जब प्रशासन निष्पक्ष चुनाव कराने की कोशिश कर रहा है, तो टीएमसी बौखलाहट में निजी हमले कर रही है। जहांगीर खान ने खुद पर लगे आरोपों और शर्मा की चेतावनी पर पलटवार करते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या बताया है। खान का कहना है कि एक पुलिस पर्यवेक्षक का काम शांति व्यवस्था देखना होता है, न कि किसी उम्मीदवार के परिवार को घर जाकर धमकाना। उन्होंने इसे बीजेपी के पक्ष में किया जा रहा गैरकानूनी काम करार दिया और साफ किया कि टीएमसी कार्यकर्ता इन धमकियों से डरने वाले नहीं हैं। जहांगीर के मुताबिक, उन्हें घेरने की यह कोशिश इसलिए हो रही है क्योंकि बीजेपी को अपनी हार साफ नजर आ रही है।इस पूरे प्रकरण ने चुनाव आयोग की भूमिका को भी चर्चा के केंद्र में ला दिया है। आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को बंगाल में तैनात करना एक सोची-समझी रणनीति मानी जा रही है ताकि स्थानीय प्रशासन पर सत्ताधारी दल का दबाव कम किया जा सके। अजय पाल शर्मा, जो 2011 बैच के आईपीएस हैं और वर्तमान में प्रयागराज में तैनात हैं, यूपी में अपनी एनकाउंटर स्पेशलिस्ट की छवि के लिए मशहूर हैं। उनकी कार्यशैली अक्सर विवादों में रहती है, लेकिन आम जनता के बीच उन्हें एक न्यायप्रिय और कड़क अधिकारी के तौर पर देखा जाता है।

बंगाल की संवेदनशील धरती पर उनकी मौजूदगी ने निश्चित रूप से अपराधियों और चुनावी धांधली करने वालों के मन में खौफ पैदा किया है, लेकिन क्या यह कार्रवाई निष्पक्षता की सीमाओं में है या राजनीतिक प्रतिशोध का हिस्सा, यह आने वाले चुनाव परिणाम और आयोग की रिपोर्ट तय करेगी। फिलहाल, फाल्टा की जमीन पर छिड़ी यह जंग अब व्यक्तिगत आरोपों से निकलकर संवैधानिक संस्थाओं की साख तक पहुंच गई है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

साहित्य

लिव इन में होगी निराशा...!

संजय एम तराणेकर

जब रिश्तों की राहों में, सवाल कई उठते हैं,
दिल की खामोशी में, कुछ जवाब छुपते हैं।
साथ चलना अगर दोनों की मर्ज़ी से ही हो,
तो क्यों फिर रिश्तों पर इल्ज़ाम ये जुड़ते हैं?

वो पल जो थे अपने, मुस्कान से ही तो सजे,
क्यों? वक्त के संग, आरोपों के साचे में ढले?
ये प्यार अगर सच्चा था, समझ भी साथ हो,
दर्द की कहानी क्यों बन के रिश्ता ख़ाक हो?

सहमति का मतलब, सम्मान की पक्की डोर,
न कोई ज़ोर-ज़बरदस्ती, न मन पे कोई ज़ोर।
जहाँ दोनों की इच्छा, बराबरी से दिल मिले,
वहीं तो रिश्ते खिलते हैं, जैसे सावन के झूले।

आओ समझें हम, दिल से दिल की ये भाषा,
युवतियों लिव-इन में ना रहना होगी निराशा।
रिश्ते हैं नाजुक, इन्हें शादी से सहेजना सीखें,
सच और विश्वास से, जीवन यात्रा को सींचें।
(संदर्भ - सहमति से लिव-इन है तो ये यौन उत्पीड़न का अपराध कैसे? - जस्टिस नागरत्ना)

राशिफल

मेष:- भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

वृषभ :- भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

मिथुन:- भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में परिश्रम का लाभ मिलेगा।

कर्क:- महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

सिंह :- किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

कन्या:- नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

तुला:- शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

वृश्चिक:- किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

धनु:- रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

मकर:- सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

कुंभ:- पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। नये दायित्वों की पूर्ति होगी।

मीन:- पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

गुजरात नगर निकाय और पंचायत चुनाव में फिर खिला कमल

संजय सक्सेना

गुजरात की राजनीतिक जमीन पर एक बार फिर भाजपा ने अपनी मजबूत पकड़ दिखा दी है। अगले साल विधानसभा चुनावों से ठीक पहले हुए नगर निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा ने जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिससे विपक्षी दलों के चेहरों पर हताशा छा गई। इस बार कुल पंद्रह नगर निगमों, चौंऔनवे नगर पालिकाओं, चौंतीस जिला पंचायतों और ढाई सौ साठ तालुका पंचायतों में मतदान हुआ। नवसारी, गांधीधाम, मोरबी और वापी समेत नौ नए नगर निगमों में भी पहली बार वोट पड़े, और इन सबमें भाजपा ने कमाल कर दिखाया। मतदान में करीब अठारह लाख मतदाताओं ने हिस्सा लिया, जो कुल मतदाताओं का पचपन प्रतिशत से ज्यादा है। बड़े शहरों में भाजपा को खासा समर्थन मिला, जिसने पार्टी को मनोवैज्ञानिक बढ़त दे दी। यह जीत न केवल स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित रही, बल्कि विकास, बुनियादी सुविधाओं और शासन की दक्षता पर जनता के भरोसे को भी उजागर करती है। विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस, को इन चुनावों में करारी शिकस्त मिली, जो उनकी कमजोर संगठन क्षमता और जनाधार खोने का संकेत देती है।

इस जीत ने गुजरात की जनता के मनोबल को ऊंचा कर दिया है। भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है, जबकि विपक्षी खेमे में सन्नाटा पसर गया। राज्य सरकार के विकास कार्यों, जैसे सड़कें, पानी की आपूर्ति, स्वच्छता अभियान और बिजली व्यवस्था पर जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। बड़े शहरों में भाजपा ने न केवल सीटें हथियाईं, बल्कि पार्षदों की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी की। छोटे नगरों और ग्रामीण इलाकों में भी यही कहानी दोहराई गई। यह चुनाव गुजरात मॉडल के पक्ष में एक बड़ा स्टांप लगाने जैसा साबित हुआ। जनता ने साफ संदेश दिया कि स्थानीय स्तर पर शासन की गुणवत्ता ही असली मुद्दा है। भाजपा ने जातिगत समीकरणों को तोड़ते हुए व्यापक समर्थन जुटाया, जो उसके संगठन की ताकत को दर्शाता है। नगर निगम चुनावों में भाजपा ने अपनी ताकत का पूर्ण प्रदर्शन किया। पंद्रह नगर निगमों में से अधिकांश में भाजपा ने साफ बहुमत हासिल कर लिया। अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट जैसे प्रमुख शहरों में भाजपा ने पार्षदों की भारी संख्या जीती। इन शहरों में विकास कार्यों का श्रेय लेकर भाजपा ने मतदाताओं का दिल जीत लिया। उदाहरण के लिए, अहमदाबाद नगर निगम में भाजपा ने कुल सीटों में से आधे से ज्यादा पर कब्जा जमाया। सूरत में भी यही हाल रहा, जहां व्यापारी वर्ग ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया। नए नगर निगमों जैसे गांधीधाम और वापी में पहली बार चुनाव होने पर भाजपा ने सारी सीटें जीत लीं। यह नई जगहों पर भी पार्टी की पैठ बढ़ने का प्रमाण है।

कांग्रेस को इन चुनावों में बुरी तरह पछाड़ा गया। जहां भाजपा ने बड़े शहरों में मजबूत बढ़त बनाई, वहीं कांग्रेस को छोटे-मोटे लाभ ही मिले। सूरत और वडोदरा जैसे शहरों में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। आम आदमी पार्टी ने भी कुछ जगहों पर कोशिश की, लेकिन नतीजे निराशाजनक रहे। जनता ने कांग्रेस को ठुकरा दिया क्योंकि पार्टी स्थानीय मुद्दों पर कमजोर रही। भाजपा ने स्वच्छता, सीवरेज व्यवस्था और सड़क निर्माण जैसे कार्यों पर जोर देकर मतदाताओं को आकर्षित किया। मतदान प्रतिशत पचपन से ऊपर रहने से साफ पता चलता है कि शहरी मतदाता सक्रिय थे और उन्होंने भाज

खबरें एक नजर में

हत्या जैसे मामले में लापरवाही बरतने वाले मल्लावा इंस्पेक्टर निलंबित

हरदोई। मल्लावा थाना के गढ़ी रसूलपुर में एक युवती की फावडे से हत्या करने के मामले में लापरवाही बरतने पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने मल्लावा के प्रभारी निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। थाना मल्लावां पर आवेदिका शिल्पी कुशवाहा पुत्री रामरहीश कुशवाहा निवासी ग्राम गढ़ी रसूलपुर थाना मल्लावां ने हत्याटोपियों के विरुद्ध पूर्व में लिखित शिकायत की थी। लेकिन प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पाण्डेय द्वारा सख्त कार्रवाई न किये जाने से युवती की हत्या हो गई। हलांकि पुलिस ने नामजद पिता पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक श्री मीणा ने सम्बंधित प्रकरण मैं लापरवाही बरतने के कारण प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत पाण्डेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच आसन्न की है। उन्होंने जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों को निर्देशित किया है कि कोई भी पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों/दायित्वों के प्रति उदासीनता/शिथिलता न बरते अन्यथा सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

पास्को एक्ट के वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

टड़ियावां, हरदोई। टड़ियावां पुलिस ने पास्को एक्ट मे वांछित चल रहें आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण में 18 अप्रैल को किशोरी की मां द्वारा थाना टडियावां पर तहरीर दी गयी कि राघवेन्द्र उर्फ रविन्द्र पुत्र जगदीश निवासी ग्राम पीलवानखेडा थाना टडियावां द्वारा उसकी पुत्री के साथ गलत कार्य करने का प्रयास किया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना टडियावां पर आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। उप निरीक्षक रितेश कुमार द्वारा उक्त अभियोग से संबंधित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार एक मई को भरेंगे हुंकार

फतेहपुर। ठगी पीड़ित जमा कर्ता परिवार के जिला अध्यक्ष अंबिका प्रसाद के नेतृत्व में जिला अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें इन लोगों ने कहा की फतेहपुर जिले में लगभग 80 ठग कंपनियों ने 10 लाख लोगों से ठगी की है। लगातार 1 सितंबर 2024 से नहर कॉलोनी परिसर में अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। जिसका 20 महीने पूर्ण होने वाला हैं। लेकिन अभी तक उनकी जमा राशि वापस दिलाने का जो उद्देश्य था वह पूरा नहीं हुआ। इन लोगों ने कहा 1 मई को संगठन के राष्ट्रीय संयोजक मदनलाल आजाद और संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक सूरजदिन विश्वकर्मा नहर कॉलोनी परिसर में हजारों निवेशकों को सम्बोधित करेगें। जिसमें डूबी हुई रकम को वापस पाने हेतु शासन प्रशासन से मांग करेंगे। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में राकेश कुमार साहू, अवधेश कुमार, प्रेम कुमार, डॉक्टर इंद्रपाल, प्रेमलाल, रामकरण, सत्येंद्र कुमार, वंशगोपाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

भैरवा ग्राम पंचायत में सुरेंद्र मौर्य बने प्रधान, हुआ चयन

असोथर, फतेहपुर। विकासखंड हसवा की भैरवा ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए सोमवार को आयोजित बैठक में सुरेंद्र कुमार मौर्य को नया ग्राम प्रधान चुन लिया गया। पूर्व प्रधान राकेश कुमार के 10 मार्च 2026 को मारपीट के मामले में जेल जाने के बाद यह पद रिक्त हो गया था, जिससे गांव के विकास कार्य प्रभावित हो रहे थे। ग्राम पंचायत अधिकारी संदीप कुमार और एडीओ पंचायत कौशलेंद्र कुमार यादव की देखरेख में हुई बैठक में प्रधान पद के लिए सुरेंद्र कुमार मौर्य और सुशीला देवी के बीच मुकाबला था। पंचायत के कुल 13 सदस्यों में से तीन सदस्यकृसुशीला देवी, संध्या देवी तिवारी और प्रदीप पासवानकृबैठक में अनुपस्थित रहे। बैठक में मौजूद 10 सदस्यों ने हाथ उठाकर ध्वनिमत से सुरेंद्र कुमार मौर्य के पक्ष में समर्थन जताया, जिसके बाद उन्हें सर्वसम्मति से ग्राम प्रधान घोषित किया गया। इस दौरान पंचायत सदस्य राजेश कुमार तिवारी, अमन दुबे, भूपेंद्र सिंह, गुड़िया, कल्लू, श्यामू मौर्य, राम सखी, तनुजा और संतोष सहित कई ग्रामीण हंसराज, शशिकांत द्विवेदी, धर्मराज मौर्य, लल्लू, अनुकृपा तिवारी, उमेश और राजूकृमौजूद रहे। चयन प्रक्रिया के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए असोथर थाना पुलिस बल तैनात रहा और पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। ग्रामवासियों को उम्मीद है कि नए प्रधान के नेतृत्व में अब गांव में विकास कार्यों को गति मिलेगी और लंबित योजनाएं जल्द पूरी होंगी।

'छात्र जीवन में परिश्रम, अनुशासन-लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखें'

माधौगढ़ (जालौन)। परशुराम इंटर कॉलेज, गणेश नगर गड़ेरना (माधौगढ़) में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य समारोह एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक धीरज द्विवेदी ने की। समारोह का शुभारंभ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ हुआ, जिससे पूरा वातावरण ज्ञान और प्रेरणा से ओतप्रोत हो उठा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. आश्रय सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने की सीख दी। उन्होंने मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ब्रह्म प्रकाश द्विवेदी, उपप्रधानाचार्य सोहित यादव एवं प्रबंधक धीरज द्विवेदी ने भी विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे होनहार छात्र ही विद्यालय और समाज का भविष्य हैं। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उनके सहयोग की सराहना की। यदि परिणामों की बात करें तो हाईस्कूल वर्ग में संचित कुशवाहा ने 90.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में छात्रा जान्हवी ने 83.6 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में शीर्ष स्थान प्राप्त किया और अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। अन्य कई विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिन्हें मंच पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार बंधुओं में प्रिंस द्विवेदी, अजीत उपाध्याय, संजय कुमार, महेंद्र गौतम, कपिल रावत, रामवीर सिंह चौहान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। समारोह के दौरान विद्यालय परिसर तालियों की गूंज से बार-बार गूंजता रहा। मेधावियों को सम्मानित होते देख अन्य विद्यार्थियों में भी आगे बढ़ने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा जागृत हुई। पूरे कार्यक्रम में अनुशासन, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का विशेष वातावरण देखने को मिला। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं स्टाफका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिभा का सम्मान ही सफलता की सबसे बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे, ताकि विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहन मिलता रहे।

भारतीय हलधर किसान यूनियन ने लखनऊ पहुंच सिंचाई मंत्री को सौंपा ज्ञापन

महोबा। भारती हलधर किसान यूनियन महोबा इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति एवं सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से उनके लखनऊ आवास पहुंचकर मुलाकात की। जनक सिंह परिहार के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने कबरई बांध से प्रभावित गांव विशेष रूप से गंज के साथ अधिकारियों द्वारा किए जा रहे सौतेला व्यवहार शोषण एवं धोखा आदि पर लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर मंत्री ने उन्हें विश्वास दिलाते हुए आश्वासन दिया कि आप लोगों के साथ गलत करने वाले अधिकारियों को बक्सा नहीं जाएगा और उनके द्वारा तत्काल प्रमुख सचिव के माध्यम से पूरी रिपोर्ट तलब करने की बात कही गई। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल में ब्लॉक कबरई अध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, शान सिंह मास्टर, अन्नीलाल, रामदयाल पाल, भागीरथ रैकवार, पंकज अवस्थी, मोतीलाल अहिरवार, लाला खंगार आदि मौजूद रहे।

बोर्ड परीक्षाः अच्छे प्रदर्शन पर बिल्कीस कालेज के छात्रों का सम्मान

शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।

नगर के विल्कीस इन्टर कालेज मूजा गढ़ में एखलाक खान उर्फ राजू सर के मार्ग दर्शन में विद्यार्थियों का सम्मान समारोह मंगलवार दोपहर एक बजे आयोजित किया गया कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी अतिथियो का स्वागत किया बिल्कीस इन्टर कालेज की कक्षा-10 व 12 एक दर्जन से अधिक छात्र/छात्राओं को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुपेश कुमार वर्मा अन्नू एडवोकेट पार्षद नगर निगम शाहजहापुर ने हाईस्कूल की कायनात, आशीष कुमार, नितिन कुमार शहजिल, अंसार व इन्टरमीडिएट की इच्छा अग्निहोत्री, उन्जिला हुदा, श्रेष्ठी द्विवेदी आदि को सम्मनित किया। उन्होंने कालेज के सभी टापर छात्र / छात्राओ के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा शिक्षा से बच्चों का बहुमुखी विकास होता है। जिन विद्यार्थियों ने टॉप करके कोलज व अपने माता पिता का नाम रोशन किया वे सभी बधाई के पात्र हैं।आने वाले समय में इस कोलेज की छात्र/छात्राएं उच्च शिखर पर पहुंच कर कालेज और अपने माता पिता का नाम रोशन करेंगे।

प्रबन्धक शाहिद खान के अतिथि गणो का स्वागत करते हुये कहा कि सभी कालेज के विद्यार्थी व कालेज के अध्यापक/अध्याविकाओं ने लगन मेहनत से छात्र छात्राओं को शिक्षा दी है। आज बेहतरीन शिक्षा के लिये नगर में बिलकीस कालेज का नाम है। इसके लिये मुख्य रूप से राजू सर का बहुत बड़ा योगदान है।

प्रधानाचार्या अजरा नईम ने कहा सभी कालेज के टापर छात्र/छात्रओं ने कालेज व माता पिता का नाम रोशन किया उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हूँ आने बाले वक्त मे इस कालेज की छात्र/छात्राए नगर शाहाबाद का नाम रोशन करेगी। अध्यक्ष रिजवान अली एडवोकेट मे सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि खुशी का महोल देखने को मिल रहा है। वह सिर्फ अच्छी शिक्षा की बदौलत है क्योंकि बिना शिक्षा के हम सब का जीवन अधूरा है। इसलिये शिक्षा जरूरी है शिक्षा से हम सब ऊची ऊची बुलन्दियो पर पहुंच जाते है कालेज के टापर छात्र/छात्राएं बधाई के पात्र हैं। नासिर खान एडवोकेएट, स्वालेह खान एड. सबील खान एड. आदि लोगो ने अपने विचार रखे और छात्र/छात्राओं को बधाई दी। क्रार्यक्रम मे कालेज के अध्यापक बलराम कुशवाहा शिवम प्रजापति नवीन निहार अनुज कुमार तनवीर अली शाहिल खान योगेश कुमार सद्दाम खाँ अध्यापिका साहिबा खान सदफ अनवर रमीजा सिद्धीकी जोहा आदि मौजूद रहे।

पाली पंथवारी देवी मंदिर पर एंटी रोमियो टीम की चेकिंग अभियान

पाली, हरदोई। थाना पाली क्षेत्र में स्थित पंथवारी देवी मंदिर परिसर में आज एंटी रोमियो टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने तथा असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया।इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने मंदिर परिसर में मौजूद लोगों से पूछताछ की और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया। टीम ने युवाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए और महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतने की अपील की।चेकिंग अभियान में महिला कांस्टेबल प्रियंका उपाध्याय, महिला कांस्टेबल रिया गुप्ता, महिला कांस्टेबल प्रीति गौतम एवं महिला कांस्टेबल साक्षी साहू (थाना पाली, हरदोई) मौजूद रहीं। टीम ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए इसे सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक बताया।

एक्सीडेंट का आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरदोई। कछौना पुलिस ने एक्सीडेंट के जिम्मेदार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त विवरण मे 27 अप्रैल को अनित कुमार पुत्र कल्लू ग्राम निर्मलपुर द्वारा थाना कछौना पर तहरीर दी कि अभियुक्त पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम फार्मखेडा थाना कछौना द्वारा ट्रैक्टर से वादी के भाई अनूप को टक्कर मार कर घायल कर दिया, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। इस संबंध में थाना कछौना पर एक्सीडेंट करने वाले नामजद आरोपी के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया । थाना कछौना के उप निरीक्षक शुभम मिश्रा ने उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

निर्धन व मेधावी विद्यार्थियों को दी जाएगी निशुल्क शिक्षाः सत्यवीर शुक्ला

शाहाबाद हरदोई, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को एस.डी. जनता इण्टर कालेज के प्रबंधक सत्यवीर शुक्ला ने प्रेसवार्ता कर बोर्ड मे 85% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को ग्यारहवी और बारहवीं मे निशुल्क शिक्षा देने का एलान किया। इसके आलावा उन्होंने निर्धन और यतीम पढ़ने की इच्छा रखने वाले बच्चों को भी निशुल्क इंटर तक शिक्षा देने का वादा किया। उन्होंने कहा एसडी इंटर कालेज की स्थापना का उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना है उनके स्कूल मे ऐसे मेधावी छात्र/छात्राएं जो आर्थिक स्थित से कमजोर है या जिनके माता पिता नही है, वह शिक्षा प्राप्त करना चाहते है वे शिक्षा से वंचित न रहे।इसलिए उन्हें निशुल्क इंटर तक शिक्षा दी जाएगी जिसमे उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।संस्था का सदैव उद्देश्य रहा है सभी छात्र/छात्राओं को उत्कृष्ठ शिक्षा मिले जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो और वह विधालय सहित अपने परिजनों का नाम रोशन करें।

निशुल्क शिक्षा ग्रहण कराने के क्रम में प्रेस वार्ता के दौरान नगर क्षेत्र के एक इंटरनेशनल स्कूल का छात्र अयान खां अपने पिता मो. शारिक के साथ आया जिसने इस निशुल्क शिक्षा के तहत ग्यारहवीं मे प्रवेश दिया गया।

एसपी ने पुलिस महकमे में किया आंशिक फेरबदल

उरई (जालौन)। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने की मंशा से पुलिस महकमे में फेरबदल किया है। जिसमें अभी तक चुर्खी थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे शिवशंकर सिंह को एट थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी जबकि उरई कोतवाली के क्षेत्र में जेल चौकी इंचार्ज अनिल कुमार को थानाध्यक्ष चुर्खी बनाया गया जबकि एट इंस्पेक्टर पंकज पांडेय को अपराध शाखा उरई के लिये स्थानांतरित किया गया है। उक्त फेरबदल के बाद पुलिस महकमे में इस बात की चर्चायें चलनी शुरू हो गयी है कि आने वाले समय में और भी थानों में फेरबदल किया जा सकता है।

पीड़ित परिवार से मिला सपा का प्रतिनिधि मंडल, दिया मदद का भरोसा

फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।

24 अप्रैल को थाना खागा अन्तर्गत निवासी पीडिता के साथ उसके मंगेतर सुशील मौर्या के सामने गैंगरेप की घटना घटित हुई 2 दिन बाद पुलिस ने कप्तान के दखल और इंस्पेक्टर के लाइन हाजिर के पश्चात रिपोर्ट दर्ज की गई। 2 अभियुक्त गिरफ्तार हुए। मुख्य आरोपी जो अभी फरार है सत्ता की हनक के कारण पीड़ित परिवार पर केस वापिस लेने का दबाव एवं धमकी की बात सुन कर समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में परिजनों पीड़िता व मंगेतर मुख्य चश्मदीद से भेंट कर पार्टी की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिया एवं 25 हजार रूपए की आर्थिक मदद की तथा केस लड़ने के लिए पूरी सहायता देकर न्याय दिलाने का भरोसा दिया, प्रतिनिधि मंडल में मुख्यरूप से जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार, विधान सभा अध्यक्ष डॉ अफसर अली, नगर अध्यक्ष एड. शिव सिंह यादव, पार्टी प्रवक्ता एड. जगदीश सिंह, पार्टी के चेयरमैन एड राजकुमार मौर्या, पूर्व प्रत्याशी रामतीरथ परमहंस, परवेज़ आलम प्रदेश उपाध्यक्ष छात्र सभा, अंकित यादव जिला महासचिव युवजन सभा, नरेश कोरी राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा, पूर्व प्रत्याशी नगर पंचायत अखिलेश मौर्य, रत्नेश रत्ना प्रदेश सचिव महिला सभा, इंजीनियर सिद्धार्थ गौतम, नागेंद्र यादव, जावेद जवाल, चौधर राजेश यादव, देवेंद्र गौतम, मोहसिन राइन, कुलदीप यादव, सत्यप्रकाश यादव, संतोष यादव, आनंद गौतम, विधान सभा कमेटी के पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

भाकियू महात्मा टिकैत की बैठक में स्मार्ट मीटर हटाने की मांग

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन(महात्मा) टिकैत की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष मधुसूदन तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। तो मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव रामदत्त मिश्र ने भाग लिया। इस दौरान बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जारी स्मार्ट मीटर से किसान मजदूर एवं छोटे व्यापारी चार-पांच गुना बिल आने से परेशान है। यह स्मार्ट मीटर अभिलंब हटाए जाएं। बिजली कटौती से शहरी व ग्रामीण सभी परेशान है रोस्टर सुनिश्चित कर निर्वाध विद्युत आपूर्ति की जाए।भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों में जानवर व पक्षी प्यासे मर रहे हैं इसके लिए नहरें चालू कर तालाबों को पानी से भराया जाए। इस दौरान हंसराज सिंह को जिला उपाध्यक्ष, राहुल तोमर को तहसील अध्यक्ष युवा सदर, भदई लोधी को ग्राम अध्यक्ष मलांव, धर्मवीर को मंडा सराय ग्राम अध्यक्ष, विकास तिवारी ग्राम अध्यक्ष सरकंडी मनोनयन के पश्चात माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया और संगठन हित में कार्य करने की अपील की गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित यादव, जिला संरक्षक राजू सिंह, युवा जिलाध्यक्ष काल्लू सिंह, जिला महासचिव जितेंद्र त्रिपाठी, महिला जिलाध्यक्ष रिंकी जायसवाल, अखिलेश सिंह, रामू शुक्ला, दुर्गेश पांडेय, शिव बाबू शर्मा, गुड्डू यादव, मुशीर अहमद, बबलू सिंह चौहान, राजेश प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

प्रेम-प्रसंग में युवती लापता, युवक पर अपहरण का मुकदमा, पुलिस कर रही तलाश

कालपी (जालौन)। नगर क्षेत्र में प्रेम प्रसंग के चलते एक युवती के लापता होने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने नगर निवासी एक युवक पर बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। नगर के एक मोहल्ले की विशेष समुदाय की युवती का रामचबूतरा निवासी युवक शिवम के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों आपसी सहमति से विवाह करना चाहते थे, लेकिन युवती के परिजनों को यह संबंध मंजूर नहीं था। इसी बीच गत सप्ताह दोनों घर से अचानक लापता हो गए। परिजनों ने पहले अपने स्तर पर खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग न लगने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस जब युवक के घर पहुंची तो वहां ताला बंद मिला और परिजन भी गायब थे। इसके बाद युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक शिवम के खिलाफ बहला-फुसलाकर अपहरण करने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच कर रहे टरननगंज चौकी इंचार्ज सुरेश चंद्र ने बताया कि प्रारंभिक जांच में युवक और युवती दोनों के बालिग होने की बात सामने आई है। फिलहाल दोनों की तलाश की जा रही है और बरामद होने पर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

गेहूं क्रय केंद्र का अधिकारियों ने किया निरीक्षण, किसानों से जानी समस्याएं

- बारदाना कमी के बाद अब खरीद ने पकड़ी रफ्तार, अधिकारियों ने दिए निर्देश

कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज़।

मंगलवार को उप जिलाधिकारी ने पीसीएफ के एमडी के साथ मंडी परिसर स्थित गेहूं क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों से बातचीत कर खरीद से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

ज्ञात हो कि 30 अप्रैल से गल्ला मंडी परिसर में विपणन शाखा एवं पीसीएफ द्वारा सरकारी गेहूं खरीद शुरू की गई थी। शुरुआती दिनों में पीसीएफके पास बारदाना की कमी होने के कारण केवल विपणन शाखा द्वारा ही खरीद की जा रही थी, जिससे केन्द्र पर किसानों की लंबी कतारें लग गई थीं और उन्हें कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा था। हालांकि बाद में बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित होने पर खरीद प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार को पीसीएफ के एमडी चन्द्र भूषण एवं डिप्टी आरएमओ गोविन्द उपाध्याय के साथ एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने किसानों से उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद विपणन शाखा प्रभारी रूचिता तथा पीसीएफ केन्द्र प्रभारी धनीराम कुशवाहा को निर्देश दिए कि खरीद में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही तौल प्रक्रिया को क्रमवार (नंबर के अनुसार) कराने के निर्देश दिए गए, जिससे अव्यवस्था न फैले। निरीक्षण के दौरान मंडी सचिव सतीश चंद्र सहित अन्य विभागीय अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

ग्राम दिदवारा में 10 मई को होगी मत्स्य जीवी सहकारी समिति गठन को बैठक

पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।

विकासखंड अंतर्गत न्याय पंचायत ग्राम दिदवारा में 10 मई को मछुआ समुदाय के हितों को ध्यान में रखते हुए मस्त जीवी सहकारी समिति का बैठक कर गठन किया जाएगा। समिति के कार्यवाहक वीरपाल रैकवार निवासी दिदवारा ने जानकारी देते हुए बताया है कि मत्स्य जीवी सहकारी समिति का उद्देश्य संगठित होकर आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। उन्होंने न्याय पंचायत क्षेत्र के इच्छुक सदस्यों मछुआ समुदाय की लोगों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है उन्होंने कहा कि यह बैठक 10 मई को ग्राम दिदवारा में राम जानकी मंदिर के पास स्थित तालाब पर आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि समुदाय के लोगों को समस्या हो तो वह मोबाइल नम्बर 9580990981 पर सम्पर्क कर सकते हैं ।

जनगणना ड्यूटी में विसंगतियों को दूर किए जाने को जनगणना प्रभारी को दिया ज्ञापन

- कम ग्रेड पे वाले शिक्षकों को सुपरवाइजर बनाने से शिक्षकों में है नाराजगी
- जनगणना प्रभारी से विवाद होने पर धरने पर बैठ शिक्षक, उपजिलाधिकारी के पहुंचने पर समाप्त किया धरना

कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जनगणना प्रभारी तहसीलदार को ज्ञापन देकर जनगणना 2027 एवं सुपरवाइजर के रूप में ड्यूटी आवंटित में विसंगतियों को लेकर नाराजगी जताते हुए इन्हें दूर किए जाने की मांग की है। इस दौरान शिक्षकों व तहसीलदार के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिससे शिक्षकगण धरना पर बैठ गये। उपजिलाधिकारी के पहुंचने पर धरना समाप्त कर ज्ञापन दिया।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाअध्यक्ष श्रीमित्र त्रिपाठी के नेतृत्व में जनगणना प्रभारी /तहसीलदार प्रमित सचान को ज्ञापन देकर कहा है कि जनगणना 2027 हेतु शिक्षकों को प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप में नियुक्त किया गया है, जिसमें कुछ विसंगतियां को लेकर संघ ने नाराजगी जताई है। ज्ञापन देने पहुंचे शिक्षकों से प्रभारी का किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जिससे शिक्षक तहसील गेट पर धरना में बैठ गये। उपजिलाधिकारी ने पहुंचकर समझाया तब धरना समाप्त हुआ। उन्होंने ज्ञापन में कहा कि जिस विद्यालय अथवा न्याय पंचायत में पर्याप्त शिक्षक संख्या है, वहां से महिला शिक्षक व प्रधान अध्यापक की ड्यूटी न लगाई जाए, बल्कि अंतिम विकल्प के रूप में ही लगाई जाए। जनगणना ड्यूटी शिक्षकों के विद्यालय के आसपास या मजरों में ही लगाई जाए। वरिष्ठतम एवं ग्रेड पे का ध्यान रखते हुए प्रभारी एवं सुपरवाइजर का निर्धारण किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया है कि कुछ स्थानों पर कम ग्रेट पे वाले शिक्षकों को सुपरवाइजर तथा अधिक ग्रेड पे वाले शिक्षकों को प्रभारी बनाया गया है, जिसे संशोधित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना का कार्य ऑनलाइन किया जाना है। शिक्षकों के मोबाइल में एच एल ओ ऐप वर्जन 11 से कम है, जिससे डाउनलोड नहीं हो रहा है। जबकि शिक्षा विभाग के सभी ऐप कार्य कर रहे हैं। ऐसे में जनगणना का कार्य कैसे हो पाएगा। इस कार्य के लिए जनगणना फीडिंग तक टैबलेट या लैपटॉप की व्यवस्था कराए जाने की मांग की गई है। इस दौरान आधा सैकड़ा शिक्षक मौजूद रहे। ज्ञापन देने बाद कुछ शिक्षिकाओं ने ड्यूटी कटवाने को लेकर तहसीलदार से बात की, जिसपर तहसीलदार ने मना कर दिया। जिससे नाराज शिक्षकों ने तहसील गेट पर विरोध प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गए। मौके पर उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, तहसीलदार प्रमित सचान, बीएसए राहुल मिश्रा ने शिक्षकों समझा बुझाकर मामला शांत कराया। और विरोध प्रदर्शन समाप्त कराया। उपजिलाधिकारी ने बताया कि कुछ शिक्षिकाओं द्वारा ड्यूटी से नाम हटाने के लिए तहसीलदार से दबाव बनाया जा रहा था, जिसके लिए उन्होंने मना कर दिया था। जिससे नाराज शिक्षक धरने पर बैठ गए। बाद में शिक्षकों को को समझा-बुझाकर मामला शांत कराकर धरना समाप्त करा दिया है।

सूचना

बैनामा प्लाट स्थित ग्राम हन्न पसिगवां, तह- शाहाबाद, जिला- हरदोई प्रथम पक्ष सर्वेश कुमार पुत्र ब्रह्मादीन द्वितीय पक्ष श्री राकेश कुमार पुत्र राधेश्याम संपत्ति द्वारा क्षेत्रफल 54 वर्गमीटर बही प्रथम खंड 1177, पृष्ठ 1/24 क्रमांक 3255 दिनांक 13-05-2005 जो वास्तव में कहीं खो गया है।
राकेश कुमार पुत्र राधेश्याम नि.ग्रा. धामपुर, जिला-हरदोई।

पुरानी रंजिश में विपक्षी ने बोला हमला, पीड़ित का पैर टूटा

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। दरवाजे पर सफाई करते समय दरवाजे पर आये विपक्षियों ने पुरानी रंजिश के कारण हमला बोल दिया जिससे पीड़ित का दाहिना पैर की टूट गया ।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली के पूरे मेहरबान मिश्र मजरे बरावां गांव निवासी योगेन्द्र कुमार पुत्र भगवान दीन ने बताया कि बीती 25 अप्रैल की सुबह करीब 6 बजे जब अपने दरवाजे सफाई कर रहा था।

उसी समय पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी लक्ष्मन पुत्र हीरालाल,पप्पू व करन पुत्रगण लक्ष्मन व लक्ष्मनी की पत्नी दरवाजे पर पहुंचे और भद्दी भद्दी गालिया देते हुये लाठी डण्डो से मारने पीटने लगे।

जिससे उसका दाहिना पैर टूट गया और गम्भीर चोटे आई । बताया कि उसकी चीख पुकार सुनकर जब आस पास के लोग बचाने दौडे तो विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये।

डीएम की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

▸ दोषमुक्त प्रकरणों पर सख्ती, प्रभावी पैरवी एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश

समृद्धि न्यूज़

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवम पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की उपस्थिति में अभियोजन कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गत माह में दोषमुक्त हुए प्रकरणों की एक-एक कर समीक्षा करते हुए सभी अभियोजकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकरण में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी अपराधी अभियोजन की कमजोरी के कारण दोषमुक्त न होने पाए। अपने ही बयान से मुकरने के मामलों में धारा 22 के अंतर्गत कार्यवाही के निर्देश समीक्षा के दौरान अपने ही बयानों से मुकर जाने वाले वादियों के विरुद्ध धारा 22 के अंतर्गत कार्यवाही की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में विधिक प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए आवश्यक प्रकीर्ण वाद दर्ज कराए जाएं तथा इस प्रकार के मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित प्रकरणों की विशेष समीक्षा करते हुए सभी अभियोजकों को निर्देश दिए कि ऐसे मामलों में माननीय न्यायालय में प्रभावी, ठोस एवं तथ्यपरक पैरवी सुनिश्चित की जाए, जिससे अपराधियों को कठोर सजा दिलाई जा सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि गैंगेस्टर एक्ट के बेस मुकदमों में भी किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा विवेचना, साक्ष्य संकलन एवं अभियोजन के प्रत्येक चरण में पूरी गंभीरता के साथ कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभियोजकगण अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करते हुए न्यायालय में सरकार का पक्ष मजबूती से रखें, ताकि संगठित अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं से अभियोजन कार्य को अत्यंत गंभीरता से लेने तथा पूर्ण उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में अभियोजन अधिकारी, शासकीय अधिवक्ता एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की जांच के लिए सांसद से की गई मांग

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। जनपद में गतिमान ईसीसी एजुकेटर भर्ती प्रक्रिया में हो रहे भ्रष्टाचार को रोकने की मांग सांसद तनुज पुनिया से की गई हैं। सिविल कोर्ट हैदरगढ़ में अधिवक्ता कृष्ण मगन पांडेय ने सांसद को भेजे गए पत्र में अवगत कराया गया है कि 16 से 25 दिसंबर तक ब्लॉक संसाधन केन्द्र बडेल (मीनी डायट) कम्पोजिट विद्यालय बडेल में एस एम ग्रुप सेवा प्रदाता फर्म द्वारा, सेवायोजन पोर्टल के माध्यम से, रैण्डमाइजेशन प्रक्रिया के तहत फर्जी लोगो का डीवी परीक्षण / मूल अभिलेख जाँच प्रक्रिया कराई जा रही है, जबकि चयन की प्रक्रिया मेरिट व्यवस्था या परीक्षा की व्यवस्था के अनुसार होना चाहिए। युवा सांसद को युवाओं की आवाज बताते हुए उनसे 24 घण्टे के अंदर जिलाधिकारी को अवगत कराकर भर्ती प्रक्रिया रोके जाने की मांग की गई हैं।

40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, 300 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट, अभियोग पंजीकृत

रायबरेली, समृद्धि न्यूज़। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में, आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 01 एवं आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 02 की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा तहसील सदर के थाना गुरुबक्शगंज अंतर्गत ग्राम पथरीगढ़ एवं घाटमपुर में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डों/संदिग्ध घरों पर दबिश की कार्यवाही की गई। दबिश के दौरान 40 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 300 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर नष्ट करते हुए 03 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए।

पत्रकार पर दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच को लेकर गुंजन सिंह ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

अमेठी समृद्धि न्यूज़

मंगलवार को समाजवादी पार्टी महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गुंजन सिंह ने पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय के खिलाफ दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने बताया है कि पत्रकार त्रिपुरारी पाण्डेय के विरुद्ध साइबर क्राइम थाने में बीते 23 अप्रैल को मुकदमा संख्या 03/26 दर्ज किया गया है। गुंजन सिंह का कहना है कि यह मुकदमा पत्रकार की निष्पक्ष पत्रकारिता को दबाने के उद्देश्य से प्रेरित प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि त्रिपुरारी पाण्डेय जनपद में लगातार जनसमस्याओं और भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाते रहे हैं। किसी भी आपत्ति पर सीधे आपराधिक मुकदमा दर्ज करने के बजाय संवादात्मक समाधान संभव था। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मुकदमे की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की गई है। इसमें राजनीतिक दबाव से बचाव, पत्रकारिता की स्वतंत्रता की रक्षा और शिकायत निराधार पाए जाने पर शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्रवाई करने की भी बात कही गई है। गुंजन सिंह ने जोर देकर कहा है कि पत्रकारों पर निराधार मुकदमे दर्ज करने से लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कमजोर होगा। पुलिस अधीक्षक ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।

मंत्री राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों व कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

रायबरेली समृद्धि न्यूज़। मंत्री सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम,खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा तथा वस्त्रोद्योग विभाग उ0प्र0/प्रभारी मंत्री जनपद राकेश सचान ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति एवं विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित कराया जायें कि कोई पात्र व्यक्ति आवास से वंचित न रहें। निराश्रित गोवंश की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि गर्मी के दृष्टिगत पशुओं को लू/हीटवेव से बचाव हेतु सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराया जाये। शत प्रतिशत निराश्रित गोवंशों को आश्रित कराया जायें, गोशालाओं में हरे चारे, छाया आदि की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए, गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत लोगों को प्रेरित कर अधिक से अधिक गोवंशों की सुपुर्दगी करायें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत कराये जा रहे कार्यों को शीघ्र ही पूर्ण कराया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत इस वित्तीय वर्ष में अधिक से अधिक जोड़ों का रजिस्ट्रेशन कराकर लाभान्वित कराया जाए। प्रभारी मंत्री ने आयुष्मान कार्ड की समीक्षा में निर्देश दिये कि पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड बनवाया जायें। किसानों को सिंचाई हेतु नहरों में टेल तक पानी पहुंचाने के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कराया जाए, जिससे किसानों को फसल सिंचाई में कोई दिक्कत न हो, किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत आपूर्ति भी रोस्टर के अनुसार सुनिश्चित करायी जायें। ग्रामीण क्षेत्रों में जले हुए ट्रांसफार्मर को निर्धारित समय में रिप्लेस कराया जाए। पीएमजीवाई विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि सड़कों की नवीनीकरण/मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाए, इसके साथ ही निर्माणकार्य की गुणवत्ता भी सुनिश्चित कराई जाए। सभी विभाग अपने लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करायें, विगत वित्तीय वर्ष के निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि माह मई तक कार्य योजना तैयार कर अक्टूबर एवं नवम्बर तक कार्यों को नियमानुसार पूर्ण करा लिया जाए।

खबरें एक नजर में

ग्राम प्रधानों ने कार्यकाल विस्तार की उठाई मांग, सौंपा ज्ञापन

अमेठी समृद्धि न्यूज़। पंचायतों का कार्यकाल समाप्ति के करीब आते ही ग्राम प्रधानों ने सक्रियता तेज कर दी है। मंगलवार को प्रधान संघ जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाई। प्रधानों ने जिलाधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। साथ ही प्रधानों ने गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह को भी स्थिति से अवगत कराया। उनका कहना है कि वर्तमान परिस्थितियों में समय पर पंचायत चुनाव कराना संभव नहीं दिख रहा, जिससे पंचायत संचालन को लेकर अनिश्चितता बन रही है। ज्ञापन में प्रधानों ने तर्क दिया कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण अभी पूरा नहीं हुआ है। साथ ही, पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन लंबित है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार 'ट्रिपल टेस्ट' की प्रक्रिया भी अधूरी है। इन कारणों से समयबद्ध चुनाव कराना कठिन प्रतीत होता है। प्रधानों ने प्रशासक नियुक्ति की व्यवस्था पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। प्रधानों का मानना है कि निर्वाचित ग्राम प्रधान सीधे जनता से जुड़े होते हैं और क्षेत्र की जरूरतों को बेहतर समझते हैं। जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही तय रहने से विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहती है। अन्य राज्यों का हवाला देते हुए कहा कि समान परिस्थितियों में वहां निर्वाचित प्रतिनिधियों से ही कार्य कराया गया। प्रधान संघ ने प्रशासनिक पारदर्शिता और ग्रामीण विकास को ध्यान में रखते हुए पंचायतों का कार्यकाल एक वर्ष बढ़ाने की मांग दोहराई है। अब सभी की निगाह प्रशासन के फैसले पर टिकी हुई है।

निलंबित सचिव गीतांजलि वर्मा के द्वारा नहीं दिया गया चार्ज : वर्तमान सचिव

सीतापुर। जनपद की ग्राम पंचायत नैपालपुर में तैनाती के दौरान कराए गए विकास कार्यों को लेकर निलंबित ग्राम विकास अधिकारी गीतांजलि वर्मा पर गंभीर आरोप लगातार गहराते जा रहे हैं। अपने कार्यकाल के अभिलेख और पत्रावलियां मौजूदा पंचायत सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह को न सौंप पाने के कारण पहले से सवालों में घिरीं गीतांजलि वर्मा पर अब और भी गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं, जिससे पूरा मामला संदिग्ध होता जा रहा है। जानकारी के अनुसार, नैपालपुर ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का पूरा लेखा-जोखा अब तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। मौजूदा सचिव धीरेंद्र प्रताप सिंह को कार्यभार संभाले एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन इसके बावजूद निलंबित सचिव द्वारा चार्ज हस्तांतरण नहीं किया गया। इस संबंध में उच्च अधिकारियों द्वारा कई बार निर्देश दिए जाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। इससे यह आशंका और मजबूत हो रही है कि कार्यकाल के दौरान वित्तीय अनियमितताएं या फर्जी भुगतान किए गए हो सकते हैं।

गहरे नाले में गिरी तेज रफ्तार अनियंत्रित बाईक चालक जख्मी

अमेठी समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है, जहां थाना क्षेत्र के जगदीशपुर-जायस रोड पर मोहम्मदपुर गांव के पास एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे नाले में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद युवक को नाले से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि बाइक की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे चालक संतुलन खो बैठा और यह हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल जगदीशपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

गौरीगंज मेला महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ

अमेठी समृद्धि न्यूज़। मुख्यालय गौरीगंज स्थित रणंजय इंटर कॉलेज मैदान में सोमवार को गौरीगंज मेला महोत्सव का भव्य उद्घाटन किया गया। मेले का शुभारंभ चेयरमैन प्रतिनिधि दीपक सिंह ने फीता काटकर किया। प्रति वर्ष लगने वाले मेले के उद्घाटन के अवसर पर दीपक सिंह ने कहा कि यह मेला जिले की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि यहां सभी वर्गों के लोगों के लिए मनोरंजन और खरीदारी के साधन उपलब्ध हैं। मेला व्यवस्थापक प्रदीप केसरवानी ने बताया कि इस वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मनोरंजन के लिए जलपरी, मोटर कार, सर्कस, नाव झूला, ऊंचा झूला और बच्चों के लिए मोटर बोट सहित कई झूले लगाए गए हैं। दुकानदारों के अनुसार, मेले में घरेलू सामान से लेकर रोजमर्रा की जरूरत का हर सामान उचित दामों पर उपलब्ध है। ब्रांडेड कपड़ों की दुकानें भी आगंतुकों को आकर्षित कर रही हैं। राघव सिंह ने बताया कि मेले में खाने-पीने की सभी वस्तुएं उपलब्ध हैं। अंशुल ने जानकारी दी कि यहां सभी प्रकार के आइटम उचित दरों पर मिल रहे हैं। शाम होते ही मेले में भीड़ बढ़ने लगती है।

जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई

अमेठी समृद्धि न्यूज़। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का डीएम ने किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी महोदय ने शारदा नदी के किनारे स्थित ग्राम मास्टरपुर में संचालित कटाव निरोधक परियोजना का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्त कार्य 15 जून 2026 के पूर्व प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिये जाएं, जिससे बाढ़ के समय कोई भी समस्या उत्पन्न न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी कार्य मानक के अनुरूप ही पूर्ण किये जायें।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम रतौली में चल रही कटाव निरोधक परियोजना का भी निरीक्षण किया गया।

कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः 732/न0पं0 कम्पिल/पं.दी.द.उ.न.वि.यो./ ई0नि0सू0/2026-27 दिनांक 28/04/ 2026

ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को अनुसचिव, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र दिनांक 27 मार्च 2026 के द्वारा पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, अनुदान संख्या 37 के अन्तर्गत निर्माण कार्यों को कार्य काये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2026-27 में श्समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु ई टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम आमंत्रित की जाती हैं। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार ई-निविदा कमेटी को होगा। निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्न प्रकार है-

विस्तृत शर्ते विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

E-Bid Referance	732/न0पं0 कम्पिल/2026-27
Publish Date And Time For E-Bids	29.04.2026 10:00 A.M.
Start Date And Time For E-Bids	29.04.2026 10:00 A.M.
Last Date & Time For Submission of E-Bids	20.05.2026 05:00 P.M.
Date And Time of Opening E-Bids	21.05.2026 11:00 A.M.
Palace Of Opening of E-Bids	Bid Opening Online at Executive Officer Office, Nagar Panchayat Kampil, Farrukhabad.

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

(राजवती यादव)
अध्यक्षा
नगर पंचायत कम्पिल, फर्रु0

विपक्षी दलों ने आधी आबादी के साथ किया विश्वासघातः रजनी तिवारी

समृद्धि न्यूज़, सीतापुर। 16 और 17 अप्रैल को संसद में महत्वपूर्ण विधेयकों का विरोध कर कांग्रेस समाजवादी पार्टी टीएमसी और डीएमके ने देश की आधी आबादी के साथ विश्वासघात किया है और अपनी महिला विरोधी मानसिकता को पूरी तरह से उजागर कर दिया है। जबकि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है की नीति निर्माण में महिलाओं को भागीदारी देना कोई उपकार नहीं बल्कि उनका स्वाभाविक अधिकार है जिन्होंने इस ऐतिहासिक अवसर में बाधा डाली है उन्हें आने वाले समय में महिलाओं के कड़े आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। उक्त विचार प्रदेश सरकार में मंत्री रजनी तिवारी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकार वार्ता में कहे गए उन्होंने बताया की जहां भारतीय जनता पार्टी में नारी शक्ति का सबसे ज्यादा सम्मान होता है वही विपक्ष ने अपनी कुटिल नीति के तहत उनको मिलने वाले 33% आरक्षण में बाधा लगाई है इसका खामियाजा उन्हें आने वाले समय में जरूर भुगतना होगा। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करती है इसलिए वह लोकतांत्रिक तरीके से महिला शक्ति के सम्मान का मार्ग अपना रही है साथ ही आने वाले समय में नारी शक्ति के सम्मान की लड़ाई निरंतर लड़ती रहेगी आज नारी शक्ति में क्रोध भी है और विपक्ष की इस मानसिकता को देखकर वह दुखी भी है उन्होंने बताया समाजवादी पार्टी जैसे दल कोटा के भीतर धर्म आधारित आरक्षण की संवैधानिक मांग उठाकर प्रक्रिया को टालने की कोशिश कर रहे हैं और तुष्टीकरण को बढ़ावा दे रहे हैं जनता सब देख रही है आने वाले समय में जनता लोकतांत्रिक तरीके से इसका भरपूर जवाब देगी। प्रेस वार्ता के उपरांत स्थानीय गेस्ट हाउस में महिला जन आक्रोश सम्मेलन का आयोजन भी किया गया और वहां पर मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री रजनी तिवारी ने नारी शक्ति का आवाहन करते हुए कहा कि आज नारी शक्ति में जो उबाल है इसका दोषी भारत का विपक्ष है वह विपक्ष जो लंबे समय तक नारी शक्ति की संवेदनाओं के साथ खिलवाड़ करता रहा है और कभी उनको उनका हक प्राप्त करने नहीं दिया है आज जब भारतीय जनता पार्टी उनके हक की बात कर रही है।

जिले में श्रमिकों के लिए लगेगा स्वास्थ्य मेला

अमेठी समृद्धि न्यूज़। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में श्रमिकों और आमजन के लिए विशेष 'श्रमिक स्वास्थ्य एवं आरोग्य मेला' आयोजित किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि यह मेला 28 अप्रैल से 3 मई तक जनपद के विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले के माध्यम से श्रमिकों को उनके कार्यस्थल पर ही निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मेले में डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की जांच, नेत्र परीक्षण, त्वचा रोगों की स्क्रीनिंग, टीबी जांच एवं उपचार, बच्चों का टीकाकरण सहित कई स्वास्थ्य सेवाएं दी जाएंगी। इसके साथ ही आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे।

कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा

पत्रांक/52/एन0पी0के0/निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-28/04/2026

(ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)
अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा राज्य वित्त आयोग निधि से नगर पंचायत, कुलपहाड़ द्वारा निम्नांकित निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 29.04.2026 से 05.05.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 06.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हे विभाग की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ लें।

(प्रवेन्द्र कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद-महोबा

(वैभव अरजरिया)
अध्यक्ष
नगर पंचायत कुलपहाड़
जनपद-महोबा

सेंट पॉल्स विद्यालय में छात्र परिषद का हुआ शपथ ग्रहण

▸ साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

सेंट पॉल्स विद्यालय में शैक्षणिक सत्र के लिए नवगठित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करना और उन्हें जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सब-इंस्पेक्टर मनुज चौधरी, सब-इंस्पेक्टर दीपांजलि वर्मा, हेड कांस्टेबल आबिद अली, प्रेमवीर चौधरी, अरिहंत सिंह, विद्यालय प्रबंधक फादर विंसेंट एवं प्रधानाचार्य फादर संतोष सेलेस्टीन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच छात्र परिषद के सदस्यों को मंच पर आमंत्रित कर बैज व सैश पहनाकर सम्मानित किया गया। शौर्य चतुर्वेदी को विद्यालय कप्तान तथा आरुषि गुप्ता को उपकप्तान चुना गया। विभिन्न हाउसों में ब्लू हाउस से आर्यन व प्रिया यादव, ग्रीन हाउस से सैयद अहमद अली व वर्तिका शाक्य, रेड हाउस से आर्यांश व इशिका मिश्रा तथा येलो हाउस से पार्थ त्रिपाठी व शिवी दुबे का चयन हुआ। जूनियर वर्ग से भी कई विद्यार्थियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। प्रधानाचार्य फादर संतोष सेलेस्टीन ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों को कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सब-इंस्पेक्टर दीपांजलि वर्मा ने छात्राओं को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी तथा हेल्पलाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया। वहीं सब-इंस्पेक्टर मनुज चौधरी ने साइबर जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए इंटरनेट के सकारात्मक व नकारात्मक पहलुओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया और सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मंदिर में पुस्तक मेला आज

कन्नौज। शैक्षिक सत्र 2026 ,27 में माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के नियंत्रणाधीन संस्थानों में परिषद द्वारा अधिकृत पाठ पुस्तकों के प्रचलन पुस्तक जागरूकता का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने दी। जनपद के समस्त माध्यमिक विद्यालयो के प्रधानाचार्यो/अभिभावको तथा छात्र-छात्राओं को सूचित कर निर्देशित किया जाता है कि शैक्षिक सत्र 2026-27 में माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज के नियंत्रणाधीन संस्थाओं में परिषद द्वारा अधिकृत पाठ्य पुस्तकों के प्रचलन, पुस्तक जागरूकता एवं सुलभता हेतु अपने-अपने विद्यालयो के छात्र-छात्राओं व अभिभावको को 29 अप्रैल 2026 को समय 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक कन्हैयालाल सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, मकरन्दनगर, कन्नौज में आयोजित पुस्तक मेले/शिविर मे प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करे, जिससे छात्र-छात्रायें अधिक से अधिक लाभ प्राप्त कर सकें।

विपक्षी दलों के खिलाफ मातृशक्ति ने जताया आक्रोश

छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के नेतृत्व में विपक्षी दलों के खिलाफ मातृशक्ति ने नारे लगाते हुए आक्रोश जताया।

इस अवसर पर प्रिया शाक्य ने कहा संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले विपक्षी दलों की पोल खुल गई है। यह लोग नारियों को आगे बढ़ता कभी नहीं देख सकते। महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सुरक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता के कारण अब नारी अन्याय के खिलाफ मुखर होकर अपने अधिकारों के लिए खड़ी हो रही है विपक्षी पार्टियों की नीतियों से आहत मातृशक्ति आज खुलकर अपने अधिकारों के लिए खड़ी है और अन्याय के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का संकेत दे रही है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार नारी सशक्तिकरण, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं और पहल के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है, जिससे वे हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। नारी शक्ति का सम्मान, राष्ट्र का अभिमान है।

अस्पताल प्रशासन अलर्ट, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

भीषण गर्मी को देखते हुए अस्पताल प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार सिंह ने मंगलवार को ओपीडी और इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी वार्डों में पंखों के साथ-साथ कूलर लगाने तथा वेंटिलेशन व्यवस्था को बेहतर करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को गर्मी से राहत मिल सके।

उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार मरीजों के रजिस्ट्रेशन के लिए अलग काउंटर की व्यवस्था कर दी गई है। इस नए काउंटर पर वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे उन्हें लाइन में अधिक समय तक न खड़ा रहना पड़े। अन्य मरीजों का भी सुचारु रूप से पंजीकरण किया जाएगा, जिससे ओपीडी में भीड़ और अव्यवस्था कम होगी। सीएमएस ने यह भी जानकारी दी कि अस्पताल में सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। गर्मी से बचाव के लिए ओआरएस का भी पर्याप्त स्टॉक रखा गया है। साथ ही मरीजों और उनके परिजनों के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हर समय सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए गए हैं।

सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए अस्पताल परिसर और वार्डों में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। इस दौरान डॉ. विपिन सचान, डॉ. कुलदीप कुमार, स्टाफ नर्स अर्चना और चीफ फार्मासिस्ट देवेंद्र यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

कृभको द्वारा मिट्टी परीक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन

1- खेत के विभिन्न स्थानों से वी आकार में 15-20 सेमी गहराई तक मिट्टी निकालें।
2- कम से कम 8-10 स्थानों से नमूना लेकर उन्हें एक साथ मिलाएं।
3- मिट्टी को छाया में सुखाकर लगभग 500 ग्राम नमूना पैकेट में भरें।
4- पैकेट पर किसान का नाम, गाँव, खसरा संख्या एवं फसल का नाम लिखें।
5- नमूना निकटतम कृभको केंद्र या मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में जमा करें।

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

ग्राम चिलमिलैया, ब्लॉक छिबरामऊ, में कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड (कृभको) द्वारा मिट्टी परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 75 किसनो ने सहभागिता की और मिट्टी परीक्षण की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की। अध्यक्षता कृष्णकांत तिवारी, खंड शिक्षा अधिकारी मुख्य अतिथि अंशुमान यादव, क्षेत्रीय प्रबंधक, कृभको कानपुर मंडल विशिष्ट अतिथि सर्वजीत सिंह, क्षेत्र प्रबंधक, कृभको कन्नौज अन्य उपस्थित अमित राजपूत एवं 75 कृषकगण कृभको के बारे में कृभको (Krishak Bharati Cooperative Limited) भारत की प्रमुख सहकारी उर्वरक संस्था है, जो देश के करोड़ों किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक एवं कृषि सेवाएँ प्रदान करती है। संस्था का मुख्य उद्देश्य किसानों की उत्पादकता बढ़ाना तथा उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना है। कृभको निरंतर किसान जागरूकता कार्यक्रम, प्रशिक्षण शिविर एवं निःशुल्क सेवाओं के माध्यम से ग्रामीण कृषकों के सशक्तिकरण में संलग्न है। मिट्टी परीक्षण के बारे मे कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने किसानों को मिट्टी परीक्षण के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि मिट्टी परीक्षण कराने से भूमि की पोषक तत्वों की वास्तविक स्थिति का पता चलता है, जिससे किसान सही उर्वरक, सही मात्रा में उपयोग कर सकते हैं और अनावश्यक खर्च से बच सकते हैं। मिट्टी नमूना लेने का सही तरीका

कृभको के प्रतिनिधि किसानों के साथ सीधे खेत में गए और प्रत्यक्ष प्रदर्शन के माध्यम से मिट्टी का नमूना लेने की सही विधि सिखाई। निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष रूप से जानकारी दी गई। मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर उर्वरक उपयोग विशेषज्ञों ने किसानों को समझाया कि मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उसी के अनुसार उर्वरकों का उपयोग करना चाहिए। रिपोर्ट में भूमि में नाइट्रोजन (ह), फास्फोरस (क्क) एवं पोटैशियम (च) की मात्रा का उल्लेख होता है। इसके आधार पर उचित उर्वरक का चयन करने से उत्पादन में वृद्धि होती है और मिट्टी की उर्वरक क्षमता भी बनी रहती है खेत में प्रत्यक्ष प्रदर्शन इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि कृभको के प्रतिनिधि श्री अमित राजपूत के नेतृत्व में टीम किसानों के साथ सीधे खेत में गई और व्यावहारिक रूप से मिट्टी नमूना संग्रह का प्रदर्शन किया।

किसानों ने इस प्रत्यक्ष प्रशिक्षण की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे अत्यंत उपयोगी बताया कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि श्री अंशुमान यादव ने कहा कि मिट्टी परीक्षण वैज्ञानिक खेती की आधारशिला है और कृभको इस दिशा में किसानों की निरंतर सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है। अध्यक्षता कर रहे कृष्णकांत तिवारी ने भी कृभको के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की।

कार्यक्रम का सुचारु संचालन सर्वजीत सिंह, क्षेत्र प्रबंधक, कृभको कन्नौज द्वारा किया गया।

कॉलेज में हुए पॉलिटेक्निक चलो अभियान जागरूकता कार्यक्रम

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर के मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, गांधीनगर में पॉलिटेक्निक चलो अभियान 2026 के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य 10वीं और 12वीं के छात्रों को पॉलिटेक्निक के जरिए स्वावलंबन की ओर ले जाना है। 30 अप्रैल अंतिम तिथि, छात्रों में दिखा उत्साह विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों को बताया कि संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलिटेक्निक के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 जनवरी से शुरू हो चुके हैं और 30 अप्रैल 2026 अंतिम तिथि है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कक्षा 10 और 12 के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। विशेषज्ञों ने पॉलिटेक्निक कोर्सेस से मिलने वाले रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। क्या है पॉलिटेक्निक चलो अभियान यह अभियान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल के मार्गदर्शन में चल रहा है। इसका नारा है - पॉलिटेक्निक से स्वावलंबन की ओर बढ़ते कदम।

कौन कर सकता है आवेदन

1. ग्रुप ए,बी,सी 10वीं पास, न्यूनतम 35 प्रतिशत अंक 2. ग्रुप डी,ई,एच,आई,के इंटरमीडिएट (10+2) पास, 35 प्रतिशत अंक 3. ग्रुप एफ,जी,एल, स्नातक उपाधि 4. वर्किंग प्रोफेशनल हाईस्कूल/आईटीआई के साथ 1 साल का औद्योगिक अनुभव 15 से 22 मई के बीच होगी सीबीटी परीक्षा ग्रुप-ए ग्रुप इंजीनियरिंग, ग्रुप-ई फॉर्मेसी और अन्य ग्रुप-बी, सी, डी, एफ, जी, एच,आई,एल एवं के 1 से के 8 की कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा (सीबीटी) 15 मई से 22 मई 2026 के बीच प्रस्तावित है। प्रधानाचार्य ने कहा कि डिप्लोमा से खुलेंगे रोजगार के रास्ते विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा, पॉलिटेक्निक से डिप्लोमा करने के बाद छात्र सरकारी और प्राइवेट सेक्टर में आसानी से नौकरी पा सकते हैं। खुद का काम भी शुरू कर सकते हैं। अन्य राज्यों के छात्र भी यूपी के पॉलिटेक्निक में आवेदन कर सकते हैं।

जनगणना-2027 को लेकर न.प.में हुई विशेष ट्रेनिंग

गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के सभागार में सोमवार को भारत की जनगणना-2027 के पहले चरण मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के विशेष अनुरोध पर मास्टर ट्रेनर सुनील सिंह ने सभी सभासदों और नगर पालिका स्टाफ को जनगणना की बारीकियां समझाई। जनगणना की दी गई ट्रेनिंग मास्टर ट्रेनर सुनील सिंह ने बताया कि जनगणना-2027 का पहला चरण मकानसूचीकरण है। इसमें हर घर, मकान, दुकान की गिनती और उससे जुड़ी जानकारी मोबाइल ऐप के जरिए डिजिटल रूप से दर्ज करनी है। उन्होंने सभासदों को फील्ड में काम करने का तरीका, सवाल पूछने का ढंग और ऐप में डेटा फीड करने की ट्रेनिंग दी। ईओ अनिल कुमार बोले- यह राष्ट्रीय कार्य है, गंभीरता जरूरी बैठक की अध्यक्षता कर रहे अधिकारियों ने कहा कि जनगणना देश का सबसे बड़ा सांख्यिकीय अभियान है। इसी के आधार पर सरकार की योजनाएं बनती हैं। इसलिए एक भी मकान या परिवार छूटना नहीं चाहिए। सभी सभासद अपने-अपने वार्ड में लोगों को जागरूक करें ताकि सही जानकारी मिल सके। प्रशिक्षण में मौजूद सभासदों के नाम इस प्रकार हैं ऋतु गुप्ता, गीता देवी, छाया देवी, सुखदेव, चरणजीत, दीपिका यादव, आफताब, निर्मल, मधु शर्मा, जितेंद्र गुप्ता, शीबा सुल्तान, शिवराज वर्मा, कृष्ण मुरारी कठेरिया, राकेश कुशवाहा,क्या है मकानसूचीकरण जनगणना के पहले चरण में हर मकान को नंबर देना, मकान के उपयोग, परिवार के मुखिया, शौचालय, पेयजल, बिजली जैसी सुविधाओं की जानकारी जुटाई जाती है। यह काम पूरी तरह डिजिटल होगा।

सूचना

मैने अपना नाम सुभाष चन्द्र से बदलकर सुभाष चन्द्र गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे सुभाष चन्द्र गुप्ता पुत्र स्व. कृष्ण मुरारी गुप्ता के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सुभाष चन्द्र गुप्ता,पुत्र स्व. कृष्ण मुरारी गुप्ता निवासी-जी.टी. रोड अम्बेडकर नगर, सिकन्दरपुर थाना व तहसील छिबरामऊ,जिला कन्नौज। पिनकोड-209729

दो महीने से वेतन नहीं, बिजली कर्मियों का विरोध प्रदर्शन

छिबरामऊ, कन्नौज। बिजली विभाग की लापरवाही के खिलाफ कर्मचारियों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ गया है। अधिशासी अभियंता कार्यालय के सामने धरने पर बैठे कर्मचारियों ने दो टूक कहा कि 28 फरवरी के बाद से उन्हें एक भी रुपया वेतन नहीं मिला है। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा जब तक वेतन नहीं तब तक धरना खत्म नहीं होगा। कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार राजपूत ने बताया कि हालात इतने खराब हैं कि कई कर्मचारियों के पास बच्चों की स्कूल फीस तक भरने के पैसे नहीं बचे हैं। जहां अधिकारी एसी कमरों में बैठे हैं, वहीं लाइनमैन अपनी जान जोखिम में डालकर खंभों पर चढ़कर काम करते है। इसके बावजूद वेतन के लिए तरस रहे हैं। मार्च बीत चुका है और अप्रैल खत्म होने को है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिल रहा है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक वेतन उनके खातों में नहीं पहुंचता, धरना जारी रहेगा। कर्मचारियों ने विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी प्रदीप पांडेय, रवि, प्रवीण कुमार, बबलू, अखिलेश, अरविंद, अभयराज,प्रवेश, मंजीत, सुरजीत, सचिन, कुलदीप, अशोक, ऋषभ, वीर प्रताप, अजय, आनंद मोहन, अनुपम, अमर, अतुल, संजीव, मुकेश, अमित शाक्य कई संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रभावित किसानों को सर्किल दर का मिलेगा लाभ

ग्रीन फील्ड लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

फर्रूखाबाद प्रवेश नियंत्रित (ग्रीन फील्ड) लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के अंतर्गत तहसील छिबरामऊ के ग्राम डडौना में प्रभावित कृषि भूमि के लिए शासन द्वारा नई सर्किल दरों का अनुमोदन कर दिया गया है। शासन की ओर से जारी दरों के अनुसार सामान्य कृषि भूमि के लिए 19 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर तथा सड़क किनारे स्थित भूमि के लिए 27 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर की दर निर्धारित की गई है। इसके अलावा, किसानों को उनकी भूमि पर मौजूद बोरिंग, निर्माण कार्य और अन्य परिसंपत्तियों का मूल्य अलग से प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें समुचित मुआवजा मिल सके। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि सभी प्रभावित किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार छिबरामऊ ने ग्राम डडौना में पहुंचकर प्रभावित किसानों को नई सर्किल दरों और मुआवजा प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने किसानों के साथ बैठक कर उनकी शंकाओं का समाधान किया और उन्हें आश्वस्त किया कि मुआवजा वितरण में किसी प्रकार की अनियमितता नहीं होने दी जाएगी।

साथ ही, किसानों से यूपीडा (उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण) के पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित करने को लेकर भी वार्ता की गई। प्रशासन ने किसानों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास और बेहतर यातायात सुविधाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

सीएचसी के डॉक्टर पर अवैध क्लीनिक चलाने का आरोप

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (पुराने अस्पताल) में तैनात एक डॉक्टर पर निजी मेडिकल स्टोर के पीछे अवैध क्लीनिक चलाकर मरीजों से वसूली करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। डॉक्टर रवि तिवारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक निजी मेडिकल स्टोर के पीछे बने केबिन में मरीजों का इलाज करते दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि डॉक्टर वहां हर मरीज से 200 रुपये फीस वसूल रहे हैं। बताया जा रहा है कि न्यू किशोर मेडिकल स्टोर पर किराए के स्थान में पर्दे के पीछे यह क्लीनिक संचालित किया जा रहा था। हैरानी की बात यह है कि मरीजों को यह कहकर बुलाया जाता था कि उस दिन डॉक्टर की सरकारी ड्यूटी नहीं है। जबकि नियमों के अनुसार सरकारी डॉक्टरों को नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस दिया जाता है और उन्हें किसी भी प्रकार की निजी प्रैक्टिस की अनुमति नहीं होती। ऐसे में यह मामला न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि गरीब मरीजों के साथ धोखा भी माना जा रहा है। मामले के सामने आने के बाद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पर सवाल खड़े हो गए हैं।

सौरिख में सुबह चार घंटे बाधित रहेगी बिजली

छिबरामऊ, कन्नौज। सौरिख मैं तीन दिन तक प्रतिदिन सुबह 4 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस बारे में वहां के उपखण्ड अधिकारी अनिल राम एवं अवर अभियन्ता दिलीप शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि छिबरामऊ से सौरिख तक गई 33 हजार केवी विद्युत लाइन में आवश्यक मरम्मत एवं तार बदलने का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते 28 से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 7 बजे से पूर्वाह्न 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कार्य लाइन की क्षमता बढ़ाने और भविष्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

नाबालिग ने घर में घुसकर किए जेवर चोरी, पुलिस ने किया बरामद

छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

नगर में चोरी की एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां नाबालिग बच्चे ने एक मकान में घुसकर सोने के जेवरात पार कर दिए। घटना के बाद गृह स्वामी ने संदेह के आधार पर नाबालिग के बारे में पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। पूछताछ के दौरान नाबालिग ने चोरी की बात कबूल करते हुए बताया कि उन्होंने चुराए गए जेवरात को नगर के बीचों-बीच स्थित एक सर्राफा दुकान पर बेच दिया है। इसके बाद कस्बा चौकी इंचार्ज मनुज चौधरी पुलिस टीम के साथ नाबालिग को लेकर संबंधित सर्राफा दुकान पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि दुकान पर काफी देर तक बंद कमरे में बातचीत चलती रही, जिसमें सर्राफा व्यापार कमेटी के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। पुलिस की सक्रियता के चलते चोरी किए गए जेवरात को बरामद कर लिया गया और पीड़ित को वापस सौंप दिया गया। इस मामले में कोतवाल कपिल दुबे ने बताया कि करीब 12 वर्षीय बच्चे द्वारा यह घटना अंजाम दी गई थी। उन्होंने कहा कि फिलहाल चोरी का सामान बरामद कर लिया गया है और पीड़ित को लौटा दिया गया है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज,जनपद-कन्नौज

पत्रांक संख्याः 88/ न.पा.प.गु.गंज/को.सू.गी.(2026-27) दिनांक 28.04.2026

सार्वजनिक कोटेशन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद कन्नौज मो. रामगंज स्थित अस्थाई गौ-संरक्षण केन्द्र में समस्त विद्युत फिटिंग करवाना तथा निम्नलिखित उपकरण लगवाना चाहती है।

1. पखा 07 नग
2. ट्यूबलाईट 06 नग

इच्छुक ठेकेदार/फर्म जो उपरोक्त कार्य में रूचि रखते हों, अपना कोटेशन दिनांक 06.05.2026 को समय 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद कन्नौज में डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं।

(अनिल कुमार) अधिशाषी अधिकारी — (मुन्नीदेवी) अध्यक्ष

कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज

पत्रांक संख्या 89/DA-05/ नि.सू.(2026-27) दिनांक- 28.04.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित प्रस्तावित निर्माण कार्यों को कराये जाने सम्बन्धी निविदायें दिनांक 05.05.2026 समय दोपहर 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में निर्धारित शुल्क जमा करके क्रय की जा सकती है जो दिनांक 06.05.2026 समय 02:00 बजे तक टेण्डर बॉक्स में डाली जायेंगी। डाली गई निविदायें सक्षम अधिकारी एवं टेण्डरदाताओं के समक्ष उसी दिन साथ 04:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में सुरक्षित होगा जिसमें किसी प्रकार का वाद विवाद मान्य नहीं होगा। निविदा डालने की दिनांक को यदि कोई अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगली तिथि को डाली व खोली जायेगी। अन्य शर्ते आदि नगर पालिका गुरसहायगंज कार्यालय में देखी-पढ़ी जा सकती हैं।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	आगणन धनराशि	अग्रिम जमानत 10 प्रतिशत	निविदा शुल्क	कार्य अवधि
1	नगर पालिका में हॉल में फिनिशिंग का कार्य।	9.69	96900.00	944.00	60 दिवस
2	नगर पालिका में मीटिंग हॉल में सौन्दर्गीकरण का कार्य।	7.77	77700.00	944.00	60 दिवस

शर्ते/प्रतिबन्ध-

1. कार्य की गुणवत्ता सही न होने पर जमानत धनराशि को जब्त करते हुये कार्यवाही की जायेगी।
2. निविदा क्रय किये जाने हेतु सम्बन्धित ठेकेदार को जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
3. निविदा शुल्क आर.टी.जी.एस. के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा गुरसहायगंज के खाता संख्या 28800100026611 में जमा करना होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के पक्ष में देय होगा। इसके अतिरिक्त निविदा शुल्क पालिका में नकद भी जमा कर सकते हैं।
4. निविदा के साथ 10 प्रतिशत अर्नेस्टमनी के रूप में देय आर.टी.जी.एस. के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा गुरसहायगंज के खाता संख्या 28800100026611 में जमा करना अनिवार्य होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के पक्ष में बन्धक होगा। इसके अतिरिक्त अर्नेस्ट मनी कार्यालय में नकद भी जमा कर सकते हैं।
5. जो भी ठेकेदार निविदाएं क्रय करेगा उसकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त स्वतः घोषणा पत्र 10000 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर पालिका द्वारा उपलब्ध घोषणा पत्र भरकर देना अनिवार्य होगा।
6. आयकर, व्यापारकर में पंजीकरण का प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।
7. अर्नेस्ट मनी के बिना निविदा मान्य नहीं होगी।
8. निर्माण कार्य हेतु निविदादाता को कार्य योजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ उसके शासनादेश संख्या-1139/नौ-9-21-45ज/21 दिनांक 30 जून 2021 में वर्णित SOP के अनुसार कार्य सही होने की स्थिति मे जमानत धनराशि कार्य पूर्ण होने के 01 वर्ष बाद वापस की जायेगी।
9. यदि यह बात संज्ञान से आयेगी कि ठेकेदार माफिया, असामाजिक संग्ठनों तथा संगठित अपराध से सम्बन्धित है, तो कारण बाताओ नोटिस के पश्चात् ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। जिसका उत्तर दायित्व ठेकेदार का होगा।
10. उपरोक्त से सम्बन्धित विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय कन्नौज होगा।

(अनिल कुमार) अधिशासी अधिकारी — (मुन्नीदेवी) अध्यक्ष

जमीन विवाद में दो पुत्रों ने वृद्ध पिता को पीट-पीटकर मार डाला

▸ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को लिया हिरासत में

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जमीनी विवाद के चलते दो बेटों ने अपने बुजुर्ग पिता की पीट-पीटकर व गला दबाकर हत्या कर दी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किये।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम अर्राफहाड़पुर गांव निवासी 70 वर्षीय रामसनेही पुत्र राजा रामपाल अपने पुत्र ओमकार व अनिल के साथ रहते थे। परिवार में काफी समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। देर रात करीब 11 बजे जब रामसनेही अपने घर में आराम कर रहे थे, तभी दोनों बेटों ने उन पर अचानक हमला कर दिया और उन्हें पीट-पीटकर व गला दबाकर हत्या कर दी। सूत्रों की माने तो मृतक के पास लगभग 12 बीघा कृषि भूमि थी, जिसमें से कुछ हिस्सा पहले ही बेचा जा चुका था। शेष जमीन के बंटवारे को लेकर पिता-पुत्रों के बीच विवाद चल रहा था।

वहीं ग्रामीणों ने बताया कि रामसनेही अपनी कुछ जमीन का हिस्सा अपने भतीजे के नाम करने की बात करते थे। जिससे दोनों पुत्र उनका विरोध करते थे। जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपी पुत्र शराब के आदी थे। जिसके चलते घर में अक्सर विवाद होता था। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर थाना मऊदरवाजा प्रभारी निरीक्षक अजब सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये और जांच पड़ताल की।

वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य जुटाये। परिजनों ने दोनों आरोपी पुत्रों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सूत्रों की माने तो पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पोस्टमार्टम हाउस में बैठे परिजन

जांच पड़ताल करती पुलिस

पुलिस ने हत्यारोपी को किया गिरफ्तार

पुलिस हिरासत में आरोपी

फर्रुखाबाद। पिता की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मऊदरवाजा थाना प्रभारी अजब सिंह ने अपने हमराहों के साथ मिलकर हत्यारोपी ओमकार निवासी अर्राहपहाड़पुर को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना के संबंध में मृतक के भतीजे देवेन्द्र पुत्र रामनाथ ने मुकदमा दर्ज कराया था। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसके पिता जमीन को अपने भतीजे के नाम कर रहे थे, जिस कारण मैंने मार दिया।

शराब के नशे में छत से गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। शराब के नशे में छत से गिरे युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना मऊदरवाजा के हाता रोशन खां निवासी शिवम शराब पीने का आदी था। वह शराब के नशे में गिर गया था। जिसके बाद परिजनों ने एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया था। कानपुर में शिवम की उपचार के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना पर पत्नी नीलम सिंह आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि शिवम एक बर्तन की दुकान पर काम करता था। उसका विवाह वर्ष 2021 में हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

सीएमओ ने लोहिया अस्पताल का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

▸ चिकित्सकों के अनुपस्थित होने पर जतायी नाराजगी

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अरविंद कुमार ने मंगलवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ ने ओपीडी का निरीक्षण किया। इस दौरान कोई चिकित्सक मौजूद नहीं मिला। इसके बाद सीएमओ इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, जहां उन्होंने भर्ती मरीजों का हालचाल जाना और दुर्घटना में घायल एक मरीज को बेहतर उपचार देने के निर्देश दिए। चेस्ट फिजिशियन के कमरे में कोई चिकित्सक नहीं मिला। सीएमएस ने बताया कि विशेषज्ञ राउंड पर हैं। अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों के कमरे भी खाली मिले, जहां मरीज इंतजार कर रहे थे। एनसीडी का कमरा बंद था, जिसे सीएमओ ने खोलकर देखा तो वहां भी कोई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था। नेत्र चिकित्सक भी अनुपस्थित थे, हालांकि वे दो मिनट में आ गए, जिस पर सीएमओ ने उन्हें समय पर आने की हिदायत दी।

दंत विभाग में सीएमओ ने चिकित्सक को औपचारिक पोशाक में आने को कहा। इसके बाद वे प्रथम तल पर भर्ती मरीजों और चिकित्सकों के राउंड की स्थिति देखने पहुंचे। स्टाफ नर्स ने बताया कि अभी तक कोई भी चिकित्सक राउंड पर नहीं आया है। सीएमओ जब निरीक्षण के लिए पहुंचे उस समय वहां साफ-सफाई चल रही थी। इस पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा यह साफ-सफाई का समय नहीं है कल से यह साफ-सफाई में देरी हुई तो कार्रवाई की जाएगी। वहीं वार्ड में मरीज बेड पर खुद चादर बिछाते दिखे इस पर भी नाराजगी जताई और स्वास्थ्य कर्मियों को हिदायत दी। इस दौरान उपस्थित पंजिका पर नाम के आगे पद भी लिखने के निर्देश दिए। सीएमओ को निरीक्षण के दौरान आयुष्मान मित्र भी अनुपस्थित मिला इस पर भी नाराजगी जताई। सीएमओ ने बताया कि बीती दिन हुए एक्सीडेंट में घायलों को देखते लोहिया अस्पताल आये थे। इस दौरान डॉक्टर ऋषिकांत वर्मा, अंकित मिश्रा, डॉ. प्रवीण कुमार, डॉ. ध्रुवराज, डॉ. दीपक वर्मा, अभिषेक बाजपेई अनुपस्थित मिले हैं। जिस पर उन्हें हिदायत दी गई है।

लोहिया का निरीक्षण करते सीएमओ

देरी से गैस सिलेंडर मिलने पर महिलाओं का फूटा गुस्सा

कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

गैस सिलेंडर देरी से मिलने पर महिलाओं ने खाली सिलेंडर लेकर सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जिससे रोड पर लंबी-लंबी गाड़ियों की कतारें लग गयी।

एजेंसी कर्मचारियों ने बताया तीन दिन से गाड़ी नहीं आ रही है, इसलिए उपभोक्ताओं को सिलेंडर नहीं दे पा रहे। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि बुकिंग के बाद मोबाइल पर सिलेंडर डिलीवर दिखा रहे हैं, जबकि सिलेंडर नहीं मिला। इसी के चलते बड़ी संख्या में महिलाओं ने रोड पर खाली सिलेंडर रखकर जाम कर दिया। जिसमें पुरुष भी सम्मिलित हो गए। महिलाओं ने बताया कि सुबह 8 बजे आ जाते हैं और गैस एजेंसी बंद होने तक बैठे रहते हैं। कर्मचारी बताते हैं अभी गाड़ी आ रही है, आज गाड़ी आएगी, लेकिन गाड़ी नहीं आ रही। जिस वजह से घर पर बच्चे परेशान है। कई महिलाओं ने बताया कि हफ्तों से गैस की बुकिंग होने के बावजूद गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं एवं मोबाइल पर गैस डिलीवरी होने के मैसेज आ जाते हैं। जाम लगने से दोनों तरफ लंबी-लंबी गाड़ियों की कतारें लग गई। जानकारी होने पर थाना अध्यक्ष कमालगंज ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं को समझाकर जाम को खुलवाया। गैस एजेंसी कर्मचारियों को जल्द से जल्द सिलेंडर उपलब्ध करवाने के लिए कहा है।

जाम लगाये महिलायें

जनगणना का प्रशिक्षण दे रहे शिक्षक की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

▸ दोपहर को अचानक बिगड़ने लगी तबियत

▸ सूचना पाते ही तहसीलदार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिक्षक का हाल लेने पहुँचे

नगर के पीएन फाउंडेशन स्कूल में जनगणना का प्रशिक्षण चल रहा है। जिसमे जूनियर हाई स्कूल हुसैनपुर तराई विकास खण्ड शमसाबाद के शिक्षक ललित कुमार निवासी जसमई थाना मऊदरवाजा जनगणना का प्रशिक्षण का कार्य रहे थे। दोपहर को अचानक उसकी तबियत बिगड़ने लगी। इसके बाद नाक से खून बहने लगा। अन्य साथियों द्वारा उन्हे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 विपिन कुमार ने शिक्षक ललित कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं शिक्षक ने बताया उनकी डयूटी पहले से ही जूनियर हाई स्कूल हुसैनपुर तराई में चल रही है। पीएन फाउन्डेशन में रुची यादव इन्चार्ज शिक्षिक की ड्युटी लगी थी। उन्होंने महिला होने के कारण अपनी ड्युटी कटवाकर हमारी ड्युटी लगा दी है। सूचना पाते ही तहसीलदार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शिक्षक का हाल लेने पहुँचे।

जानकारी देते शिक्षक ललित कुमार

डीएम ने प्राथमिक विद्यालय बर्ना बुजुर्ग का किया निरीक्षण

▸ बच्चों से विभिन्न विषयों के पूछे प्रश्न

फर्रुखाबाद/कमालगंज, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने विकासखंड कमालगंज अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बर्ना बुजुर्ग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का गहन अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी शैक्षिक गुणवत्ता का आकलन किया।

डीएम ने कक्षा-कक्षों में जाकर बच्चों से विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे और उनकी समझ एवं सीखने की क्षमता को परखा। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों की बुनियादी शिक्षा-विशेष रूप से पढ़ना, लिखना एवं गणितीय दक्षता-को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रभावी प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। साथ ही, उन्होंने शिक्षण कार्य में नवाचार अपनाने तथा बच्चों की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय में पठन-पाठन की समुचित व्यवस्था, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, नामावली पंजिका एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए और परिसर को स्वच्छ, सुरक्षित एवं प्रेरणादायक वातावरण बनाए रखने पर बल दिया।

जिलाधिकारी ने मिड डे मील योजना के अंतर्गत बच्चों से भोजन की गुणवत्ता, मात्रा एवं वितरण की नियमितता के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय स्टाफको निर्देशित किया कि योजना का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि प्रत्येक छात्र को निर्धारित मानकों के अनुरूप पोषाहार प्राप्त हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्यालयों में संचालित सभी शासकीय योजनाओं-जैसे निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म एवं अन्य लाभ का समयबद्ध एवं प्रभावी वितरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को अधिकतम लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों को चॉकलेट एवं टॉफी वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने भी जिलाधिकारी के साथ आत्मीय संवाद कर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है, अतः सभी संबंधित अधिकारी एवं शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ करें। इस अवसर पर पी.डी. डी.आर.डी.ए., जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व खंड विकास अधिकारी मौजूद रहे।

छात्रा से किताब पढ़वाती डीएम

डीएम के निर्देश पर अवैध बालू ले जाती दो ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

▸ प्रशासन द्वारा आमजन से भी की गई अपील

जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद में अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए सतत एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मंगलवार को चौकी आईटीआई थाना कादरीगेट क्षेत्रान्तर्गत आवास विकास क्षेत्र के अंतर्गत खानपुर में प्रशासनिक एवं पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से औचक छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान मौके पर दो ट्रैक्टर-ट्रॉली बालू लदी परिवहन करती हुई पाई गई। जिन्हें रोक कर उनके प्रपत्र चेक किये गये, मौके पर उपस्थित व्यक्तियों से वाहनों से संबंधित वैध प्रपत्रों की मांग की गई, किन्तु कोई भी वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया जा सका। प्रथम दृष्टया मामला अवैध खनन एवं अवैध परिवहन का पाए जाने पर दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को तत्काल कब्जे में लेकर चौकी आईटीआई परिसर में खड़ा कराया गया। उक्त वाहनों को अग्रिम विधिक कार्रवाई हेतु थाना कादरीगेट की अभिरक्षा में सुपुर्द कर दिया गया है। संबंधित प्रकरण में खनन विभाग एवं पुलिस द्वारा नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है, साथ ही संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में अवैध खनन एवं खनिजों के अवैध परिवहन में लिप्त किसी भी व्यक्ति को किसी भी दशा में बख्शा न जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में निरंतर निगरानी रखी जाए तथा प्रवर्तन कार्यवाहियों को और अधिक सघन एवं प्रभावी बनाया जाए जिससे इस प्रकार की अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

प्रशासन द्वारा आमजन से भी अपील की गई है कि यदि कहीं अवैध खनन अथवा खनिजों के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त हो, तो तत्काल संबंधित विभाग को अवगत कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

पकड़ी गई ट्रैक्टर ट्राली की जानकारी देते खनन अधिकारी

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला रेलवे रोड मेहन्दीबाग निवासी 35 वर्षीय जितेन्द्र पुत्र मुरारी सिंह फेरी लगाकर चाउमीन वं पापड़ी बेंचकर परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार को जितेन्द्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में सल्फास खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन सामुदायिक केन्द्र लेकर आए। जहां ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल में जितेन्द्र की मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही पत्नी पूजा सहित बच्चे सागर उम्र 14 वर्ष, आर्यन उम्र 12 वर्ष, देव उम्र 10 वर्ष आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजनों ने बताया कि बीते दिन सोमवार को अपने साले राजू निवासी बरझाला थाना कायमगंज की बारात में शामिल होने गया था। बारात में साले ने जीजा पर ज्यादा भीड़ होने के कारण कोई रिस्पोन्स नहीं दिया। गुस्साए जीजा पत्नी बच्चो को छोड़कर अपने घर वापस लौट कर आ गया। सुबह होते ही सल्फास खा ली। उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक सात भाई बहनों में तीसरे नम्बर का था। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता हेतु स्कूलों में बनेगा शक्ति मंच

पाठ्य सहगामी क्रियाओं से जोड़कर बालिकाओं को देश सेवा के लिए तैयार करने का प्रयास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

माध्यमिक विद्यालयों में बालिकाओं की सुरक्षा के तहत सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत शक्ति मंच का गठन किया जायेगा। सभी माध्यमिक विद्यालयों में मंच सक्रिय रहेगा और इसकी नियमित बैठकें भी आयोजित की जायेगी।

शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, शक्ति की बैठकों में छात्रायें सृजनात्मक तरीके जैसे- लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, नाटक, गीत, और कहानियों के जरिए से विभिन्न समाजिक मुद्दों पर चर्चा करेंगी।

खास तौर पर उन बालिकाओं की पहचान की जायेगी जिनका अभी तक किसी भी स्कूल में रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है। साथ ही उनके स्कूल न आने के कारणों को समझकर उनका दाखिला कराया जायेगा। विद्यालयों में बालिकाओं को आने वाली समस्याओं पर खुलकर चर्चा होगी और उनके समाधान की योजना भी बनाई जायेगी।

बाल एवं महिला अधिकार लड़कियों की शिक्षा का महत्व और समाज में मौजूद कुरीतियों पर भी जागरुकता बढ़ाई जायेगी। शंकाओं का समाधान किया जायेगा और आत्मरक्षा के उपायों का भी अभ्यास कराया जायेगा। उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा संघ (शर्मा गुट) के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष दुबे एवं संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह ने शासन के इस प्रयास की सराहना की है।

शिक्षक नेताओं ने उम्मीद जाहिर की शक्ति मंच के गठन से छात्राओं में सुरक्षा आत्म विश्वास को बढ़ावा मिलेगा तथा उनकी शिक्षा के साथ-साथ पाठ्य सहभागी क्रिया-कलापों में सहभागिता भी बढ़ेगी। स्कूल न जाने वाली बालिकाओं का नामांकन कराकर उन्हें शिक्षा से जोड़ने में भी सफलता मिलेगी।

जनपद में सरकारी आलू खरीद केन्द्र का हुआ उद्घाटन

▸ उद्यान विभाग निदेशक भानु प्रकाश राम ने किया उद्घाटन

▸ बाजार हस्तक्षेप मूल्य रूपया 650.09 प्रति कुन्तल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जनपद में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार तथा उद्यान विभाग उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा बाजार हस्तक्षेप योजना अन्तर्गत आलू खरीद केन्द्र का उद्घाटन मण्डी समिति सातनपुर के परिसर में भानु प्रकाश राम निदेशक उद्यान विभाग लखनऊ के द्वारा किया गया। जिसमें आलू उत्पादक कृषकों से बाजार हस्तक्षेप मूल्य रूपया 650.09 प्रति कुन्तल तथा ओवर हेड एक्सपेंसेज रूपया 162.52 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। योजनान्तर्गत क्षतिपूर्ति की अधिकतम सीमा कुल खरीद लागत का 25 प्रतिशत तथा क्षतिपूर्ति का वहन 50-50 के अनुपात में केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा। जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हाफेड) द्वारा क्रय किया जायेगा। आलू के विक्रय हेतु आलू निर्धारित मानकों के अनुसार यथा साइज 45-85एमएम व्यास का बिना मिट्टी लगाए साफ सुथरा व रोगमुक्त होना चाहिए। कट-फट, हरा, डी-सेप्ड एवं धूप खाया हुआ आलू नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही साथ किसान बही/आलू उत्पादक किसान होने का साक्ष्य लेकर अवश्य आयें। उद्घाटन के समय मौके पर राघवेन्द्र सिंह आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी, पुष्पेन्द्र यादव उद्यान निरीक्षक, श्याम सिंह उद्यान निरीक्षक, अभिषेक कुमार सहायक उद्यान निरीक्षक, अनुपम कुमार सहायक उद्यान निरीक्षक तथा गिरीश शाक्य वरिष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक मण्डी परिषद सातनपुर, शैलेन्द्र यादव व अर्पित राजपूत, मण्डी अध्यक्ष, अनूप कुमार दीक्षित मण्डी सचिव, प्रियान्शु मिश्रा मण्डी निरीक्षक, सुनील कुमार मण्डी सहायक, सुधीर शुक्ला एक्सपोर्टर, अशोक कटियार, रिन्कू वर्मा, आढ़ती, हिमान्शू गुप्ता, वारिज राजपूत, मोहम्मदाबाद प्रगतिशील फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड, ध्रुव सिंह राजपूत, नीरज राजपूत कृषक आदि उपस्थित रहे।

आलू खरीद केन्द्र का उद्घाटन करते निदेशक

55वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन संभागीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ में तीन दिवसीय 55वीं केंद्रीय विद्यालय संगठन संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता (बालक वर्ग) का शुभारंभ हुआ। इस तीन दिवसीय आयोजन में निशानेबाजी (शूटिंग), मुक्केबाज़ी (बॉक्सिंग) एवं कबड्डी से संबंधित प्रतियोगिताएँ संपन्न होंगी। जिनमें अंडर-14, अंडर-17 तथा अंडर-19 आयुवर्ग के अंतर्गत बालक प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता में लखनऊ संभाग के 18 केंद्रीय विद्यालय केंद्रीय विद्यालय, आरआरसीए फतेहगढ़, केंद्रीय विद्यालय अयोध्या कैंट, केंद्रीय विद्यालय क्रमशः एएफएस चकेरी कानपुर केंद्रीय विद्यालय गोमतीनगर लखनऊ प्रथम एवं द्वितीय पाली केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़, केंद्रीय विद्यालय हरदोई, केंद्रीय विद्यालय एसएसबी, नानपारा, बहराइच, केंद्रीय विद्यालय सीतापुर (द्वितीय पाली), केंद्रीय विद्यालय रायबरेली (प्रथम पाली), केंद्रीय विद्यालय, हमीरपुर, केंद्रीय विद्यालय जेएलए, एएससी, बरेली, केंद्रीय विद्यालय एएमसी, लखनऊ (प्रथम पाली), केंद्रीय विद्यालय एएफएस, बरेली, केंद्रीय विद्यालय चकेरी कानपुर, केंद्रीय विद्यालय अलीगंज, लखनऊ प्रथम पाली, केंद्रीय विद्यालय उन्नाव, केंद्रीय विद्यालय एएफएस, मेमौरा, लखनऊ से अपने अनुरक्षकों के साथ आए हुए कुल 179 प्रतिभागी संबंधित विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस के प्रथम सत्र में प्रातः नौ बजे उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि व स्थल प्राचार्य वी0 अरोरा ने समस्त प्रतिभागियों, अनुरक्षकों एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया।

खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

आरआरसी फतेहगढ़ के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। प्राचार्य वी0 अरोरा ने विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में समूह भावना, नेतृत्व क्षमता तथा विभिन्न परिस्थितियों में समुचित सामंजस्य स्थापित करने की योग्यता का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि शूटिंग एकाग्रता और मानसिक संतुलन का प्रतीक है, जबकि बॉक्सिंग साहस, आत्मरक्षा और संयम का परिचायक है तथा कबड्डी टीमवर्क, रणनीति और स्फूर्ति का अद्भुत समन्वय है। उन्होंने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु आशीर्वचन प्रदान करते हुए खेलों को जीवन का अपरिहार्य अंग बनाने का संदेश दिया। उप प्राचार्य बीरम पाल सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

कबड्डी अंडर-14 आयु वर्ग में केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ एवं केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ के मध्य आयोजित स्पर्धा में केंद्रीय विद्यालय शिवगढ़ ने 18 अंक तथा केंद्रीय विद्यालय आरआरसी फतेहगढ़ ने 06 अंक प्राप्त किए। केंद्रीय विद्यालय हरदोई एवं केंद्रीय विद्यालय गोमतीनगर द्वितीय पाली के मध्य आयोजित मुक़ाबले में केंद्रीय विद्यालय हरदोई ने 36 अंक तथा केंद्रीय विद्यालय गोमतीनगर द्वितीय पाली ने 08 अंक प्राप्त किए। आदि प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई। समस्त प्रतियोगिताएं केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार तकनीकी रूप से दक्ष खेल विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। केंद्रीय विद्यालय संगठन लखनऊ संभाग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकद्वय तरुण कुमार तिवारी केंद्रीय विद्यालय चकेरी कानपुर एवं शुभम सोनी क्रीड़ा शिक्षक केंद्रीय विद्यालय, एसजीपीजीआई लखनऊ ने प्रतियोगिताओं के संचालन संबंधी समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया तथा निष्पक्ष पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण आयोजन की सराहना की। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर प्रतिभागियों के प्रदर्शन में अनुशासन, उत्साह, ऊर्जा, प्रतिस्पर्धा एवं सकारात्मकता का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

नगर पंचायत द्वारा स्थापित किये गये वाटर कूलर बने शोपीस

वाटर कूलर

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

नगर में भीषण गर्मी के बीच लाखों रुपये की लागत से लगाए गए वाटर कूलर केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। नगर पंचायत द्वारा स्थापित इन कूलरों में अभी तक बिजली के कनेक्शन नहीं कराए गए हैं, जिसके कारण ये ठंडे पानी की सुविधा नहीं दे पा रहे हैं। ये वाटर कूलर लगभग एक साल पहले लगाए गए थे। स्थानीय निवासियों के अनुसार स्थापना के बाद से ये मुश्किल से एक महीने भी ठीक से नहीं चल पाए हैं। लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद, ये केवल कागजों पर ही ठंडे पानी की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। आसपास के निवासी धर्मेंद्र राठौर, जयवीर सिंह, राजकिशोर प्रजापति, मुकेश गुप्ता, नीरज, ऋषभ, टेंपो राठौर और विपिन शाक्य ने बताया कि इन कूलरों के निष्क्रिय होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाजार आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं और इसे लाखों का खेल बताया है।

▸ भीषण गर्मी के चलते ठंडे पानी को तरस रहे है लोग

उन्होंने जिला प्रशासन से इस समस्या का तत्काल समाधान करने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार वैस ने बताया कि उन्हें इस समस्या की जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी वाटर कूलर जल्द ही सही कराए जाएंगे। साथ ही, संबंधित कर्मचारियों को शाम तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में मौजूद अधिकारीगण

लोक अदालत हेतु राजस्व वाद के अब तक 69384 मामले हुए चिन्हित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आगामी 9 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में प्रभारी जनपद न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय की अध्यक्षता में विश्राम कक्ष में सम्पन्न हुई। संचालन सचिव युगल शंभू ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में होने वाले निस्तारण योग्य हेतु राजस्व, चकबंदी, लघु, फौजदारी, विद्युत विभाग आदि राजस्व मामलों को अधिक से अधिक चिन्हित किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। राजस्व वाद 222 मामले, फौजदारी वाद 857 मामले एवं प्रकीर्ण वाद 68305 मामले कुल 69384 मामले प्रशासन की ओर से चिन्हित किये गये है। बैठक में अपर जिला जज नोडल संजय कुमार, उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार वर्मा, सीओ उमाशंकर, एसडीओ डीके राजपूत, सीओ सिटी अभय कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक प्रशासनिक अधिकारी राधा रमन आदि लोग मौजूद रहे।

अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत कला व पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान विद्यालय में आयोजित कला एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी प्रांशु अवस्थी ने गायत्री इंटरनेशनल स्कूल में पहुँचकर और बच्चों को उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदान किए गए। इसके साथ ही अन्य प्रतिभागियों को भी प्रोत्साहन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा। अधिकारियों ने बच्चों को अग्नि सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल बच्चों की रचनात्मकता को निखारती हैं, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जागरूक भी बनाती हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों ने अग्निशमन विभाग का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विजेताओं को सम्मानित करते प्रभारी अग्निशमन अधिकारी

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा से वापस आए श्रद्धालुओं ने जिलाधिकारी ने की भेंट

जिलाधिकारी से मिलते श्रद्धालु

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व यात्रा से वापस आए सभी श्रद्धालुओं ने जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर व मुख्य विकास अधिकारी विनोद गौड़ से शिष्टाचार भेंट की एवं सोमनाथ मन्दिर का प्रसाद व उत्तरीय प्रदान की। इस दौरान जिला विकास अधिकारी एसके तिवारी, डिप्टी कमिश्नर जिला उद्योग केन्द्र सोनाली सिंह भी उपस्थित रहीं। डीएम ने श्रद्धालुओं से यात्रा का वृत्तांत सुना एवं सभी से समाज में अच्छे कार्य करने की अपील की। श्रद्धालुओं में राकेश सारस्वत, सुरेन्द्र पाण्डेय, त्रिलोकी नाथ वर्मा, यतींद्र दुबे, शांति देवी, चेतन भारती, अंकुश कश्यप, अजय पाल शुक्ला, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे। सभी यात्रियों ने सरकार द्वारा आयोजित इस यात्रा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की एवं भविष्य में ऐसी यात्राओं के आयोजन की अपेक्षा की।

अग्निशमन सेवा के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अग्निशमन सेवा फतेहगढ़ द्वारा विभागीय उपकरणों के सुचारु संचालन, रखरखाव एवं आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी उपयोग हेतु स्वयं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रभारी प्रांशु अवस्थी के निर्देशन में अग्निशमन कर्मियों को फायर टेंडर, पंप सेट, होज़ पाइप, ब्रीदिंग एपरेटस, फोम उपकरण तथा अन्य आवश्यक अग्निशमन संसाधनों के संचालन एवं रखरखाव की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों द्वारा उपकरणों का व्यावहारिक अभ्यास भी किया गया। जिससे किसी भी आपदा अथवा अग्निकांड की स्थिति में त्वरित एवं दक्ष कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अग्निशमन विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे कर्मियों की कार्यकुशलता में वृद्धि हो तथा जनसुरक्षा के दायित्वों का प्रभावी निर्वहन किया जा सके।

प्रशिक्षण के दौरान मौजूद अधिकारी

एसपी के आदेश को जहानगंज एसओ ने दरकिनार, दर्ज नहीं की रिपोर्ट

▸ गर्मी में पीड़ित वृद्ध थाने के लगा रहे चक्कर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

थाना जहानगंज के रुनी चुरसाई मजरा विरियानगला में महिला सहेली को मारकर गांव से 500 दूर बाग में डाला गया था। जिसके संबंध में मृतक के पिता ने रामाधार राजपूत ने आरोपी पति जितेन्द्र व सास शकुंतला, ससुर रघुवीर व नन्द नीलेश ने प्रताड़ित करके उसको मार डालने की तहरीर दी थी। उसके बावजूद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़िता ने 27 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिसके बाद एसपी ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने आदेश दिये थे, लेकिन पुलिस ने एसपी के आदेश को भी दरकिनार कर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जिसके चलते पीड़ित पिता थाने के चक्कर काट रहे है। सूत्रों की माने तो पुलिस ने आरोपियों से सांठगांठ कर ली है, जिसके चलते पुलिस टालमटोल कर रही है।

जानकारी देते पीड़ित वृद्ध

जानकारी के अनुसार जनपद हरदोई के थाना पाली के ग्राम मुडरामऊ निवासी रामधार पुत्र स्व0 बल्लू ने थाना जहानगंज में 27 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की थी। पुलिस अधीक्षक ने थाना जहानगंज पुलिस को रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये थे। लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित वृद्ध का कहना है कि उन्होंने अपनी पुत्र सहेली का विवाह 18 वर्ष पूर्व जितेन्द्र पुत्र रघुवीर निवासी विरिया नगला थाना जहानगंज के साथ किया था। मेरी पुत्री को जितेन्द्र, ससुर रघुवीर, सास शकुंतला, ननद नीलेश आये दिन मेरी पुत्र को गाली-गलौज कर मारपीट करते थे।

24 अप्रैल को उक्त लोगों ने पुत्री के साथ मारपीट की और उसे मार डाला तथा गांव के बाहर झाड़ियों में शव फेंक दिया था। पीड़ित का कहना है कि जहानगंज पुलिस भीषण गर्मी में दौड़ा रही है और रिपोर्ट दर्ज न कर टालमटोल कर मुझे वापस लौटा देती है। सूत्रों की माने तो पुलिस ने आरोपियों से सांठगांठ कर ली है।

सी.पी. विद्या निकेतन में सीपीयूएन की आवाज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

▸ विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया सम्मानित

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

सीपी विद्या निकेतन में सीपी वीएन सीपीयूएन की आवाज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मंगलवार को सीपी विद्या निकेतन अग्रेजी माध्यम इण्टर कॉलेज में अत्यंत उत्साह और रचनात्मक के साथ आशा भोसले को समर्पित आवाज सीपी वीएन सीपीयूएन की आवाज सिंगिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों की प्रतिभा को निखारने और उन्हे कला के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया था। कार्यक्रम का शुभारम्भ निदेशिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल एव प्रबन्धक एव विशिष्ट अतिथि सत्य प्रकाश अग्रवाल मुख्य अतिथि, जय गंगवार चेयरमैन चीनी मिल कायमगंज, प्रधानाचार्य आरके वाजपेई, योगेश चन्द्र तिवारी, उप प्रधानाचार्य दीपक कुमार जैन द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। प्रधानाचार्य आरके बाजपेयी द्वारा अतिथियों का परिचय कराते हुए पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्रतियोगिता में कक्षा 6, से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इतना ना मुझसे तू प्यार, बढ़ा आचल के तू मेरे ख्वाव में जो आए वह मेरी जिन्दगी में यह शाम, मस्तानी किसी राह में किसी मोड़ पर, झुमका गिरा रे आदि मधुर संगीत के माध्यम से श्रेताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अंजू पाण्डेय, दयानन्द शर्मा, नेहा रस्तोगी आदि संगीत के विशेषज्ञों को आमत्रित किया गया था। जिन्होंने प्रतिभागी छात्रो के गायन शैली सुर और ताल का सुल्म अवलोकन किया और प्रतिभागी छात्रो की उपलब्धि के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर चयन करके ट्राफी और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। जूनियर विनर आराध्या गुप्ता फर्स्ट, रनरअप अंशिका सिह, रनअप-मानवी शर्मा, सीनियर विनर-प्राजल शर्मा, फर्स्ट रनर अप तेजस गुप्ता, सेकन्ड रनर अप-चाहत सक्सेना रहे। निर्देशिका डॉ. मिथलेश अग्रवाल एव प्रबन्धक सत्यप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं बल्कि बच्चों का सर्वागीण विकास करना है, ऐसी प्रतियोगिता, उनके आत्म विश्वास को बढाती है। जिससे सभी छात्र अपना स्वागीण विकास करने में अमर्थ हो सकते है। इसके अलावा उन्होंने अभिभावको से अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेंजने का आग्रह किया। कार्यक्रम के समन्वयक पंकज शुक्ला एव निर्मला चौहान थे। मुख्य अतिथि जय गंगवार ने सभी छात्राओ का उत्साह वर्धन करते हुए बधाई दी और छात्रों के दायित्व को याद कराते उनकी मेहनत व परिश्रम की प्रंशसा की। उप प्रधानाचार्य दीपक कुमार जैन ने बाहर से आए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और सभी छात्रों को विद्यालय में होने वाली प्रतियोगिताओं मे बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विभिन्न कक्षाओं के प्रभारी स्नेहकान्त वाजपेई, अनुज गंगवार, गोविन्द गुप्ता, प्रदीप शाक्य, नीलम त्रिवेदी, सभी शिक्षक शिक्षिकाए और कर्मचारी मौजूद रहे। संचालन हरीश कुमार पचौरी एवं ज्योत्सना सिंह ने किया।

प्रमाण पत्र के साथ विजेता मौजूद विद्यालय स्टाफ

कार्य बहिष्कार कर कायमगंज अधिवक्ताओं का किया समर्थन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। तहसील सदर अधिवक्ताओं ने कायमगंज में चल रही हड़ताल का समर्थन कर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार कार्य किया। सुबह से ही तहसील अधिवक्ताओं ने कार्य का बहिष्कार कर अपना समर्थन जारी रखा और अदालती काम नहीं किये। तहसील बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष योगेश दीक्षित की अध्यक्षता में अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी के बिस्तर पर वकीलों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि कायमगंज में हड़ताल चल रही है जिसका पूर्ण समर्थन तहसील बार एसोसिएशन का जारी रहेगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ निरंतर लड़ाई जारी रखते हुए तहसील सदर परिसर में कार्य बहिष्कार किया गया। अधिवक्ताओं ने मांग की कि तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस पहले की तरह आयोजित किये जाये। दूर दराज से आने वाले लोगों को शिकायत के लिए फतेहगढ़ जाना पड़ता है। तहसील में अधिवक्ता उनका सहयोग करते है जिस कारण उनके कार्यों में आसानी होती है। इस मौके पर तहसील सदर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अतर सिंह कटियार के अस्वस्थ होने के कारण अध्यक्षता उपाध्यक्ष योगेश दीक्षित ने की। बैठक में एमपी सिंह, मंजेश कटियार, दयाशंकर तिवारी, आशुतोष कटियार, मुन्ना यादव, प्रकाश द्विवेदी, प्रद्युमन गुप्ता, भानू प्रताप सिंह, जर्नादन दत्त राजपूत, अनुराग तिवारी, अमित सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री की रैली को लेकर तैयारी बैठक सम्पन्न

▸ आज हरदोई में पीएम करेंगे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार को भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने आवास विकास स्थित कार्यालय पर जिला अध्यक्ष फतेहचंद वर्मा की अध्यक्षता में 29 अप्रैल को होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हरदोई रैली एवं जिला प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी के संदर्भ में बैठक ली।

शंकर लाल लोधी ने बताया 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। इसके अंतर्गत वह एक जनसभा को संबोधित करेंगे। 29 अप्रैल को हरदोई जनपद के मल्लावा में यह जनसभा आयोजित होगी। जिसमें जनपद से भी कार्यकर्ताओं को पहुंचने के लिए तैयारी बैठक हुई है। 15000 कार्यकर्ताओं को पहुंचाने का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए प्रत्येक मंडल से कार्यकर्ताओं को जाना है। बसों से जाने वाले कार्यकर्ता हुल्लापुर चौराहे से जाएंगे और निजी वाहनों से जाने वाले कार्यकर्ता कन्नौज होते हुए रैली में शामिल होंगे। सभी कार्यकर्ताओं के भोजन की व्यवस्था की गई है। नवनियुक्त जिला कार्य समिति की बैठक 1 मई से 5 मई के बीच में आयोजित होगी। 15 मई के बाद जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित होगा। जिसमें जिला कार्यकारिणी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी एवं कार्य समिति के सदस्यों को भाजपा के विस्तार बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला प्रशिक्षण वर्ग दो दिवसीय आयोजन होगा। जिसमें प्रवास का कार्यक्रम भी होगा प्रशिक्षण वर्ग के लिए प्रदेश संगठन द्वारा वक्ता नियुक्त किए गए हैं। तिथियों की घोषणा जल्द हो जाएगी।

जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने बताया हरदोई जनपद के मल्लावां में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस अवसर पर विमल कटियार, अमरदीप दीक्षित, हिमांशु गुप्ता, गोपाल राठौड़, अनुराग दुबे, अभिषेक बाथम, अभिषेक बाजपेई, संजीव गुप्ता, पंकज पाल, कृष्ण मुरारी राजपूत, शिवांग रस्तोगी मौजूद रहे।

बैठक लेते प्रदेश मंत्री

समस्याओं को लेकर 2 मई को डीआईओएस कार्यालय में शिक्षक देंगे धरना

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे के निवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख रुप से प्रांतीय नेतृत्व के आवाहन पर 2 मई शनिवार को प्रातः 11 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय फतेहगढ़ में धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे एवं जिला महामंत्री नरेन्द्र पाल सोलंकी ने कहा कि जनपद के शिक्षकों को २ मई को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के प्रांगण में होने वाले धरना प्रदर्शन में अनिवार्य रुप से सभी शिक्षक प्रतिभाग करें। भीषण गर्मी है, फिर भी शिक्षक हितों के लिए संघर्ष का एक ही रास्ता है। शिक्षकों की मांगों को लेकर डीआईओएस को ज्ञापन सौंपा जायेगा। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली, नवीन पेंशन पुरानी स्कीम में आये आदि समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस मौके पर शैलेश कुमार दुबे, सुधाकर चतुर्वेदी, संजीव चौहान, प्रशांत कुमार मिश्रा, प्रदीप जायसवाल, बृजेश कुमार, आशुतोष पाण्डेय, शरद प्रताप सिंह, केके अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

कार्यालय-नगर पंचायत-खिमसेपुर, जनपद-फर्रुखाबाद

पत्रांक-41/न0पं0खिम0/ई-नि0सू0/2026-27 दिनांकः- 28/04/2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पंचायत खिमसेपुर की बोर्ड बैठक दिनांक 07/04/2026 के प्रस्ताव संख्या-08 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु गौशाला में संरक्षित निराश्रित गौवंशों के भरण-पोषण के लिये चारा-भूसा की आपूर्ति अल्पकालीन ई-निविदा के माध्यम कराये जाने की स्वीकृति बोर्ड द्वारा प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृति के क्रम में नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद को वित्तीय वर्ष 2026-27 में निराश्रित गौवंशों के भरण-पोषण के लिये चारा-भूसा हेतु प्राप्त धनराशि से भूसा की आपूर्ति की जानी है, जिसके लिए ई-निविदा नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद में वर्ष 2026-27 में समस्त ठेकेदारों/फर्मो/सप्लायर्स से ई-टेण्डर की वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से **दिनांक 29/04/2026 समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 05/05/2026 को समय अपरान्ह 02:00 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। टेण्डर मूल्य नगर पंचायत खिमसेपुर द्वारा संचालित खाता 'संख्या- SB041810210000036, IFS Code-BKID0ARYAGB आर्यावर्त बैंक खिमसेपुर में आर.टी.जी.एस./ डी.डी. द्वारा जमाकर निविदा के साथ अपलोड करेंगें एवं निविदा की जमानत धनराशि एफ.डी.आर./ एम.एस.सी. 05 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत खिमसेपुर के पक्ष में बन्धक बनाकर अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ संलग्न कर निविदा के साथ अपलोड करने के पश्चात मूल अभिलेखों को लिफाफे में बन्द कर दिनांक 05.05.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद के कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में डाला जाना अनिवार्य हैं। ऑनलाईन निविदा दिनांक 05.05.2026 को समय अपरान्ह 04:00 बजे समिति एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष www.etender.up.nic.in पर कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर में खोली जाएगी। किसी भी निविदा को स्वीकृति/अस्वीकृति करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी महोदय/अध्यक्ष महोदय नगर पंचायत खिमसेपुर में निहित है। विस्तृत शर्तें, विवरण एवं निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

E-Bid Referance	/न0पं0 खिम0/2026-27
Publish Date And Time For E-Bids	29.04.2026 10:00 A.M.
Last Date Time For Submission of E-Bids	05.05.2026 02:00 P.M.
Date And Time of Opening E-Bids	05.05.2026 04:00 P.M.
Palace Of Opening of E-Bids	Executive Officer Nagar Panchayat Khimsepur, Farrukhabad

(डॉ0 लव कुमार मिश्र)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0

(पुष्पराज सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत खिमसेपुर, फर्रु0

लखनापुर चौराहे पर मौत का तांडवः तेज रफ्तार ब्रेजा ने 4 को कुचला

एक ही रात में दो भीषण हादसे, 6 मौतों से दहला लखीमपुर खीरी

समृद्धि न्यूज़

लखीमपुर खीरी। जिले में सोमवार देर रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों ने छह जिंदगियां छीन लीं और कई परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। फरधान थाना क्षेत्र के बेहजम रोड स्थित लखनापुर चौराहे के पास तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने दो बाइकों को टक्कर मारते हुए चार लोगों को कुचल दिया, जबकि गोला गोकर्णनाथ क्षेत्र में हुए दूसरे हादसे में दादा और पोते की मौत हो गई।

पहली घटना में लाल रंग की ब्रेजा कार (UP31 BC 7888) ने देर रात दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार संभलने तक का मौका नहीं पा सके और कार उन्हें रौंदते हुए आगे निकल गई। हादसे में चारों की मौके पर

ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मोहित शुक्ला (42) पुत्र कमल किशोर, हरिकिशन (40) पुत्र विनोद निवासी सोनौरा थाना नीमगांव, अनुज कुमार (35) पुत्र विजय और आदर्श पुत्र राम सहोदर निवासी बासारा थाना नीमगांव के रूप में हुई है। सभी मृतक आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं और एक शादी समारोह से लौट रहे थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फरधान पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में एक साथ चार मौतों से मातम पसरा हुआ है। परिजनों के मुताबिक अनुज और आदर्श चचेरे भाई थे, जबकि हरिकिशन और हितेश शुक्ला चाचा-भतीजे के रिश्ते में थे। परिजनों ने आरोप लगाया है कि कार चालक नशे में था। उनका कहना है कि वाहन से शराब की बोतल भी बरामद हुई है, जिससे लापरवाही की आशंका और गहरा गई है। उन्होंने आरोपी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। फरधान थाना प्रभारी निरीक्षक राजू राव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। हादसे में कार चालक भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया है। पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई में जुटी है। इस दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी शोक जताया है। उन्होंने अधिकारियों को पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने और मामले में सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

दूसरी घटनाः कोटवारा के पास दादा-पोते की मौत

इसी रात जिले के गोला गोकर्णनाथ थाना क्षेत्र में भी एक और सड़क हादसा हुआ। लखराँवा गांव निवासी रामचंद्र पुत्र प्यारेलाल अपनी पत्नी आशा देवी और पोते आर्यन के साथ बाइक से शादी समारोह से लौट रहे थे। कोटवारा गांव के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान रामचंद्र की मौत हो गई, जबकि पोते आर्यन ने लखनऊ ले जाते समय दम तोड़ दिया। आशा देवी का इलाज जारी है।

दोनों घटनाओं ने जिले में सड़क सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश न लग पाना प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। लगातार हो रहे हादसे इस ओर कड़े कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

गौ सम्मान अभियान रैली में उमड़ा जनसैलाब, सैकड़ों लोगों ने लिया भाग

समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां (खीरी)। पलिया नगर में गौ सम्मान अभियान के तहत एक भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली का नेतृत्व गौरक्षक चिंटू पुरी ने किया। यह विशाल रैली रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख बाजार मार्गों से गुजरते हुए निकाली गई। रैली के दौरान गौ संरक्षण, भारतीय संस्कृति और धार्मिक आस्था से जुड़े नारों एवं संदेशों के माध्यम से लोगों ने गौ माता के सम्मान में अपना समर्थन व्यक्त किया। पूरे नगर में अभियान को लेकर विशेष उत्साह और जनसमर्थन का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पलिया थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच रैली शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई। रैली के समापन के उपरांत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम पलिया की अनुपस्थिति में तहसीलदार को सौंपा गया। ज्ञापन में गौ संरक्षण को सशक्त करने, गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने जैसी प्रमुख मांगें शामिल रहीं।

खबरें एक नजर में

कनेर के फल खाने से महिला की हालत बिगड़ी, भर्ती

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के परसिया कला गांव निवासी महिला ने सोमवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों जहरीले कनेर के फल का सेवन कर लिया जिससे महिला की हालत बिगड़ने पर महिला के परिजनों द्वारा तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है जंहा पर महिला का उपचार किया जा रहा है । थाना क्षेत्र के परसिया कला गांव निवासी रोहित की 28 वर्षीय पत्नी सरोजा देवी ने किसी बात से क्षुब्ध होकर कनेर के फल का सेवन कर लिया जिससे महिला को उल्टी, चक्कर ओर सांस लेने में दिक्कत होने लगी महिला की हालत बिडगने पर परिजनों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है। महिला की हालत में सुधार हुआ है। इस संबंध में चिकित्सक आलोक यादव ने बताया की महिला की कनेर का फल खाने से हालत बिगड़ने पर उसके परिजनों द्वारा उपचार के लिए लेकर आये थे उपचार किया जा रहा है महिला की हालत में सुधार हो रहा है खतरे से बाहर है।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी विवाहिता की मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई विवाहिता के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया है । विवाहिता की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी शिवेश कुमार सिंह की 28 वर्षीय पत्नी पूनम की संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार की सुबह मौत हो गई। विवाहिता को परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा विवाहिता को मृत घोषित कर दिया विवाहिता की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है । इस संबंध में चिकित्सक आलोक यादव ने बताया की विवाहिता को उसके परिजनों द्वारा मृत अवस्था में लेकर आये थे मृत घोषित कर दिया गया है परिजनों द्वारा घर लेकर चले गए है।

चकबंदी अधिकारी की अधिवक्ताओं ने दी विदाई

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)। हलिया ब्लॉक में तैनात चकबंदी अधिकारी हलिया मिथिलेश मिश्रा 30 अप्रैल को सेवानिवृत होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को ब्लॉक सभागार में चकबंदी अधिवक्ता समिति के द्वारा भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बंदोबस्त अधिकारी (एसओसी) चकबंदी अशोक त्रिपाठी रहे अधिवक्ताओं ने अधिकारी के कार्यकाल और व्यवहार की सराहना की। बड़ी संख्या में अधिवक्ता, चकबंदी कर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।अधिवक्ताओं ने क्या कहा चकबंदी अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिकारी ने चकबंदी मामलों का निस्तारण पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया। किसान और अधिवक्ता दोनों को उनका सहयोग मिलता रहा। उनके कार्यकाल में लंबित मामलों में कमी आई अधिवक्ताओं ने अधिकारी को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अधिकारी ने भी अधिवक्ताओं और कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि हलिया में मिला अनुभव हमेशा याद रहेगा।मुख्य अतिथि ने कहा की विभाग में सेवानिवृत होना एक प्रक्रिया है। विदाई समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभु नाथ दुबे व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता जीतेन्द्र बहादुर सिंह ने किया इस दौरान सहायक चकबंदी अधिकारी हलिया हरिशचंद्र पटेल, हथेड़ा श्रवण कुमार प्रजापति, शिव नारायण चौरसिया, अधिवक्ता चंद्र दत्त त्रिपाठी, सुधाकर दुबे, कमलेश मिश्रा, संतोष तिवारी, निहाल खान, लेखपाल अमिताभ यादव, राहुल यादव, ध्रुवराज यादव आदि मौजूद रहे।

मारपीट करने पर पति-पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के महोगढ़ी गांव निवासी मनोज देवी पत्नी राजेश कुमार ने सोमवार की शाम थाने में तहरीर देकर मारपीट करने वाले पति पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गयी। तहरीर में बताया की 26 अप्रैल की शाम लगभग 5 बजे शराब पीकर सुनील व उनकी पत्नी अनीता देवी आये और विवाद कर ईट पत्थर व लाठी डंडे से काफी मारा पीटा जिससे पुरे शरीर में काफी चोटे आई है और हाँथ टूट गया है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया इस संबंध में थानाध्यक्ष ड्रमण्डगंज भारत सुमन ने बताया की महिला की तहरीर पर मारपीट करने वाले पति पत्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

युवती ने फंदा लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)। ड्रमंडगंज क्षेत्र के नौगवां ग्राम पंचायत के अमहा गांव में मंगलवार सुबह कच्चे मकान के बंडेर में संदिग्ध परिस्थितियों में गले में रस्सी का फंदा लगाकर युवती ने जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। अमहा गांव निवासी स्वर्गीय सुखराज कोल की 20 वर्षीया पुत्री सुमन अपने कच्चे मकान के बंडेर में प्लास्टिक की रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के इस कदम से परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे एसआई विनोद कुमार सिंह ने घटना की बारीकी से जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।एसआई विनोद कुमार सिंह ने बताया कि युवती ने कच्चे मकान के बंडेर में प्लास्टिक की रस्सी से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।युवती के मात पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। युवती के चाचा देवनारायण देखभाल करते थे।मृतका तीन बहनों में दूसरे नंबर पर थी। परिजनों ने बताया कि आगामी 13 मई को प्रयागराज जिले के बरमपुर दिघिया गांव में शादी तय हुई थी। युवती ने किन कारणों से फंदा लगाकर जान दी पता नही चल सका।थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि मृतका के चाचा की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की गहनता से जांच की जा रही है।

भटवारी दिघिया गेंहू खरीद केंद्र का एडीसीओ ने किया जांच

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के साधन सहकारी समिति भटवारी दिघिया गेंहू खरीद केंद्र का मंगलवार को एडीसीओ लालगंज रणनेन्द्र द्विवेदी ने केंद्र पर पहुंचकर गेंहू खरीद की जांच किया गेंहू खरीद के संबंध में किसानों से जानकारी लिया जिस पर किसानों ने समिति के सचिव केंद्र प्रभारी रणजीत पटेल द्वारा शासन के मंशानरूप गेंहू खरीद करने की बात बताई है साधन सहकारी समिति गेंहू खरीद केंद्र पर ताला बंद होने की शिकायत मिलने पर उच्च अधिकारियो के निर्देश पर जांच किया गया है केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया गया है की शासन के मंशारूप किसानों से गेंहू की खरीद किया जाय इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की चेतावनी दिया है। इस दौरान कम्प्यूटर आपरेटर अश्विनी, किताब अली सहित किसान मौजूद रहे।

अज्ञात कारणों से घर में लगी भीषण आग, गृहस्थी जलकर खाक

समृद्धि न्यूज, धौरहरा खीरी। थाना खमरिया क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार की दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया, जब महरिया गांव निवासी कन्नौजी कश्यप पुत्र भुरऊ कश्यप के घर में अचानक अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। आग लगते ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और आसपास के ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और घर में रखा समस्त गृहस्थी का सामान उसकी चपेट में आ गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बाल्टी, पाइप आदि के माध्यम से आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही खमरिया पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

निघासन ब्लॉक सभागार में क्षेत्र पंचायत बैठक, 2.47 करोड़ का बजट पेश

समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी। निघासन ब्लॉक सभागार में मंगलवार को क्षेत्र पंचायत की महत्वपूर्ण बैठक ब्लॉक प्रमुख हरप्रीत कौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सड़कों समेत विभिन्न विकास कार्यों के लिए 2.47 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया। इसके साथ ही पंचम राज्य वित्त एवं 15वें केंद्रीय वित्त आयोग के अंतर्गत प्रस्तावित कार्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आगामी कार्ययोजना तय की गई। बैठक को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने बताया कि गत वित्तीय वर्ष में करीब ढाई करोड़ रुपये का बजट प्राप्त हुआ था, जिसके तहत विभिन्न विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। उन्होंने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सैकड़ों पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराए जा चुके हैं। इसके अलावा लघु सिंचाई योजना के तहत क्षेत्र में बोरिंग कराई गई हैं, जिससे किसानों को राहत मिली है। वर्तमान में 8057 लाभार्थी विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। पूर्ति निरीक्षक रामसेवक यादव ने बताया कि क्षेत्र में 9197

अंत्योदय कार्ड धारक एवं 74089 राशन कार्ड धारक पंजीकृत हैं, जिन्हें नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। कृषि विभाग के प्रतिनिधि अंकित वर्मा ने रबी एवं खरीफ फसलों की स्थिति के साथ-साथ फार्मर रजिस्ट्री की अनिवार्यता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बिना रजिस्ट्री के किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत क्षेत्र के करीब 74 हजार किसान लाभान्वित हो रहे हैं। साथ ही यूपी एग्रीदर्शन पोर्टल के माध्यम से किसान कृषि यंत्रों पर सब्सिडी प्राप्त कर सकते हैं। एडीओ राकेश कुमार ने गेहूं खरीद की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 2585 रुपये प्रति कुंतल की दर से खरीद की जा रही है। वर्तमान में सात क्रय केंद्र संचालित हैं तथा चार नए केंद्र खोलने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। समाज कल्याण विभाग के अंकित राना ने दिव्यांग, वृद्धा और विधवा पेंशन योजनाओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना एवं कन्या सुमंगला योजना की विस्तृत जानकारी दी।

ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन, मानदेय वृद्धि समेत कई मांगें उठीं

समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी। मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्यरत ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं और लंबित मांगों को लेकर क्षेत्र के रोजगार सेवकों ने विधायक निघासन के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रोजगार सेवकों ने कम मानदेय, अनियमित भुगतान और सुविधाओं के अभाव को लेकर गंभीर चिंता जताई है।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में ग्राम रोजगार सेवकों को मनरेगा की प्रशासनिक मद से मात्र 7788 रुपये मासिक मानदेय दिया जा रहा है, जो बेहद कम है। रोजगार सेवकों ने शिक्षामित्रों और अनुदेशकों की तर्ज पर अपने मानदेय में वृद्धि किए जाने की मांग उठाई है। उनका कहना है कि प्रशासनिक व्यय आधारित मानदेय व्यवस्था में खामियों के कारण समय

से भुगतान नहीं हो पाता, जिससे आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। रोजगार सेवकों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें ईपीएफ, बोनस और हेल्थ इंश्योरेंस जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। पिछले लगभग 10 वर्षों से मानदेय से ईपीएफ की कटौती किए जाने के बावजूद संबंधित धनराशि यूएएन खातों में जमा नहीं की गई है, जिससे वे इस सुविधा का लाभ लेने से वंचित हैं। इसके अलावा चिकित्सा सुविधाओं के लिए किसी प्रकार का हेल्थ कार्ड भी उपलब्ध नहीं है। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश के कई ग्राम रोजगार सेवकों का 12 से 14 महीनों का मानदेय बकाया है, जिसके चलते उन्हें गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई मामलों में इलाज के अभाव में मौत तक होने की बात भी सामने आई है, जिससे स्थिति की गंभीरता स्पष्ट होती है। ग्राम रोजगार सेवकों ने अपनी प्रमुख मांगों में मुख्यमंत्री द्वारा 4 अक्टूबर 2021 को लखनऊ में आयोजित डिफेंस एक्सपो मैदान में की गई घोषणा के अनुरूप मानव संसाधन नीति (एचआर पॉलिसी) लागू करने की मांग की है। साथ ही न्यूनतम 24 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय निर्धारित करने, मासिक भुगतान के लिए पृथक बजट की व्यवस्था करने तथा बकाया मानदेय का तत्काल भुगतान कराने की मांग उठाई गई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने मांग की कि राज्य रोजगार गारंटी योजना समिति के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों के रूप में उन्हें राज्य स्तर से नियमित मानदेय भुगतान सुनिश्चित किया जाए, ताकि भविष्य सुरक्षित हो सके। रोजगार सेवकों ने विधायक से अनुरोध किया है कि वे उनकी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

मोहिनी एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

समृद्धि न्यूज़, गोला गोकर्णनाथ (खीरी)। नगर के समीपवर्ती ग्राम कंजादेव स्थित प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी के पावन अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य संकीर्तन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और 'हारे के सहारे की जय' व 'खाटू नरेश की जय' के

जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके बाद भजन गायक अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने अपनी मधुर प्रस्तुति से माहौल को भाव-विभोर कर दिया। 'श्याम बंशी बजाते हो या मुझे बुलाते हो' और 'राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली-गली' जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया गया था, वहीं इत्र की सुगंध से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। बाबा खाटू श्याम का भव्य दरबार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मोहिनी एकादशी का व्रत अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर देवताओं की रक्षा की थी।

डीएम ने जनपद के बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण के लिए फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कर की समीक्षा

समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर। जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में जनपद के बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण हेतु फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आहूत की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0ध्रा0 अजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने बाढ़ से सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में बाढ़ के समय बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करके आवश्यक प्रबन्ध एवं कार्यवाही, बाढ़ निरोधक कार्यो पर बाढ़ के समय आवश्यक सामग्री कार्यस्थल पर पहुँचाने हेतु साधन उपलब्ध कराना, बाढ़ निरोधक कार्यो के क्षतिग्रस्त स्थल पर व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करे।

पत्नी के प्रेम संबंध में बना रोड़ा तो रची साजिश

- प्रेमी ने साथी संग मिलकर की गणेश त्रिपाठी की हत्या, मितौली पुलिस ने किया खुलासा

समृद्धि न्यूज़, मितौली-खीरी। थाना मितौली क्षेत्र में 16 अप्रैल को सड़क किनारे संदिग्ध हालात में मिले युवक के शव के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। जांच में यह सनसनीखेज सच सामने आया कि युवक की हत्या उसकी पत्नी के प्रेमी ने अपने साथी के साथ मिलकर की थी। पुलिस ने मृतक की पत्नी समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, 16 अप्रैल की शाम कानाखेड़ा-निमचेना मार्ग पर एक युवक का शव सड़क किनारे मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया था। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में उसकी पहचान सीतापुर जिले के ग्राम निमचेना निवासी करीब 40 वर्षीय गणेश

त्रिपाठी के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, गणेश उसी दिन शाम करीब 4 बजे सरसों पिराई कराने के लिए बाइक से शहीदपुर गया था। लौटते समय उसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में सड़क किनारे मिला। मृतक के भाई संजय त्रिपाठी ने बताया कि शुरू में उन्हें दुर्घटना की सूचना मिली थी, लेकिन मौके की स्थिति देखकर मामला संदिग्ध लगा। गणेश की बाइक और मोबाइल पास में ही पड़े थे, जबकि उसके सिर पर गंभीर चोट और खून बहने के निशान थे। इसी आधार पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र मौके पर पहुंचे और पुलिस ने गहराई से जांच शुरू की। शुरुआत में हादसे और हत्या दोनों एंगल पर काम किया गया, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पूरा मामला साफ कर दिया। रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि गणेश की मौत गोली लगने से हुई थी।

कलेक्ट्रेट परिसर में अवैध कब्जों पर सख्ती, 7 दिन में हटाने का अल्टीमेटम

समृद्धि न्यूज़

प्रतापगढ़। जनपद प्रतापगढ़ में कलेक्ट्रेट परिसर और आसपास के सार्वजनिक स्थलों पर बढ़ते अवैध कब्जों और अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर जिला मजिस्ट्रेट शिव सहाय अवस्थी ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होने बताया है कि कलेक्ट्रेट परिसर में अवस्थित राजकीय भवनों, लैट्रीन की सेप्टिक टैंकों, नवनिर्मित वादकारी शेडो के नीचे बने पार्किंग स्थल तथा परिसर में बाउण्ड्री के पास व अन्य स्थलों पर अनियमित व अनधिकृत रूप से छाजन व गुमटियां आदि रखकर अवैध कब्जा कर लिया गया है तथा आने जाने वाले रास्तो में अनियमित व अनुचित तरीके से वाहन खड़ा कर रास्ता संकुचित कर दिया जाता है जिससे वादकारियों तथा कलेक्ट्रेट में आने वाले जनसामान्य को काफी असुविधा होती है। प्रायः यह देखा जा रहा है कि कलेक्ट्रेट परिसर व सार्वजनिक स्थानो पर अतिक्रमणियों द्वारा किये गये अवैध कब्जे को अब तक हटाने का प्रयास नहीं किया गया है जो अत्यन्त ही आपत्तिजनक एवं चिन्ताजनक है। जिला मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट परिसर में किये गये अनियमित व अवैध कब्जाधारियों एवं अतिक्रमण कर्ताओ को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे 7 दिनों के भीतर स्वयं अपना अतिक्रमण हटा लें और स्थल को खाली कर दें। निर्धारित समयसीमा के बाद यदि कोई कब्जा पाया जाता है, तो प्रशासनिक टीम द्वारा बलपूर्वक हटाने की कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आने वाला खर्च संबंधित अतिक्रमणकारी से ही वसूला जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इसके अलावा वाहन मालिकों को भी सख्त निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें। गलत स्थान पर वाहन खड़ा करने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट ने आम जनता से भी अपील की है कि वे कलेक्ट्रेट परिसर की स्वच्छता और सुचारु व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें, ताकि सभी को बेहतर और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

गलत पार्किंग पर भी होगी कार्रवाई

डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़

प्रतापगढ़। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने पूरेकेशवराय स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईवीएम एवं वीपीपैट वेयरहाउस में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था आदि की जांच की, साथ ही उन्होने सीसीटीवी कैमरों के संचालन एवं उनकी सतत निगरानी की स्थिति की भी जानकारी

प्राप्त की। उन्होने निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करायें। उन्होने ईवीएम एवं वीवीपैट के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

इस दौरान सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया गया कि वीवीपैट एवं ईवीएम वेयरहाउस की निगरानी मुस्तैदी के साथ करते रहे। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत राय उपस्थित रहे।